R.N.I. No.UPHIN/2010/39063

वर्ष : 11
अंक : 252
पृष्ठ : 8
मूल्य - 2 रुपये

हिन्दी दैनिक

# सिन्धु टाइम्स

सिन्ध सदियों से हमारे देश की पहचान है, यह नदी गुज़रे जहां से समझो हिन्दुस्तान है।



3 कोविड नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा अपनायी गयी रणनीति रही कारगरः योगी

लखनऊ, शुक्रवार, 25 जून 2021

आसमान छूती महंगाई ने तोड़ दी आम लोगों की कमरः सोनिया 8

## सुरेश खन्ना की नसीहत झूठ बोलना बंद करे अखिलेश

### कहा, सरकार पर झूठे आरोप लगाने से कोई नेता जनता का भला नहीं करता है



**लखनऊ,ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव को झूठ बोलने से परहेज करने की सलाह दी है।

उन्होने कहा कि सरकार पर झूठे आरोप लगाने से कोई नेता जनता का भला नहीं करता है। जनता भी झूठ बोलने वाले नेता को पसंद नहीं करती करती है। इसीलिए बेहतर यही है कि अखिलेश यादव रोज प्रदेश सरकार पर झूठा आरोप लगाने की राजनीति करना बंद करें। सपा नेता को शायद यह पता नहीं है कि सूबे की जनता उसी को नेता मानती है जो उसके दुखदर्द की चिंता करता हो, गांवों में लोगों सी दिक्कतों को दूर करने के लिए जाता हो। ऐसे नेता के साथ वह साथ नहीं देती जो कोरोना के भय से अपने घर के बाहर ही निकलने से डरता हो।

अखिलेश के बयान कि भाजपा की अदूरदर्शी कुनीतियों के कारण बेरोजगारी ने भी अपना विकराल रूप दिखाया है को लेकर कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि श्री यादव राज्य के मुख्यमंत्री रहे हैं लेकिन वह झूठ बोलते हैं। बिना तथ्यों की पड़ताल किए हुए सार्वजनिक बयान देते हैं। उन्हें मालूम होना चाहिए कि इन्वेस्टमेंट मीट के दौरान उत्तर प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए देश तथा विदेश के बड़े-बड़े निवेशकों से 1045 निवेश प्रस्ताव मिले थे, इन निवेश प्रस्तावों के जरिए राज्य में 4.28 लाख करोड़ रुपए का निवेश होना था जिसमें 215 उद्योगपतियों ने 51,240.25 करोड़ रुपए का निवेश कर अपने उद्यम लगा दिए हैं जबकि 37,478.63 करोड़ रुपए का निवेश कर लगाए जा रहे 130 उद्यमों में इस वर्ष उत्पादन शुरू हो जाएगा और 86,842.89 करोंड रुपए की लागत से लगाए जाने वाले 449 उद्यमों के निर्माण का कार्य इसी वर्ष शुरू होगा। इसलिए अखिलेश यादव को इन सारे तथ्यों की जानकारी करके ही बयान देना चाहिए।

खन्ना ने कहा कि निवेश संबंधी आकड़े सपा अध्यक्ष औद्योगिक विकास विभाग से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ऐसा करने पर उन्हें पता चलेगा कि जो उद्योगपति सपा सरकार के गुंडाराज से आजिज होकर यूपी में निवेश नहीं कर रहे थे, वही उद्योगपति योगी सरकार की नीतियों तथा सरकार के प्रयासों से राज्य में खुशी - खुशी निवेश कर रहें हैं। नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, गोरखपुर, आजमगढ़, हरदोई, लखनऊ सहित यूपी के तमाम जिलों में जाकर देखे कि सैमसंग, आइका, ब्रिटानिया, डिक्सोन जैसी कितनी बड़ी -बड़ी कंपनियों ने अपनी यूनिट राज्य में लगा ली है।

## जेल में महिला बंदियों के बच्चों को मिले बेहतर शिक्षाः योगी

**लखनऊ ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जेल में निरुद्ध महिला बंदियों के बच्चों की बेहतर व्यवस्था एवं शिक्षा के निर्देश दिए।

अपने सरकारी आवास पर जेल मैनुअल के संशोधित ड्राफ्ट के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण के दौरान श्री योगी ने गुरूवार को कहा कि कारागारों में बंदियों के व्यवहार में व्यापक सुधार के प्रयास किए जाने चाहिए। बंदियों को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ते हुए उनके लिए कौशल विकास के कार्यक्रम संचालित किए जाएं ताकि जेल से छूटने के बाद वे सही सोच के साथ सामान्य जीवन जी सकें।उन्होंने कहा कि शातिर अपराधियों के साथ कोई रियायत न बरती जाए। जेलों में बंद घोर अपराधियों की श्रेणी तय करते हुए इनके साथ कठोरता से पेश आया जाए। यह अपराधी आतंकवादी, माफिया और महिलाओं के विरुद्ध अपराध करने वाले व्यक्ति हो सकते हैं। उन्होंने जेल के अंदर बंदियों की सुरक्षा तथा प्रभावी जेल प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने जेल के अंदर बंदियों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से करने के निर्देश भी दिए।अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने जेल मैनुअल में संशोधन की आवश्यकता/औचित्य, संशोधनों के मुख्य आधार तथा प्रस्तावित संशोधनों के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

### संक्षिप्त- समाचार

#### आतंकी साजिश रचने के आरोप में चार हिरासत में

**नयी दिल्ली वार्ता।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने राजधानी में आंतकी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बनाने के आरोप में चार लोगों को कारगिल से हिरासत में लिया है।पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आज बताया कि उनकी टीम ने केंद्रीय एजेन्सी और कारगिल पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान के तहत चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए यहां लाया है। इनकी पहचान नाजिर हुसैन, ज़ुल्फ़िकार अली वज़ीर, अयाज़ हुसैन तथा मुजम्मिल हुसैन के रूप में हुई है। ये लोग राष्ट्रीय राजधानी में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने योजना बना रहे थे। सभी कारगिल ज़िले के थांग गांव के निवासी हैं।

#### बैंक धोखाधड़ी मामले में दिल्ली, गुरुग्राम, मुंबई में सीबीआई के छापे

**नयी दिल्ली वार्ता।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) 2435 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी मामले में दिल्ली के उद्योगपति गौतम थापर सहित कई अन्य के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है तथा कंपनी के दिल्ली, गुरुग्राम और मुंबई स्थित परिसरों पर छापेमारी की है।सीबीआई प्रवक्ता आर सी जोशी ने गुरुवार को बताया कि जांच एजेंसी ने भारतीय स्टेट बैंक की शिकायत पर मुंबई स्थित निजी कंपनी मेसर्स सी जी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशन लिमिटेड, उसके तत्कालीन मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) गौतम थापर, तत्कालीन मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक के. एन. नीलकंठ तथा तत्कालीन ईडी एवं सीएफओ माधव आचार्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।एसबीआई की ओर से दी गयी शिकायत के अनुसार निजी कंपनी ने स्टेट बैंक के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम को 2435 करोड़ रुपये का चूना लगाया है। इस कंसोर्टियम में स्टेट बैंक के अलावा महाराष्ट्र बैंक, एक्सिस बैंक, यस बैंक, कॉरपोरेशन बैंक, बार्कलेज बैंक, इंडसइंड बैंक आदि बैंक शामिल हैं। एसबीआई की शिकायत फॉरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर की गयी है।

#### दिल्ली में वायु प्रवाह का पूर्वानुमान

**नयी दिल्ली वार्ता।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में शुक्रवार को वायु गुणवत्ता के मध्यम स्तर के आसपास रहने की संभावना है। तेज़ और शुष्क हवाएँ धूल के कणों को बढ़ाएँगी और धूल की वजह से इन हवाओं के साथ राष्ट्रीय राजधानी के ऊपर पीएम-10 (पर्टिकुलेट मैटर) का स्तर बढ़ेगा और वायु गुणवत्ता में गिरावट आएगी।

भारत मौसम विभाग के अनुसार वायु गुणवत्ता में शनिवार को कुछ सुधार हो सकता है लेकिन यह मध्यम से संतोषजनक स्तर के बीच ही बनी रहेगी और अगले पांच दिनों के दौरान वायु गुणवत्ता के मुख्यत- संतोषजनक से मध्यम स्तर के बीच रहने का अनुमान है।

दिल्ली में गुरूवार रात में बादलों की गर्जना के साथ वर्षा भी हो सकती है और शुक्रवार को पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी दिशा से 12 से 24 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चल सकती हैं।

### मोदी ने जम्मू कश्मीर के राजनीतिक दलों के साथ प्रधानमंत्री निवास पर चली बैठक

## जम्मू कश्मीर में जमीनी लोकतंत्र के लिए मोदी ने मांगा राजनीतिक दलों का साथ



**नयी दिल्ली वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि जम्मू कश्मीर में लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक ले जाने के लिए सभी राजनीतिक दलों को मिलकर काम करना होगा जिससे कि वहां का चहुमुखी विकास हो सके।

श्री मोदी ने जम्मू कश्मीर के राजनीतिक दलों के साथ आज यहां प्रधानमंत्री निवास पर करीब साढे तीन घंटे तक चली बैठक के दौरान यह बात कही।

प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डा जितेन्द्र सिंह ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि जम्?मू-कश्मीर के सभी राजनीतिक दलों के साथ हुई चर्चा जम्मू-कश्मीर के विकास और लोकतंत्र को मजबूती देने की दिशा में बहुत ही सकारात्मक प्रयास है। उन्होंने कहा , बैठक बहुत ही अच्छे वातावरण में हुई। सभी ने भारत के लोकतंत्र और भारत के संविधान के प्रति पूरी निष्ठा जताई। गृहमंत्री जी ने जम्मू-कश्मीर की स्थिति, परिस्थिति और बेहतर होते हालात से सभी नेताओं को परिचित कराया। प्रधानमंत्री जी ने पूरी गंभीरता के साथ हर पक्ष, हर तर्क, हर सुझाव को सुना और उन्होंने इस बात को सराहा कि सभी जनप्रतिनिधियों ने खुले मन से अपनी-अपनी बात रखी।

डा सिंह ने कहा कि बैठक में प्रधानमंत्री ने दो बड़ी बातों पर विशेष जोर दिया। पहला जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक तक ले जाने के लिए सबको मिलकर काम करना होगा। दूसरा, जम्मू-कश्मीर में चहुमुखी विकास हो, हर इलाके, हर समुदाय तक विकास पहुंचे, इसके लिए साझेदारी हो और जनभागीदारी का एक माहौल बनाकर रखना जरूरी है।

राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस बात को भी रखा कि जम्मू-कश्मीर में पंचायती राज से लेकर दूसरे स्थानीय निकायों से जुड़े सभी चुनाव सफलतापूर्वक हो चुके हैं। सुरक्षा से जुड़े हालात भी बेहतर हो रहे हैं। पंचायत चुनावों के बाद करीब बारह हजार करोड़ रुपये सीधे-सीधे पंचायतों के पास पहुंचे हैं। इससे गांव में विकास की रफ्तार को गति मिली है। जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जुड़े अगले महत्वपूर्ण कदम, यानि विधानसभा चुनाव की तरफ हमें मिलकर जाना है। इसके लिए डिलिमिटेशन की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करना होगा। ताकि हर क्षेत्र, हर वर्ग को पर्याप्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व विधानसभा में प्राप्त हो सके। विशेष रूप से दलितों, पिछड़ों, जनजाति क्षेत्रों के साथियों को एक उचित प्रतिनिधित्व देना आवश्यक है।

डा सिंह ने कहा कि डिलिमिटेशन की इस प्रक्रिया में सभी की हिस्सेदारी हो, इसको लेकर बैठक में विस्तार से बातचीत हुई। बैठक में मौजूद सभी दलों ने इस प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए सहमति जताई है। बैठक में प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि जम्मू-कश्मीर को शांति और समृद्धि के पथ पर ले जाने के लिए ऐसे ही सभी पक्षों को मिलकर साथ चलना होगा। उन्होंने कहा आज जम्मू-कश्मीर हिंसा के कुचक्र से बाहर निकल कर स्थिरता की तरफ बढ़ रहा है। जम्मू-कश्मीर की जनता में एक नयी आशा जगी है, नया आत्मविश्वास आया है। हमें इस आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए, इस भरोसे को और मजबूत करने के लिए दिन-रात मेहनत करनी होगी, साथ मिलकर काम करना होगा। आज की यह बैठक जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को मजबूती देने और जम्मू-कश्मीर के विकास और समृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। मैं आज की इस बैठक में शामिल होने के लिए सभी राजनीतिक दलों का आभार प्रकट करता हूँ।

#### मोदी ने सभी दलों से परिसीमन प्रक्रिया में शामिल होने की अपील की

**नयी दिल्ली वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि केन्द्र सरकार जम्मू कश्मीर में जल्द ही विधानसभा चुनाव कराकर निर्वाचित सरकार की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन इसके लिए पहले सभी दलों को परिसीमन प्रक्रिया में खुलकर हिस्सा लेना चाहिए जिससे कि इस काम को अच्छी तरह अंजाम दिया जा सके।श्री मोदी ने जम्मू कश्मीर के सियासी भविष्य के संबंध में वहां के राजनीतिक दलों के साथ प्रधानमंत्री निवास पर लगभग साढे तीन घंटे तक चली बैठक के दौरान यह बात कही। बैठक में आठ राजनीतिक दलों के 14 नेताओं ने हिस्सा लिया।

गृह मंत्री अमित शाह ने भी बैठक में कहा कि केन्द्र सरकार अपने वादे के अनुसार जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन इससे वहां परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विधानसभा चुनाव कराये जायेंगे।सूत्रों के अनुसार बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई और प्रधानमंत्री ने सभी नेताओं से खुलकर अपनी बात रखने को कहा। सभी नेताओं ने अपने अपने मुद्दे बैठक में रखे प्रधानमंत्री ने धैर्य के साथ उनकी बात सुनी और कहा कि वह सभी बातों पर गंभीरता के साथ विचार करेंगे। उन्होंने सभी दलों से अपील की कि वे परिसीमन प्रक्रिया में हिस्सा लें और जितनी जल्दी यह प्रक्रिया पूरी होगी उतनी जल्दी ही राज्य में निर्वाचित सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली और दिल की दूरी नहीं रहनी चाहिए।प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार जम्मू कश्मीर में विकास के प्रति वचनबद्ध है और वह केन्द्र शासित प्रदेश को देश के साथ विकास के पथ पर आगे बढाने के लिए हर संभव कदम उठायेगी।

बैठक के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने कहा कि लगभग सभी नेताओं ने राज्य में जल्द से जल्द चुनाव कराने और जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग की।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बैठक में मुख्य रूप से पांच मांगे रखी जिनमें पूर्ण राज्य का दर्जा देना सबसे प्रमुख है। पार्टी का कहना है कि अभी जम्मू कश्मीर और सीमा पर स्थिति शांत है इसलिए चुनाव कराने का अनुकूल माहौल है। साथ ही पार्टी ने जम्मू कश्मीर के लोगों को पहले की तरह जमीन और रोजगार की गारंटी देने तथा 30 वर्षों से बाहर रह रहे कश्मीरी पंडितों की वापसी तथा उनके पुनर्वास की मांग की।

## केन्द्र जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए प्रतिबद्ध: शाह

**नयी दिल्ली वार्ता।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि केन्द्र सरकार जम्मू कश्मीर के चहुमुखी विकास और उसे पूर्ण राज्य का दर्जा देने के प्रति वचनबद्ध है।श्री शाह ने आज यहां जम्मू कश्मीर के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बुलायी गयी वहां के नेताओं की सर्वदलीय बैठक के बाद यह बात कही।

श्री शाह ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा , जम्मू कश्मीर पर आज की बैठक बहुत खुशनुमा माहौल में हुई । सभी ने लोकतंत्र और संविधान के प्रति अपनी वचनबद्धता व्यक्त की। जम्मू कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने की बात भी जोर देकर कही गयी। हम जम्मू कश्मीर के चहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा , बैठक में जम्मू कश्मीर के भविष्य पर चर्चा की गयी और यह कहा गया कि परिसीमन प्रक्रिया तथा शांतिपूर्ण चुनाव पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किये जाने के महत्वपूर्ण पड़ाव हैं जिसका संसद में आश्वासन दिया गया था।

## भाजपा- मोदी की आलोचना करते- करते देश की आलोचना शुरू कर देती है कांग्रेस



**नयी दिल्ली वार्ता।** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा है कि कांग्रेस का इतना पतन हो गया है कि वह भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना करते- करते देश की आलोचना शुरू कर देती है।

मध्य प्रदेश भाजपा इकाई की कार्यसमिति की बैठक को गुरुवार को आभासी माध्यम से संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ की आलोचना की और कहा, श्री कमलनाथ ने बयान दिया था कि भारत महान कहाँ है, भारत तो बदनाम है, यह अत्यंत निंदनीय है। आपको भाजपा का विरोध करना है तो कीजिये लेकिन देश को क्यों बदनाम करते हैं।

उन्होंने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के बयान का ज़िक्र करते हुए कहा श्री सिंह क्लब हाउस पर अनुच्छेद 370 और 35ए के बारे में क्या सोचते हैं, वह पूरे देश ने सुना है। जिस अनुच्छेद 370 और 35ए को कांग्रेस हटा नहीं पाई, उसे श्री मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति ने धाराशायी कर दिया और जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बना। आज जम्मू-कश्मीर पर प्रधानमंत्री बैठक कर रहे हैं और वहां विकास की धारा बहनी शुरू हो गई है, लेकिन श्री सिंह जैसे कांग्रेसी नेताओं को इसका दु:ख हो रहा है।

विपक्ष पर हमला करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा, पिछले डेढ़ वर्षों से लगभग सारी विपक्षी पार्टियां क्वारंटीन हो गई हैं, आइसोलेशन और आईसीयू बेड तक पहुँच गई हैं। इन विपक्षी पार्टियों के नेता बस ट्विटर पर या एकतरफा आभासी संवाददाता सम्मेलन करते हुए दिखाई देते हैं जबकि भाजपा के कार्यकर्ता 'सेवा ही संगठन अभियान के तहत जन-जन की सेवा में लगे हैं। उन्होंने कहा कोविड के खिलाफ लड़ाई में श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा साधक के रूप में काम कर रही है तो विपक्षी पार्टियां मानवता की सेवा की राह में बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। केंद्र सरकार ने जिस तरह से 130 करोड़ देशवासियों की रक्षा के लिए कदम उठाये, उसकी पूरे विश्व ने मुक्त कंठ से सराहना की। स्वास्थ्य सुविधाओं के आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भारत ने एक वर्ष में अभूतपूर्व प्रगति की। ऑक्सीजन की कमी होने पर एक सप्ताह में ही ऑक्सीजन का उत्पादन 900 मीट्रिक टन से 9,000 मीट्रिक टन से अधिक हो गया।

## कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर ग्राम प्रधान करें सहयोग : योगी

**लखनऊ ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनियुक्त ग्राम प्रधानो से कोरोना वैक्सीनेशन और संक्रामक बीमारियों के प्रतिग्रामीण आबादी में जागरूकता फैलाने के लिये सहयोग मांगा है।श्री योगी ने सभी ग्राम प्रधानो को पत्र लिख कर अपील की है कि वे ' मेरा गांव-कोरोना मुक्त गांव' के ध्येय को साकार करने के लिये सक्रिय योगदान करें। उन्होने कहा कि कोरोना महामारी की दूसरी लहर को गांव में नियंत्रित करने के लिये निगरानी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अब संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिये टीकाकरण अभियान की गति को तेज करने की जरूरत है।



उन्होने कहा कि ग्राम प्रधान निगरानी समितियों से समन्वय स्थापित कर न सिर्फ कोरोना बल्कि जेई और एईएस समेत अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिये गांवों में विशेष सफाई,स्वच्छता एवं फागिंग अभियान को अपने निर्देशन में आयोजित करें और शुद्ध पेयजल की जरूरत के संबंध में लोगों को जागरूक करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम प्रधान कोरोना से बचाव के लिये जरूरी टीकाकरण के संबंध में जन सामान्य को प्रेरित करें और उनकी शंकाओं का समाधान करें। 27 जून से निगरानी समितियों के माध्यम से कोरोना के लक्षणयुक्त बच्चों की पहचान कर विशेष कोरोना मेडिसिन किट का वितरण करें।

ग्राम प्रधान वृक्षारोपण के महा अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और गांव की हर उपयुक्त एवं खाली जमीन पर वृक्षारोपण की प्रक्रिया को आगे बढायें।

## नए सत्र से मोबाइल एप पर पढ़ेंगे मदरसा छात्र



**लखनऊ ब्यूरो।** मदरसों के आधुनिकीकरण की कवायद के तहत उत्तर प्रदेश सरकार ढ़ाई लाख से अधिक छात्रों को बड़ी राहत देने की तैयारी में हैं। नए सत्र से मदरसा बोर्ड के छात्र भी मोबाइल एप के जरिए पढ़ाई कर सकेंगे।

मदरसा बोर्ड के सदस्?य जिरगामुद्दीन ने गुरूवार को बताया कि मोबाइल एप तैयार करने का प्रस्ताव बोर्ड को भेज दिया गया है। बोर्ड परीक्षाफल घोषित होने के बाद मोबाइल एप तैयार कराने का काम किया जाएगा। बोर्ड पूरी कोशिश करेगा कि नए सत्र से छात्र मोबाइल एप पर अपनी पढ़ाई कर सके।


श्री जिरगामुद्दीन ने बताया कि प्रदेश में 558 अनुदानित मदरसे और करीब 17 हजार निजी मदरसे संचालित हो रहे हैं। इसमें करीब ढ़ाई लाख से अधिक छात्र पढ़ रहे हैं। सरकार लगातार मदरसा छात्रों को बेहतर शिक्षा मुहैया कराने के प्रयास कर रही है। इसी वजह से इस सत्र में मदरसों में ऑनलाइन शिक्षा दिए जाने का काम शुरू किया गया है। इसके लिए मदरसा शिक्षको को ऑनलाइन ही मदरसा बोर्ड की निगरानी में प्रशिक्षित कराया जा रहा है। ट्रेनिंग प्रोग्राम में कई एक्सपर्ट भी शामिल किए गए हैं। शिक्षकों को ऑनलाइन शिक्षा को प्रभावी कैसे बनाया जाए इन बातों को बताया जा रहा है। मोबाइल एप को बनवाकर इसी सत्र से बच्चों की पढ़ाई कराई जाना थी लेकिन कोविड संक्रमण के चलते अब छात्र नए सत्र से मोबाइल एप पर पढ़ाई कर सकेंगे।

उत्तर प्रदेश राज्य भाषा समिति के सदस्य दानिश आजाद बताते हैं कि मदरसा बोर्ड के सहयोग से शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पहले चरण में 15 दिन का ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाया गया था। इसमें आईआईटी, आईआईएम व विभिन्न विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने एक हजार से अधिक मदरसा शिक्षकों को ऑनलाइन पढ़ाई कैस कराई जाए , इसकी ट्रेनिंग दी गई है जबकि दूसरे चरण मे शेष शिक्षकों को ट्रेनिंग देने का काम किया जाएगा।

गौरतलब है कि मदरसा छात्रों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए मदरसों में एनसीईआरटी के सिलेबस को लागू किया गया, ताकि मदरसा छात्र दीनी तालीम के साथ आधुनिक शिक्षा हासिल कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें। चार सालों में मदरसा बोर्ड की परीक्षाओं को नियमित किया गया। सरकार ने नई व्यवस्था के तहत जमीन पर बैठ कर परीक्षा देने वाले छात्रों को कुर्सी मेज मुहैया कराई। मदरसों के आधुनिकीकरण के लिए इस वित्तीय बजट में 479 करोड़ रुपए का प्रस्ताव रखा गया है। जो पिछली सरकारों से कई गुना अधिक है।

श्री आजाद ने बताया कि प्रदेश में 558 अनुदानित मदरसे और करीब 17 हजार निजी मदरसे संचालित हो रहे हैं। मदरसा छात्रों का राहत देने के लिए उनका सिलेबस कम किया गया। पहले छात्रों को 12 से 15 किताबों से पढ़ाई करना पड़ती थी लेकिन सिलेबस कम हो गया है, सिर्फ 7 से 8 किताबों को लागू किया गया। जो पेपर लम्बे-लम्बे आते थे, उनको सेक्शन में बांट कर छोटा किया गया। इससे छात्रों को काफी सहूलियत हुई है।

# डेल्टा प्लस संक्रमण को लेकर यूपी सतर्क



**लखनऊ संवादाता।** देश के कई राज्यों में कोविड के नये वैरिएंट 'डेल्टा प्लस' संक्रमण के नये मामले मिलने से सतर्क उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य विशेषज्ञों को जरूरी रणनीति बनाने के निर्देश दिये हैं।

श्री योगी ने गुरूवार को गुरूवार को कोविड-19 प्रबंधन के लिये गठित टीम-09 की बैठक में कहा देश के कई राज्यों में कोविड का नया वैरिएंट 'डेल्टा प्लस' संक्रमण के मरीज सामने आए हैं। हमें विशेष सतर्कता बरतनी होगी। राज्य स्तरीय स्वास्थ्य विशेषज्ञ परामर्शदाता समिति से संवाद करते हुए आवश्यक रणनीति तय की जाए।

उन्होने कहा उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे प्रदेश में डेल्टा प्लस वैरिएंट की पुष्टि को देखते हुए निकटस्थ जिलों से सैम्पल लेकर जीनोम सिक्रेंसिंग कराई जानी चाहिए। जीनोम सिक्रेंसिंग के लिए केजीएमयू, लखनऊ में आवश्यक सुविधाएं यथाशीघ्र मुहैया कराई जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 229 नए मामले सामने आये है जबकि 308 लोग स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। प्रदेश में फिलहाल 3,552 संक्रमित मरीजों का इलाज हो रहा है। उन्होने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाले प्रदेश में महामारी पर नियंत्रण, बेहतर टीमवर्क का परिणाम है। लगातार नियोजित कोशिशों से अब ज्यादातर जिलों में संक्रमण के नए मामले नहीं मिल रहे, तो कई जिलों में नए केस इकाई में आ रहे हैं।बीते 24 घंटे में दो लाख 71 हजार से अधिक सैम्पल टेस्ट हुए और 20 जिलों में एक भी संक्रमित मरीज नहीं मिला, जबकि 49 जिलों में इकाई अंक में संक्रमित पाए गए। छह जिले में दो अंकों में कोरोना मरीज पाए गए। प्रदेश की टेस्ट पॉजिटिविटी दर लगातार एक फीसदी से कम बनी हुई है। बुधवार को पॉजिटिविटी दर 0.08 फीसदी रही।

उन्होने बताया कि पिछले 24 घंटे में 229 नए केस आए और 308 लोग स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। वर्तमान में प्रदेश में कुल 3,552 संक्रमित मरीजों का इलाज हो रहा है। जबकि, 2149 लोग होम आइसोलेशन में उपचाराधीन हैं। प्रदेश में कोविड रिकवरी दर 98.5 फीसदी हो गई है। अब तक 05 करोड़ 62 लाख 71 हजार 231 कोविड टेस्ट हो चुके हैं और उपचारित होकर स्वस्थ होने वालों को संख्या 16 लाख 79 हजार से अधिक हो गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा जून के लिए हमने एक करोड़ वैक्सीन का लक्ष्य रखा था और 23 जून तक 97 लाख लोगों को टीका-कवर दिया जा चुका है। 21 से 30 जून तक हर दिन न्यूनतम 06 लाख वैक्सीन लगाने का लक्ष्य भी पूरा हो रहा है। बुधवार भी सात लाख 84 हजार लोगों का टीकाकरण किया गया, इसमें 5 लाख 27 हजार केवल 18-44 आयु वर्ग के लोग थे। अब तक प्रदेश में 02 करोड़ 80 लाख से अधिक वैक्सीन डोज लगाई जा चुकी है। 41 लाख 42 हजार से अधिक लोग टीके के दोनों डोज प्राप्त कर चुके हैं। 01 जुलाई से हर दिन न्यूनतम 10 लाख लोगों को टीका-कवर प्रदान करने के लक्ष्य के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं।

उन्होने कहा कि कोविड की तीसरी लहर की आशंका देखते हुए सभी जरूरी प्रयास यथाशीघ्र पूरी की जाए। पीकू/नीकू की स्थापना की कार्यवाही तेज हो। बाइपैक मशीन, पीडियाट्रिक आईसीयू, मोबाइल एक्सरे मशीन सहित सभी जरूरी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। इनके निर्माता कम्पनियों से सीधे संवाद होना चाहिए। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के पहले चरण का कार्य पूरा हो चुका है। इनके माध्यम से अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित किया जाए। पीडियाट्रिक विशेषज्ञ हो, नर्सिंग स्टाफ हो अथवा तकनीशियनों की जरूरत, जिलावार स्थिति का आकलन करते हुए पर्याप्त मानव संसाधन की व्यवस्था कराएं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के परामर्श के अनुसार सभी जरूरी उपयोगी दवाओं की खरीद कर ली जाए। अगले एक पखवारे के भीतर यह सभी कार्य पूरे कर लिए जाएं।

## पच्चीस हजार के इनामी समेत पांच लूट के आरोपियों पर लगा गैंगस्टर

**जौनपुर संवादाता।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर के महराजगंज थाना क्षेत्र के लमहन गांव में स्थित धनदेई पेट्रोल पंप पर 14 मई को हुई लूट के पच्चीस हजार के इनामी सहित पांचों आरोपितों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है।पुलिस ने अब इनके शरणदाताओं पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण त्रिभुवन सिंह ने यहां कहा कि पेट्रोल पंप लूट कांड में शामिल प्रतापगढ़ जनपद के आसपुर देवसरा थानांतर्गत तुरकौली निवासी विश्वजीत उर्फ जीतू एवं चंदन जायसवाल, सुल्तानपुर जनपद के चांदा थानांतर्गत सोनांवा निवासी बलजीत यादव, श्याम सिंह यादव एवं अनिल पाल के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है।उन्होंने कहा कि थानाध्यक्ष महराजगंज संतोष कुमार राय ने गिरोह बंद समाज विरोधी क्रिया-कलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत भी कार्रवाई कर दी है।

## उन्नाव रेप पीड़िता ने अरूण सिंह की उम्मीदवारी पर जताया विरोध

**उन्नाव संवादाता।** उन्नाव के बांगरमऊ में 2017 में चर्चित सामूहिक बलात्कार कांड के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के करीबी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष का उम्मीदवार बनाये जाने पर बलात्कार पीड़िता ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिख कर विरोध जताया है।

बलात्कार पीड़िता ने गुरूवार को वीडियो जारी कर अपनी पीड़ा व्यक्त की है। उसने कहा कि भाजपा ने उन्नाव से जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिये अरूण सिंह को उम्मीदवार बनाया है जो रेप कांड के आरोपी कुलदीप सिंह सेंगर के करीबी है। पीड़िता का आरोप है कि अरूण सिंह भी बलात्कार में शामिल था बल्कि उसके पिता की हत्या में भी वह



नामजद हैं।

उसने कहा कि भाजपा उन लोगों को टिकट दे रही है जो उसे जान से मारना चाहते हैं। गौरतलब है कि उन्नाव भाजपा के जिला पंचायत राज किशोर रावत ने नवाबगंज के पूर्व ब्लॉक प्रमुख और औरास द्वितीय से निर्वाचित अरुण सिंह को जिला पंचायत अध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित किया है।

इस बारे में पार्टी के जिलाध्यक्ष राज किशोर रावत ने यूनीवार्ता से कहा कि पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर अरूण सिंह को टिकट दिया गया है। वह क्षेत्र में लोकप्रिय है और जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीते है। भाजपा में हर काम पार्टी गाइडलाइन के अनुसार होता है और इसी नाते बुधवार देर रात उन्होने ट्वीट कर उन्हे प्रत्याशी घोषित किया है। हालांकि रेप पीडिता का वायरल वीडियो उनके संज्ञान में नहीं है। इसलिये इस बारे में वह कोई बयान देने के असमर्थ हैं।

इससे पहले भाजपा ने पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की पत्नी संगीता सेंगर को जिला पंचायत सदस्य का उम्मीदवार बनाया था हालांकि बाद में किरकिरी होने पर यह टिकट काट दिया गया था। संगीता सेंगर को वार्ड नंबर 22 फतेहपुर चौरासी तृतीय से प्रत्याशी घोषित किया गया था।

2017 के उन्नाव रेप केस में गिरफ्तार कुलदीप सिंह सेंगर को उम्र कैद की सजा सुनाई गयी थी।

## धर्मांतरण कराने वालों पर की जा रही है रासुका के तहत कार्रवाई:सिद्धार्थ नाथ

**गोंडा, संवादाता।** उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिला प्रभारी मंत्री व काबीना मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह नें कहा कि योगी सरकार धर्मांतरण कराने वालों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई कर रही है।

श्री सिंह ने आज यहां करनैलगंज तहसील क्षेत्र के सरकारी अस्पताल व खंड विकास कार्यालय का निरीक्षण कर विकास कार्यों की समीक्षा के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। धर्मांतरण के सवाल पर उन्होंने कहा इस मामले में सरकार सख्त है और हाल ही में एटीएस ने दो लोगों को पकड़ा है और उनके विरुद्ध रसुका के तहत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण कराने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून अपना



काम कर रहा है, इसमें सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

करनैलगंज के खंड विकास कार्यालय में समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को लंबित पड़ी परियोजनाओं को शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया। साथ ही सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिये अधिकारियों के पेच कसे। जिला प्रभारी मंत्री नें करनैलगंज पहुंच कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया और वैक्सीनेशन सेंटर का जायजा लिया। अस्पताल में नजर आई कमियों को शीघ्र ही दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को वैक्सीनेशन कराया जाए।उन्होंने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने महिला लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास के प्रमाण पत्र भी सौंपे व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में योगदान करने की अपील की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की अपील की।

## भू-माफिया भाईयो की गैंगस्टर एक्ट के तहत संपत्ति कुर्क

**सहारनपुर, संवादाता।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में पुलिस-प्रशासन ने भू-माफिया हिस्ट्रीशीटर विनोद शर्मा और उसके भाई दिनेश शर्मा की गैंगस्टर एक्ट के तहत आज दूसरे दिन भी चल-अंचल संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई जारी रही।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. एस चनप्पा ने यहां बताया कि विनोद शर्मा के बसंत विहार वाले मकान में रह रहे परिजनों को बाहर निकालकर कानूनी कार्रवाई करते हुए मकान को सील कर दिया गया। मकान के बाहर प्रशासन ने अपने कब्जे को दर्शाने वाला साइन बोर्ड लगा दिया।

उन्होंने बताया कि कस्बा देवबंद में सीओ रजनीश उपाध्याय ,तहसील देवबंद हर्ष चावला, देबबंद कोतवाल अशोक सोलंकी ने पुलिस बल के साथ देवबंद बस अड्डे के पास विनोद शर्मा की संपत्ति को कुर्क कर लिया। उन्होंने बताया कि विनोद शर्मा की सहारनपुर सदर बाजार थाने में वर्ष 2005 हिस्ट्रीशीट खोली गई। उसका हिस्ट्रीशीट नंबर 26 है।

उसके भाई दिनेश शर्मा का हिस्ट्रीशीट 28 है।

श्री चनप्पा ने बताया कि इनकी हिस्ट्रीशीट वर्ष 2006 में खुली थी। विनोद शर्मा राजीतिक दलों के साथ-साथ ब्राह्मण समाज के बैनर तले समाज में सक्रियता रखता हैं। उनके खिलाफ की गई कार्रवाई का किसी भी स्तर से कोई विरोध सामने नहीं आया। ब्राह्मण नेताओं का भी कहना है कि ये लोग भूमाफिया हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में भूमाफियाओं और गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध 15 अपराधियों की फाइल पर सुनवाई करके जिलाधिकारी अखिलेश सिंह ने कुर्की के आदेश जारी कर दिए हैं, जिन पर पुलिस विभाग जल्द ही कार्रवाई करेगा।

## जाली नोटों का धंधा करने वाले चार गिरफ्तार,दो लाख नोट बरामद

**बाराबंकी,संवादाता।** उत्तर प्रदेश की बाराबंकी जिला पुलिस ने आज जाली नोटों का धंधा करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो लाख से अधिक के नकली नोट और उनके छापने के उपकरण आदि बरामद किए।

पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सूचना पर पुलिस ने पटरंगा के दिवाली चौराहा पर जनसेवा केन्द्र चलाने वाले जालसाज शिवशंकर वर्मा को गिरफ्तार किया। वह लैपटाप के माध्यम से स्कैनर पर 500 और 2000 रुपये के असली नोट को स्कैन करता था। उसके बाद लैपटॉप में अपलोड एक विशेष साफ्टवेयर के माध्यम से नकली नोट का प्रिन्ट निकाल लेता था। ये नकली नोट देखने मे असली जैसे ही लगते हैं।

उन्होंने बताया कि इस धंधे में उसके साथी सौरभ तिवारी व रितिक मिश्रा इन नोटों को बाजार में खपाने के लिए स्थान बदल-बदलकर लोगों से बात करते थे। असली नोट लेकर उस रकम के तीन गुना जाली नोट ग्राहक को दे देते थे। सौदा तय होने के बाद अलीम नकली नोटो की सप्लाई सम्बन्धित व्यक्ति को कर देता था।श्री प्रसाद ने बताया कि गिरोह के लोग सप्लाई लेने वाले व्यक्ति से दुबारा सम्पर्क नहीं रखते थे। नकली नोट ज्यादातर अयोध्या, बाराबंकी, लखनऊ, अमेठी, सुल्तानपुर आदि जिलों मे खपाते थे।

## सपा के पूर्व विधायक और उनके भाई भूमाफिया घोषित

**एटा संवादाता।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव और उनके भाई पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव को एटा जिला प्रशासन ने भू माफिया घोषित कर दिया है।

हाल ही में दोनो पर एक सप्ताह में जमीन कब्जा करने के 4 मुकदमे अलग अलग थानों में दर्ज किए गए हैं और इनके फार्म हाउस और मार्किट को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया गया है।

जुगेंद्र सिंह यादव का कहना है कि उनकी पत्नी रेखा यादव समाजवादी पार्टी की एटा जिला पंचायत अध्यक्ष पद की प्रत्याशी हैं और उनके पास बहुमत है जिसके चलते बीजेपी चुनाव को प्रभावित करने के लिए ये अवैध कार्रवाई करवा रही है।इस मामले को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और महासचिव राम गोपाल यादव ने भी चुनाव को प्रभावित करने के लिए उत्पीड़नात्मक कार्यवाही बताया है।

## भदावरी भैंस,बकरी प्रजनन केंद्र मे अजगर ने किया राष्ट्रीय पक्षी मोर का शिकार

**इटावा संवादाता।** उत्तर प्रदेश के इटावा मे भदावरी प्रजनन केंद्र में एक अजगर ने राष्ट्रीय पक्षी मोर को शिकार बना लिया। अजगर के आतंक का असर यह हुआ कि प्रजनन केंद्र में रहने वाले अब डर के साये में जी रहे है।आज सुबह दस बजे के करीब चरवाहो को तेजी से चिडियो की आवाजे सुनने को मिलर। जब उस इलाके मे पहुंचकर देखा तो एक बडा अजगर मोर को अपने मुंह मे फंसाये हुए था।

## तीन कंपनियों ने किसानों का लाखों का धान हड़पा



**बरेली संवादाता।** उत्तर प्रदेश के बरेली में समर्थन मूल्य योजना के तहत किसानों से धान खरीदा गया लेकिन इसका भुगतान किसानों को नहीं किया गया। किसान जब सड़कों पर उतरे तब खाद्य विभाग ने धान खरीद कर रही तीन कंपनियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सरकारी खरीद योजना में शासन अपने विभिन्न विभागों के साथ-साथ गैर सरकारी सिस्टम से भी गेहूं और धान खरीद कराता है। इसके तहत खरीफ फसल सत्र 2020-21 में फार्मर प्रोड्यूसर कंपनियां (एफपीसी) यानी आढ़तियों को भी धान खरीद में लगाया गया था। जिले में करीब 15 फर्मों ने धान खरीद के लिए पंजीकरण कराया।

आदर्श एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी नवाबगंज, शुभ कीर्ति प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड बरेली और पीलीभीत फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी जहानाबाद पीलीभीत फर्मों को जिलाधिकारी ने वर्ष 2020- 21 के अंतर्गत धान क्रय नीति के तहत छह नवंबर 2020 को धान खरीद की अनुमति दी थी। अक्टूबर 2020 से 15 जनवरी 2021 तक खूब धान खरीद हुई। पंजीकृत कंपनी फर्मों ने भी 15 जनवरी तक किसानों से धान खरीदा और धीरे-धीरे किसानों को भुगतान भी किया। लेकिन 109 किसान ऐसे सिस्टम में ऐसे पकड़े आए कि जिनका 117 लाख रुपया पिछले पांच महीने से आरोपित फर्मो पर बकाया है। उधर, संबंधित किसानों ने अपना भुगतान ना मिलने की शिकायत प्रशासन से की थी। इसके साथ ही खाद्य विभाग विपणन शाखा ने भी संज्ञान लिया। इसके तहत क्षेत्रीय विपणन अधिकारी ज्ञान चंद वर्मा ने थाना नवाबगंज में जगदीश सरन गंगवार सचिव आदर्श एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी नवाबगंज, हरीश गंगवार सचिव शुभ कीर्ति प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड बरेली ,और प्रेम कुमार सचिव पीलीभीत फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी जहानाबाद पीलीभीत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।क्षेत्रीय विपणन अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार के पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से किसानों के बैंक खाता सत्यापन के पश्चात यथासंभव 72 घंटे के अंदर उनके बैंक खाते में सुनिश्चित कराया जाना चाहिए। लेकिन तीन कंपनियों ने कई बार निर्देशित करने भी भुगतान नहीं किया। लिखित चेतावनी और नोटिस जारी हुए लेकिन उन्होंने पांच महीने बीतने पर भी किसानों का भुगतान नहीं किया। किसानों को भुगतान न होने से किसानों का आर्थिक व मानसिक शोषण हो रहा है। इसलिए किसानों को देय भुगतान दिलाने के लिए संबंधित तीन फर्मों पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## दहेज हत्या मामले में पति, सास-ससुर, ननद सहित नौ पर केस दर्ज

**कुशीनगर संवादाता।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के रामकोला थाना क्षेत्र के बड़हरा लक्ष्मीपुर गांव के सोहनपुर टोला में 21 जून को संदिग्ध परिस्थिति में झुलसी विवाहिता की बुधवार को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। उसकी मां की तहरीर पर रामकोला थाने की पुलिस ने आज पति, सास-ससुर, ननद सहित नौ लोगों पर दहेज हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने आज यहां कहा कि लालाछपरा गांव की निवासी जरीना खातून ने अपनी तहरीर में बताया है कि उन्होंने अपनी बेटी नाजिया खातून का निकाह 30 दिसंबर 2020 को बड़हरा लक्ष्मीपुर गांव के सोहनपुर टोला निवासी आस मोहम्मद से किया था। आरोप है कि ससुरालवाले दहेज की हमेशा मांग करते थे।तहरीर के अनुसार 21 जून को ससुरालवालों ने मिलकर उसे जला दिया।

## डॉक्टर व प्रधान से रंगदारी मांगने वाला बदमाश हिरासत से भागा तो पुलिस ने मारी गोली

**जौनपुर संवादाता।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले में बदलापुर थाना क्षेत्र के घनशयामपुर मोड़ के पास बृहस्पतिवार तड़के पुलिस ने डॉक्टर और प्रधान से आठ लाख रुपये रंगदारी मांगने वाले बदमाश को गोली मार दी।

गोली बदमाश के पैर में लगी है। पुलिस के हत्थे चढ़ने के बाद वह एसआई की पिस्टल छीन कर भागने की कोशिश कर रहा था। मुठभेड़ में सब इंस्पेक्टर की जान बाल-बाल बची।अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण त्रिभुवन सिंह ने यहां कहा कि बदलापुर थाना क्षेत्र के पूरामुकुंद गांव निवासी सचिन कुमार मित्रा का नर्सिंग होम घनश्यामपुर रोड पर स्थित है। 20 जून की शाम डॉक्टर से बदमाशों ने फोन कर तीन लाख रुपये की रंगदारी मांगी। साथ ही धमकी भी दी है कि अगर पैसा नहीं मिला तो जान से मार देगें। धमकी मिलते ही डॉक्टर का पूरा परिवार सहम गया। अगले दिन फिर से धमकी मिलने के बाद हिम्मत जुटाते हुए डॉक्टर ने तहरीर कोतवाली पुलिस को दी।

इसके पश्चात इसी बदमाश ने बरैया गांव के प्रधान रामनाथ यादव एवं उनके पुत्र को धमकी दी कि यदि जीना चाहते हो तो पांच लाख रुपये दो नहीं तो तुम्हें और तुम्हारे पुत्र को गोली मार देंगे।

उन्होंने कहा कि आज सुबह पुलिस टीम भ्रमण पर थी कि घनश्यामपुर मोड़ के पास संदिग्ध हालत में दो व्यक्ति दिखाई पड़े। पुलिस ने घेराबंदी करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया। एक ने अपना नाम शैलेंद्र यादव और दूसरे ने अंकित यादव बताया। शैलेंद्र यादव ने स्वीकार किया कि उसने ही फोन से डॉक्टर और प्रधान को धमकी दी थी। उसने कहा कि उसका फोन खजूरन मोड़ के पास है। पुलिस उसे लेकर जब वहां गई तो उसने फोन को पुलिस के हवाले कर दिया और उप निरीक्षक राजेश यादव की रिवाल्वर छीनकर भागने लगा।

## कुशीनगर में आक्सीजन प्लांट का लोकार्पण

**कुशीनगर संवादाता।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में वैश्विक महामारी कोरोना से युद्ध के बीच वृहस्पतिवार को जिला अस्पताल पडरौना में ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण पूरे विधि विधान के साथ कर दिया गया।

नगरपालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल द्वारा हर वार्ड व बेड तक सीधे पाइपलाइन के माध्यम से ऑक्सीजन आपूर्ति कराने हेतु 60 लाख के बजट की स्वीकृति भी दी जा चुकी है जिसपर कार्य चल रहा है। बीते महीने अध्यक्ष विनय जायसवाल ने अपने सभी सभासदों के सहयोग से नगरपालिका द्वारा वित्तपोषित ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना जिला मुख्यालय पडरौना में करने की दिशा में पहल की थी। साथ ही सम्बंधित कार्यदायी संस्था को 30 लाख का अग्रिम भुगतान भी कर दिया गया था।जिस वक्त सम्पूर्ण देश ऑक्सीजन संकट से जूझ रहा था उस वक्त नगर पालिका अध्यक्ष के ऑक्सीजन प्लांट लगाने के फैसले के साथ ही नगरपालिका पडरौना ऐसा करने वाली उत्तरप्रदेश की पहली नगरपालिका बनी थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आये सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे ने हर्ष जताते हुए इसे स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व कदम बताते हुए इस कदम को मील का पत्थर करार दिया।

## सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले : जिलाधिकारी

**जौनपुर संवादाता।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा विकास खंड मड़ियाहूं की ग्राम पंचायत शुदनीपुर में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा एवं स्थलीय निरीक्षण किया और कहा कि सरकारी योजनाओं लाभ हर पात्र को दिया जाये।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री आवास योजना( ग्रामीण)मनरेगा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि,समस्त पेंशन, वैक्सीनेशन ,आयुष्मान योजना ,राशन कार्ड , विद्युत बाल विकास पुष्टाहार वितरण के संबंध में समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सरकार द्वारा द्वारा चलाई जा रही सभी प्रकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दिया जाए।उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना के संदर्भ में बताया गया कि 690 लोगो को इसका लाभ दिया जा रहा है। मुसहर बस्ती में द्वितीय चरण विद्युतीकरण न पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जांच कर सम्बंधित के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि गांव में कितने शौचालय का पैसा आया है और कितने बनाए गए हैं। सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।जिलाधिकारी द्वारा गांव में खेल के मैदान बनाए जाने के निर्देश दिया।उन्होंने उप जिलाधिकारी मड़ियाहूं मंगलेश दुबे को निर्देश दिया कि आज ही लेखपाल की टीम भेजकर जमीन चिन्हित कराई जाए और 01 महीने के भीतर खेल का मैदान बनाया जाए।

## शादी में आई बालिका से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**औरैया,संवादाता।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के फफूंद क्षेत्र में शादी में शामिल आई एक बालिका से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया।

पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फफूंद क्षेत्र के गांव आशा का पुरवा में कानपुर नगर के कल्याणपुर क्षेत्र की रहने वाली महिला अपनी छह वर्षीय बेटी के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए आई थी। महिला ने थाने में दी तहरीर में बताया है कि बुधवार को जब वह शादी कार्यक्रम में व्यस्त हो गई तभी शाम करीब सात बजे आशा का पुरवा निवासी बुरिया उर्फ रिंकू उसकी बेटी को टॉफी का लालच देकर गांव के बाहर खेत में ले गया और उसके कपड़े उतार कर छेड़छाड़ करने लगा। बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनकर वह अपने रिश्तेदार और गांव के लोग के साथ मौके पर पहुंची तो आरोपी भाग गया।उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में पीड़िता की मां की तहरीर पर पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कल देर रात्र कस्बा फफूंद के पाता चौराहे से आरोपी बुरीया उर्फ रिन्कू को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया।

## एसएसबी के सीनियर फील्ड असिस्टेंट की आत्महत्या

**बहराइच,संवादाता।** उत्तर प्रदेश में बहराइच ज़िले के कोतवाली देहात इलाके में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) सिविल विंग स्टाफ की शाखा में तैनात सीनियर फील्ड असिस्टेंट ने आत्महत्या कर ली।पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह ने बृहस्पतिवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 23/24 जून की रात हुजूरपुर मार्ग पर स्थित पंचवटी होटल के बगल एसएसबी सिविल विंग स्टाफ की शाखा में तैनात सीनियर फील्ड असिस्टें सुरेंद्र सिंह ने पंखे में नायलॉन की रस्सी बांधकर फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।

उन्होंने बताया कि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। सूचना पर एसएसबी के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गये हैं।उन्होंने बताया कि श्री सिंह हरियाणा के रेवाड़ी जिले के कोल इलाके के बोपा के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि छानबीन की जा रही है।

## युवक की गोली मारकर हत्या

**देवरिया, संवादाता।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में बेखौफ बदमाशों ने गुरूवार को मईल थाना इलाके में बाइक सवार युवक की गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गये।

पुलिस सत्रों ने यहां बताया कि लार क्षेत्र के ग्राम सजांव निवासी 25 वर्षीय शम्भू जायसवाल आज रिश्तेदारी में गया था। दोपहर बाद वह बाइक पर सवार होकर अपने गांव जा रहा था। मईल थाने से करीब 500 मीटर दूर परसिया अली गांव के पास बाइक सवार बदमाशों ने शम्भू को गोली मारकर फरार हो गये। उन्होंने बताया कि गंभीर रुप से घायल शम्भू को जिला अस्पताल भेजा गया,जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक श्रीपति मिश्र ने अस्पताल पर पहुंच कर मामले की जानकारी की। उन्होंने मईल पुलिस और एसओजी टीम को मामले की जांच करने का निर्देश देते हुए बदमाशों को गिरफ्तार करने को कहा है। पुलिस अधीक्षक का दावा है कि घटना में शामिल बदमाश जल्द पकड़ लिए जायेंगे। पुलिस हत्यारों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

## बाराती को गोली मारने वाले दो इनामी आरोपी गिरफ्तार

**जौनपुर,संवादाता।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के मीरगंज इलाके में बाराती को गोली मारने वाले 20-20 हजार रूपये के दो वांछित आरोपियों को आज गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक अजय साहनी ने बताया कि बाराती की गोली मारकर हत्या की कोशिश करने वाले बाइक सवार वांछित इनामी बदमाशों को सूचना मिलने पर मीरगंज थानाध्यक्ष राणाप्रताप यादव एंव जंघई चौकी प्रभारी हरिनारायण पटेल ने अपने सहयोगियों के सहयोग से आरोपी उदपुर गेल्हवा निवासी विवेक कुमार पाण्डेय और अर्शिया डिहवा निवासी शिवम मिश्रा को बभनियाँव मोड से गिरफ्तार कर लिया।उन्होंने बताया आरोपियों के पास से तमंचा ,पिस्टल और कुछ कारतूस तथा मोबाइल फोन और बाइक बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया।

## मालगाड़ी की चपेट में आकर युवक की मौत

**औरैया, संवादाता।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के दिबियापुर क्षेत्र में दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर कंचौसी रेलवे स्टेशन के समीप मालगाड़ी की चपेट में आ जाने से युवक की कटकर मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कंचौसी बान बाजार निवासी दीपेश आज सुबह छह बजे घर से शौच के लिए निकला था।

# कोविड नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा अपनायी गयी रणनीति रही कारगरः योगी



**लखनऊ, ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोविड नियंत्रण के लिए राज्य सरकार द्वारा अपनायी गयी रणनीति अत्यन्त कारगर सिद्ध हो रही है और अभी 'ट्रेस, टेस्ट एण्ड ट्रीट' नीति को पूरी सक्रियता से जारी रखना होगा।

मुख्यमंत्री आज यहां लोक भवन में आहूत एक उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन, संक्रमण के विरुद्ध सुरक्षा कवच है। इसलिए प्रदेश में कोरोना टीकाकरण की कार्यवाही सुचारु एवं निर्बाध ढंग से संचालित रहे। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप कोरोना संक्रमण पर प्रभावी अंकुश लगा है।

बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वर्तमान जून माह में एक करोड़ वैक्सीन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस माह अब तक 97 लाख वैक्सीन डोज एडमिनिस्टर की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि 21 से 30 जून तक प्रत्येक दिन न्यूनतम 06 लाख वैक्सीन लगाने का लक्ष्य गतिमान है। विगत दिवस 07 लाख 84 हजार लोगों का टीकाकरण किया गया, इसमें 5 लाख 27 हजार केवल 18-44 आयु वर्ग के लोग थे। अब तक प्रदेश में 02 करोड़ 80 लाख से अधिक वैक्सीन डोज लगाई जा चुकी है।

श्री योगी ने निर्देशित किया कि आगामी 01 जुलाई से प्रत्येक दिन न्यूनतम 10 लाख कोविड वैक्सीन एडमिनिस्टर करने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जाए।

प्रदेश में 24 घण्टे में कोरोना संक्रमण के 229 नए मामले आए हैं। इसी अवधि में 308 संक्रमित व्यक्तियों का सफल उपचार करके डिस्चार्ज किया गया। वर्तमान में संक्रमण के एक्टिव मामलों की संख्या 3,552 रह गयी है। इस दौराना 2,71,374 कोविड टेस्ट किये गये हैं। राज्य में अब तक कुल 05 करोड़ 62 लाख 71 हजार 231 कोरोना टेस्ट किए गए हैं। राज्य में कोरोना संक्रमण की रिकवरी दर 98.5 प्रतिशत है।मुख्यमंत्री ने कहा कि कई राज्यों में कोविड-19 के नये वैरिएंट 'डेल्टा प्लस' संक्रमण के मरीज सामने आए हैं। इसके दृष्टिगत हमें विशेष सतर्कता बरतनी होगी। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय चिकित्सा विशेषज्ञों की सलाहकार समिति के साथ बैठक कर इस सम्बन्ध में आवश्यक रणनीति तय की जाए।

उन्होंने कहा कि राज्य की सीमा से लगे प्रदेश में डेल्टा प्लस वैरिएंट की पुष्टि को देखते हुए निकटस्थ जिलों से सैम्पल लेकर जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जानी चाहिए। जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए केजीएमयू में आवश्यक सुविधाएं यथाशीघ्र उपलब्ध करायी जाएं।

श्री योगी ने कहा कि पीकू तथा नीकू की स्थापना की कार्यवाही तेजी से पूरी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि बाईपैप मशीन, मोबाइल एक्स-रे मशीन सहित सभी जरूरी मेडिकल उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके लिए निर्माता कम्पनियों से सीधे संवाद किया जाए।

उन्होंने कहा कि चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ के पहले चरण का प्रशिक्षण कार्य पूरा हो चुका है। इनके माध्यम से अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विशेषज्ञों के परामर्श के अनुसार सभी जरूरी उपयोगी दवाओं की व्यवस्था भी कर ली जाए। आगामी एक पखवारे में यह सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग की कार्यवाही प्रभावी ढंग से जारी रखी जाए। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचाव के सम्बन्ध में लोगों को निरन्तर जागरूक किया जाए। इसके लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम का व्यापक उपयोग किया जाए।श्री योगी ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग में 69,000 सहायक अध्यापक भर्ती प्रक्रिया के रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही सुचारु ढंग से पूर्ण की जाए। सम्पूर्ण प्रक्रिया की समय-सारिणी निर्धारित कर दी गयी है। कोविड प्रोटोकॉल का पालन के साथ अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समयबद्ध ढंग से रिक्त पदों पर भर्ती की जाए।

## विवि परीक्षा15 अगस्त तक हो पूर्ण,परिणाम अंतिम सप्ताह तक करें घोषितः दिनेश

**लखनऊ, ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ0 दिनेश शर्मा ने कहा कि 15 अगस्त तक विश्वविद्यालयों की परीक्षा कराकर माह के अंतिम सप्ताह तक परिणाम घोषित कर दिया जाए।

श्री शर्मा की अध्यक्षता में आज यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई।

बैठक में वर्ष 2020-21 की परीक्षाओं के आयोजन की तैयारी, न्यूनतम समान पाठ्यक्रम लागू किए जाने, भविष्य में करो ना और संचारी रोगों का सामना करने के लिए विश्वविद्यालय में रोजगार परक नए कोर्स जैसे बायोटेक्नोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री, नर्सिंग फार्मेसी शुरू करने की प्रगति, एक मार्च 2020 से कोविड एवं नान कोविड से हुई मृत्यु के मृतक आश्रित की नियुक्ति व लंबित अवशेषों के तत्काल भुगतान से संबंधित प्रकरणों की स्थिति, वर्ष 2020-21 में सेंटर आफ एक्सीलेंस के लिए अवमुक्त धनराशि के उपभोग, किए गए कार्य एवं अगली किस्त की मांग, वर्ष 2021-22 के लिए स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के नए प्रस्ताव, वित्तीय वर्ष 2021-22 में रिसर्च एंड डेवलपमेंट योजना के तहत विश्वविद्यालयों से प्राप्त प्रस्ताव तथा महाविद्यालयों को अनापत्ति एवं भविष्य में ऑनलाइन संबद्धता के लिए के लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति सहित अन्य विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।

उपमुख्यमंत्री ने वर्ष 2020-21 की परीक्षाओं के आयोजन के संबंध में निर्देश दिया कि 15 अगस्त तक परीक्षाएं संपादित कराकर अगस्त माह के अंतिम सप्ताह तक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जाए तथा परीक्षा की अवधि 01.30 घंटे (डेढ़ घंटे) से ज्यादा नहीं होनी चाहिए, कोविड़ महामारी से बचाव के लिए परीक्षा के दौरान सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का अक्षरशः पालन कराया जाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने स्नातकध्स्नातकोत्तर में प्रवेश के लिए एक पारदर्शी नीति अपनाकर 15 अगस्त से प्रवेश प्रारंभ किया जाए, प्रयत्न यह हो कि प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन हो। सितंबर माह से शैक्षिक सत्र 2021-22 को प्रारंभ कर लिया जाए, जिससे छात्रों को पठन-पाठन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। उन्होंने कहा कि कुलाधिपति द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित हो।

उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में राज्य विश्वविद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2021-22 से न्यूनतम समान पाठ्यक्रम लागू किए जाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि अभियान चलाकर राज्य विश्वविद्यालयों में 01 अप्रैल 2020 से कोविड एवं नान कोविड मृत्यु के प्रकरणों में समस्त देयकों का भुगतान तथा मृतक आश्रितों को नियमानुसार नियुक्ति दी जाए।

उन्होंने महाविद्यालयों के ऑनलाइन संबद्धता से संबंधित लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा महाविद्यालयों के ऑनलाइन संबद्धता से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र जुलाई माह में जारी करने का निर्देश दिया।

## उप्र में सभी तटबन्ध सुरक्षित हैं, कुछ स्थानों पर गंगा,घागरा खतरे से ऊपरः प्रसाद

**लखनऊ, ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के राहत आयुक्त रणवीर प्रसाद ने कहा कि प्रदेश के वर्तमान में सभी तटबन्ध सुरक्षित हैं और कहीं भी किसी प्रकार की चिन्ताजनक परिस्थिति नहीं है।

श्री प्रसाद ने बताया कि 24 घंटे में प्रदेश में 6.8 मिमी वर्षा हुई है, जो सामान्य वर्षा से 4.5 मिमी के सापेक्ष 151 प्रतिशत है। इस प्रकार प्रदेश में एक जून से अब तक 137 मिमी औसत बारिश हुई, जो सामान्य 58.7 के सापेक्ष 234 प्रतिशत है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के वर्षा से प्रभावित जिलों में सर्च एवं रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ तथा पीएसी की कुल 33 टीमें तैनाती की गयी है, इसके साथ 79 नावें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगायी गयी है तथा 69 मेडिकल टीमें लगायी गयी है। इन टीमों ने 152 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

श्री प्रसाद ने बताया कि 24 घंटे में 4560 फूड पैकेट वितरित किये गये। अब तक कुल 9,501 फूड पैकेट वितरित किए गए हैं। गंगा नदी-कचला ब्रिज बदायूँ में, घाघरा नदी-तुर्तीपार बलिया में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। प्रदेश में 299 बाढ़ शरणालय तथा 372 बाढ़ चौकी स्थापित की गयी है। प्रदेश में इस दौरान स्थापित किए गए पशु शिविर की संख्या 08 अब तक कुल 37 पशु शिविर स्थापित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि 24 घंटे में 4799 पशुओं के टीकाकरण किया । अभी तक 24,784 पशुओं का टीकाकरण किया गया है।

## केशव ने मिर्जापुर में किया 516 परियोजनाओ का लोकार्पण एंव शिलान्यास



**लखनऊ, ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विन्ध्याचल मण्डल के लोक निर्माण विभाग एवं सेतु निगम की 535 करोड़ रूपये की लागत वाली 516 परियोजनाओ का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

श्री मौर्य ने आज जिले के अपने भ्रमण के दौरान जीआईसी ग्राउण्ड पर आयोजित कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग एवं सेतु निगम की 535 करोड़ रूपये की लागत वाली 516 परियोजनाओ का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 15 दिन के अन्दर सभी शिलान्यास शिलापट को कार्य स्थल पर लगाते हुये कार्य प्रारम्भ हो जाना चाहिये तथा साथ ही ''सरकार का संकल्प, सड़को का हो कायाकल्प की भावना को साकार करते हुये आज मिर्जापुर, भदोही एवं सोनभद्र में विकास को समर्पित एक नया अध्याय लिखा जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि न सिर्फ मीरजापुर मण्डल में अपितु गाजीपुर से गाजियाबाद तक सरकार के सुशासन का डंका बज रहा हैं।

उन्होंने सभास्थल पर उपस्थित सांसद एवं विधायको द्वारा दिये गये लगभग 100 करोड़ रूपये के कार्य प्रस्ताव को स्वीकार करते हुये कहा कि जल्द ही कार्य प्रारम्भ हो जायेगा। इसी क्रम मे दुर्गा मोड़ से चुनार राजगढ़ रोड को यदुनाथ सिंह के नाम पर करने की घोषणा की। सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश दिया कि एक सप्ताह मे नामकरण बोर्ड लग जाये एवं शासन को रिपोर्ट प्रेषित कर दी जाये।

इसी क्रम मे माध्यमिक विधायक मझवा सुचिस्मिता मौर्य के प्रस्ताव पंचायत भवन भाड़ेसर से टांडा फाल रिंग रोड एवं भदोही विधायक रविन्द्र नाथ त्रिपाठी के प्रस्ताव अघोली से छन्नौरा पट्टी वेजाव अमिया सरायगॉव तक चैड़ीकरण तथा सुरियावां से बेलाकूसा घाट सर्वशक्तिधाम चैगना चकिया मार्ग आदि सड़को के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुये जल्द ही कार्य के निर्देश दियें।

उन्होने कहा कि प्रत्येक विधानसभावार ग्रामीण सड़को का चैड़ीकरण एवं सौदर्यीकरण पर बल दिया जायें। कोरोना काल मे आयुर्वेदिक जड़ी बूटियो एवं औषधियो की आवश्यकता तथा उपयोगिता के आधार पर एक नये विजन की शुरूआत करते हुये सड़को के किनारे जमीन पर गिलोय, पीपल, नीम आदि पौधे लगाकर 'हर्बल मार्ग ' की अवधारणा पर बल दिया। कोरोना काल में आक्सीजन की कमी के संदर्भ मे कहा कि वृक्षो को लगाये भी और बचाये भी। गंगा मां के पावन तट पर मॉ विन्ध्यवासिनी का आशीर्वाद प्राप्त इस शहर को सभी जनपदवासी साफ सुथरा एवं स्वच्छ बनाने मे अपना सहयोग एवं योगदान दें।

श्री मौर्य ने शिक्षा और छात्रो को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि टाप करने वाले छात्रो के घर तक सड़को का निर्माण और उनके नाम पर नामकरण किया जायेगा। इसी तरह खेल को प्रात्साहित करते हुये प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के नाम पर सड़कों नामकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सीमा पर अपने प्राणो की बाजी लगाते हुये देशवासियो की रक्षा करते हुये शहीद जवानो के नाम पर उनके क्षेत्र की सड़को का नाम 'जय हिन्द वीरपथ' के नाम किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता के बीच जाकर सरकार एवं जनता के मध्य सेतु का काम करते हैं। सरकार की मानवीय कार्यो का उल्लेख करते हुये श्री मौर्य ने कहा कि नि:शुल्क राशन वितरण से गरीबो को भर पेट भोजन मिल रहा है ,यह वितरण दीपावली तक अनवरत चलता रहेगा।

## वसीम रिज़्वी को बचा रही है सरकार : मौलाना कल्बे जवाद



**लखनऊ, ब्यूरो।** लम्बे समय से शिया वक़्फ़ बोर्ड मे चल रहे भ्रष्टाराचारो के खिलाफ आवाज़ उठाते हुए आज फिर वरिष्ठ शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने अपने लखनऊ स्तिथ आवास पर मीडिया से बात करते हुए कहा की सरकार वसीम रिज़्वी के सारे भ्रष्ट्चारो को जानते हुए भी उसका साथ दे रही है जब की सारे सुबूत उसके खिलाफ है फिर भी सरकार उसके अपराधों पर पर्दा डाल रही है.मौलाना ने बताया की जब पुरे देश के उल्लेमाओ ने उसको इस्लाम से ख़ारिज कर दिया और हमारे मराजाओं ने भी कहा है की इस तरह कोई भी व्यक्ति किसी भी इस्लामिक संस्था का सदस्य नहीं बन सकता पर वसीम फिर भी वक़्फ़ बोर्ड का सदस्य बन गया जब की वक़्फ़ मुतावालियों ने हालफनामा दे कर साफ कर दिया की उन लोगो ने वसीम को वोट नहीं दिया फिर भी वो चुनाव जीत गया इस से साफ है की वक़्फ़ चुनाव मे घपला हुआ है मै शिया वक़्फ़ बोर्ड के दुबारा चुनाव की मांग करता हु और सरकार से ये भी मांग करता हु की सरकार जल्द से जल्द वसीम रिज़्वी को गिरफ्तार करें ताकि शिया वक़्फ़ बोर्ड को बचाया जा सके ।

## ट्विीट की आदत छोड़ यूपी में आकर जमीनी हकीकत देखें प्रियंका: सिद्धार्थनाथ

**लखनऊ, ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता एवं कबीना मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि एयरकंडीशन कमरों में बैठकर ट्वीट के जरिये राजनीति चमकाने की नाकाम कोशिश करने वाली कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को पता होना चाहिये कि योगी सरकार ने इस साल गेहूं की रिकार्ड खरीद की है।

श्री सिंह ने गुरूवार को कहा कि महीनों तक उत्तर प्रदेश की शक?ल न देखने वाली कांग्रेस की ट्विटरजीवी नेता कब से किसानों का हित सोचने लगी। गमले में गेहूं धान और आलू उगाने की संस्कृति के पोषक कांग्रेस के नेताओं को यह भी नहीं पता कि योगी सरकार ने उत?तर प्रदेश के इतिहास में गेहूं खरीद कर सबसे बड़ा इतिहास बनाया है। उनको जानकारी होना चाहिए कि सरकार कुल 1288461 किसानों से 56.25 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है।

उन्होने बताया कि गेहूं की खरीद क्रय केन्द्र पर क्रम बद्ध तरीके से बंद की जा रही है। जिन केन्द्रों पर किसान गेहूं लेकर आ रहे हैं। उनसे गेहूं की खरीद की जा रही है। योगी सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश का किसान खुशहाल है। वह तेजी से तरक्की के रास्तों पर बढ़ रहा है, जो कांग्रेस से देखा नहीं जा रहा है।

मंत्री ने कहा कि सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने के लिए किसानी को तकनीक से जोड़ने का काम किया गया। अनाज खरीद से बिचौलियों को बाहर कर सीधे किसानों के खातों में अनाज की कीमत भेजी रही है। हर दस किलोमीटर के दायरे में सरकार ने एक खरीद केन्द्र बनाया है, ताकि किसानों को अपनी फसल लेकर दूर न भटकना पड़े। अनाज भेजने वाले हर किसान को 72 घंटे के अंदर भुगतान किया गया है। किसानों, गरीबों और ग्रामीण का बेड़ा गर्त करने वाली कांग्रेस कब से उनकी हितैषी बन रही है।योगी सरकार ने ई-मंडियों की शुरुआत, ई-पॉप मशीनों का उपयोग जैसी कई अत्याधुनिक सुविधाएं किसानों को दी जा रही हैं। वर्षा की चेतावनी को देखते हुए सरकार ने गेहूं को बचाने के लिये मजबूत तैयारी की है।

## लखनऊ के इन्दिरानगर में हुई चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**लखनऊ, ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश की लखनऊ पुलिस ने इन्दिरानगर इलाके में हुई चोरी का खुलासा करते हुए तीन चोरो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब दस लाख रुपये के सोने/चॉदी के आभूषण और अन्य सामान बरामद किया।

पुलिस प्रवक्ता ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन्दिरानगर पुलिस और क्राइम ब्रान्च की टीम ने संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए सूचना के आधार पर पिकनिक स्पाट तिराहे से तीन शातिर चोरो लखनऊ निवासी अजीत, शादाब और राकेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे एवं निशादेही से लगभग 10 लाख रूपये कीमत की चोरी किए गये सोने/चॉदी के आभूषण, 1800 रूपये की नकदी, अन्य सामान और घटना में प्रयुक्त कार और बाइक आदि बरामद की गई।उन्होंने बताया कि पिछले दिनों मयूर रेजीडेन्सी में अज्ञात बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस सम्बन्ध में थाना इन्दिरानगर पर मामला दर्ज कराया गया था।

## जहरीली शराब मामले में वांछित इनामी आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने आजमगढ़ और अम्बेडकरनगर जिले में जहरीली शराब पीने से हुई 35 लोगों की मृत्यु के मुकदमों के वांछित 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी को आज फूलपुर इलाके के माहुल तिराहा से गिरफ्तार कर लिया।

एसटीएफ प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों आजमगढ़ और

व अम्बेडकरनगर में जहरीली शराब से हुई 35 लोगों की मौत के मामले में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी किशन यादव उर्फ कृष्णा यादव को गिरफ्तार करने के लिए एसटीएफ को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उन्होंने बताया कि सूचना पर एसटीएफ ने आज तड़के करीब चार बजे फूलपुर इलाके में माहुल तिराहा से इनामी आरोपी किशन यादव को गिरफ्तार कर लिया। इसके खिलाफ अम्बेडकरनगर जिले के विभिन्न थानों में कई अभियोग पंजीकृत हुए थे।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि वह आजमगढ़ के रणजीत यादव के साथ मिलकर स्प्रिट एवं शीरे से मिलावटी शराब तैयार कराता था। शराब बनाने के बाद बोतलों पर विभिन्न ब्राण्ड के रैपर व ढ़क्कन लगाकर शराब के ठेकों से व चोरी छिपे अन्य ठिकानों से भी बिक्री की जाती है। जिस शराब को पीने के बाद लोगों की मृत्यु हुई वह पावर हाउस ब्राण्ड की शराब भी और इन्ही के ठेके से बेची गयी थी ।

प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को थाना फूलपुर में दाखिल करा दिया। अग्रिम विधिक कार्रवाई थाना पवई, दीदारगंज, फूलपुर आजमगढ़ एवं थाना जैतपुर, अम्बेडकरनगर द्वारा की जायेगी।

## सड़क हादसे में दूध विक्रेता की मृत्यु,ग्रामीणों ने किया पुलिस पर पथराव

**मथुरा, ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के वृंदावन क्षेत्र में गुरुवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दूध विक्रेता की मृत्यु के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया ,जिससे जैत चौकी प्रभारी समेत दो पुलिसकर्मी घायल हो गए।

पुलिस अधीक्षक (सिटी) मार्तंड प्रकाश सिंह के अनुसार छरौरा गांव निवासी 21 वर्षीय दूध विक्रेता गोरव आज सुबह बाइक पर दूध बेचने के लिए मथुरा जा रहा था। वृंदावन क्षेत्र इलाके में तेज रफ्तार स्कार्पियों की चपेट में आने से गौरव की मृत्यु हो गई। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने स्कार्पियो चालक को बंधक बनाकर बैठा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब स्कार्पियो चालक को छुड़ाने का प्रयास किया तो ग्रामीणों ने पुलिस पर ही पथराव कर दिया।

उन्होंने बताया कि घटना की सूचना वह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बंधक बनाए गए स्कार्पियो चालक को ग्रामीणों को समझा-बुझाकर छुड़ा लिया। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिजनों को नियमानुसार आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

श्री सिंह ने बताया कि स्कार्पियो चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और जिन लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर पुलिस पर पथराव कर कानून अपने हाथ में लिया,उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों के पथराव में पुलिस के वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए।

## चार साल की मासूम के साथ हैवानियत

**भदोही ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के सुरियावां थाना इलाके के मनापुर में एक झकझोर देने वाली घटना सामने आयी जहां चार साल की आदिवासी मासूम बच्ची के साथ रेप हुआ है।

बच्ची बरामदे में सोयी हुई थी। गांव का ही केदार नामक एक अधेड व्यक्ति सोयी हुई मासूम बच्ची को चारपाई से उठा ले गया और रेप किया। खून से लथपथ मासूम बरामद हुई । सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।अपर पुलिस अधीक्षक आरके वर्मा ने बताया कि सुरियावां थाना इलाके के मनापुर गांव में एक आदिवासी चार साल की बच्ची अपने पिता के साथ बरामदे में सोयी हुई थी। जहां गांव का ही केदार नामक अधेड़ रात में पहुंचा और उसे बिस्तर से उठा ले गया। गांव के समीप एक सीवान में ले जाकर उसके साथ रेप किया। और मासूम को सीवान में ही छोड़कर फरार हो गया था। पिता की जब रात को नींद खुली तो बेटी की तलाश करने लगा। तलाश के बाद उसकी बेटी गांव के सीवान में खून से लथपथ पायी गई। सूचना मिलते ही सुरियावां पुलिस मौके पर पहुंची। और गंभीर रूप से घायल मासूम को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी केदार को गिरफ्तार कर लिया है।

## तीव्र गति ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवारों को रौंदा, दो युवकों की मौत

**बदायूँ ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश में बदायूं के उसहैत इलाके के अटैना घाट पुल पर आज तड़के तंबाकू से लदे ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवारों को रौंदा दिया जिसमें दो युवकों की मौत हो गई।

पुलिस ने दोनों का पोस्टमार्टम को भेजे हैं। ट्रैक्टर ट्राली और चालक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

पुलिस ने यहां कहा कि आज तड़के उसहैत क्षेत्र से तंबाकू लेकर एक ट्राली फर्रूखाबाद कि ओर जा रहा था। बाइक पर सवार दो युवक गाँव कटरा सआदतगंज को जा रहे थे। अटैना पुल पर तंबाकू लदे ट्रेक्टर ट्राली और बाइक में आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार अस्लीम की मौके पर ही मौत हो गई जबकी मनोज ने उसावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

## जिद छोड़ कृषि कानूनों को वापस ले सरकार: चौधरी

**लखनऊ, ब्यूरो।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) अध्यक्ष जयंत चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि कृषि कानूनो को वापस लेने की मांग के साथ पिछले छह महीनो से आंदोलन कर रहे किसानों की मांग सरकार मान ले ताकि अन्नदाता आंदोलन की राह छोड़ कर अपने घरों को लौट सकें।

श्री चौधरी ने गुरूवार को कहा कि आंदोलन की वजह से अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है लेकिन केंद्र सरकार मामले को सुलझाने की कोशिश नहीं कर रही है और बातचीत के जरिये मसले का हल नही निकाले जाने से किसान बिरादरी पूरी तरह आहत है,जो देश की शान और रीढ़ की हड्डी है। जिन किसानों ने कोरोना लाकडाउन में देश की जनता का पेट भरा और अर्थव्यवस्था को अपने कंधे पर थामे रखा, आज वही किसान अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ने को मजबूर हैं।उन्होंने प्रधानमंत्री के किसानों से एक फ़ोन कॉल दूर वाले बयान को याद दिलाते हुए कहा कि जब उन्होंने ऐसी सकारात्मक बात कही तो लगा कि समाधान किया जा सकता है लेकिन सरकार के नुमाइंदे और मंत्रियों ने किसानों के साथ संवाद को स्थगित कर दिया। उन्होंने श्री मोदी से आग्रह किया है कि देश की अर्थव्यवस्था को वापस पटरी पर लाने के लिए किसानों के ख़िलाफ़ बने तीनों क़ानून को वापस लिया जाए ताकि किसान अपने गांव लौटकर फिर से देश को मजबूत कर सकें।

## बरेली से रश्मि पटेल भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी घोषित

**लखनऊ, ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) ने बरेली जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए रश्मि पटेल को प्रत्याशी बनाया है।

केंद्रीय श्रम व रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संतोष गंगवार ने गुरुवार शाम संवाददाताओं को बताया कि यह चुनाव पूरी तरह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत होगा।

पूर्ववर्ती सरकारों की तरह नहीं होगा, जिसमें सदस्यों को पार्टी प्रत्याशी को वोट देने के लिए मजबूर किया जाता था। लेकिन भाजपा पूरी तरह लोकतांत्रिक पार्टी है। जिला पंचायत सदस्य स्वेच्छा भाजपा प्रत्याशी को जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर जिताएंगे।उन्होंने बताया कि पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें (गंगवार) को बरेली जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव का संयोजक नामित किया है।

## लखनऊ में 16 वांछित समेत 30 आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश की लखनऊ पुलिस ने 24 घंटे के दौरान 16 वांछितों एवं पांच जुआरियो समेत

30 आरोपियों को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया।

पुलिस प्रवक्ता ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया इन्दिरानगर पुलिस ने चोरी करने वाले गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लाखों रुपये के जेवरात और अन्य सामान बरामद किया। तलकटोरा पुलिस ने एक वांछित के अलावा विभूतिखण्ड इलाके से ऑनलाइन ठगी करने वाले झारखड़ के रहने वाले दो जालसाजो को गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि कल रात कृष्णानगर, मडियांव, गुड़म्बा,ठाकुरगंज, मानकनगर, गोसाइगंज और बंथरा इलाके से 13 वांछितों के अलावा बाजार खाला ,वजीरगंज और पीजीआई से एक-एक वांछित को गिरफ्तार किया गया। मोहनलालगंज और बंथरा पुलिस ने चार शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 40 लीटर से अधिक शराब बरामद की।प्रवक्ता ने बताया कि चौक इलाके से पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकदी आदि बरामद की। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया।

## पुस्तक समीक्षा

# इतिहास के आइने में आजमगढ़

## इतिहास लेखन का नवीन और सार्थक प्रयास

**डॉ. श्रीनाथ सहाय**

वास्तव में इतिहास तो जो बीच चुका हैं, लेकिन यह अतीत मृत नही होता, प्रत्येक वर्तमान अतीत को अपने अन्दर जीवित रखता है। यह वर्तमान अतीत को किस रूप से अपने अन्दर जीवित रखता है,यही अतीत को अर्थ प्रदान करता है। युवा लेखक प्रताप गोपेद्र यादव ने अपनी पुस्तक इतिहासके आईने में आजमगढ़ के माध्यम से अतीत को अर्थ प्रदान करने का प्रयास किया है।



लेखकः प्रताप गोपेंद्र यादव (आई.पी.एस)

इस पुस्तक में पुरातत्व,मुदाशास्त्र,भाषाविज्ञान, अभिलेखों,स्थानीय एवं देशी-विदेशी स्रोतों से प्राप्त पुस्तकों,लेखों तथा मौलिक कथाओं के आधार पर सभ्यता के उदय से आजादी तक के आजमगढ़-मऊ जनपद का इतिहास सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया है। साक्ष्यों को मजबूती देने के लिए संस्कृत,पालि,फारसी,उर्दू, हिन्दी और इंग्लिश में उपलब्ध अनेक दुर्लभ एवं नवीन स्रोतों का गहन अध्ययन कर किताब लिखी गई है। पुस्तक में आजमगढ़ के राजनीतिक इतिहास के साथ साथ सामाजिक,आर्थिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक विकासक्रम को भी समझाया गया है। ऐतिहासिकता से बिना छेड़छाड़ किए मिथकों एवं किवदन्तियों को भी स्थान दिया गया है। जनपद से प्राप्त विलुप्तप्राय पुरातात्विक अवशेषों के 480 के लगभग छाया चित्र भी सुलभ संदर्भ हेतु प्रकाशित किए गए है। जो इस किताब को और भी समृद्ध बनते है।

यह पुस्तक केवल आजमगढ़ के इतिहास पर ही नहीं,वहां के साहित्य और इतिहास लेखकों पर भी व्यापक दृष्टि डालता है और उन्हें पाठक की दृष्टि में लाती है। विश्वनाथ लाल शैदा,अमरनाथ तिवारी,फूलचंद्र त्रिपाठी,दयाशंकर मिश्र,परमेश्वरी लाल गुप्त जैसे अनेक लेखकों का जिक्र प्रताप गोपेद्र बहुत ईमानदारी से करते है जिससे इतिहास के आईने में आजमगढ़ की प्रामाणिकता ही नहीं बढ़ती,इन लेखकों को भी यथोचित सम्मान मिलता है। पुस्तक का हर पन्ना पलटते हुए बार-बार लगता है कि लेखक की मानसिकता समावेशी है। इतिहास लेखन करते समय वह कही भी पूर्वाग्रह से ग्रस्त नही होता,जैसा कि अपने देश के तमाम इतिहासकार इस आरोप से ग्रस्त होते रहे है। वह अपना नजरिया रखता जरूर है, किंतु उतना ही जितना किसी तथ्य को तर्क के आधार पर सिद्ध करने के लिए जरूरी है। वैसे भी वह तथ्यों को उपलब्ध प्रमाणों से मजबूत करने का प्रयास करता है,न सिर्फ तार्किक वकालत से।

लेखक ने आजमगढ़ के इतिहास की इस पुस्तक में आजमगढ़ से संबंधित हर आयाम को कमोवेश छूने का प्रयास किया है। यहां यह बताना,जरूरी है कि इसमें आज के मऊ जनपद को भी पूरा हिस्सा मिला है। एक स्वतंत्र जिले के रूप में मऊ का अस्तित्व 4988 में आया था। क्योकि यह पुस्तक लगभग इसी काल तक का इतिहास बताती है, इसीलिए मऊ का इतिहास सम्मिलित है। मऊ,मुबारकपुर, धोसी,कोषागंज,दोहरीघाट आदि कस्बों के बगैर आजमगढ़ इतिहास किसी भी कीमत पर पूरा नहीं हो सकता, इसलिए इनके प्रसंग इस पुस्तक में बार-बार आते रहते है। आजमगढ़ लेखे प्रताप गोपेंद्र की जन्मभूमि है, इसलिए वह स्वंय को यहाँ की हर कथा, हर कण से जोड़कर चलते है। यदि भावनात्मक लगाव इतना अधिक होगा तो उसकी झलक कृति में मिलेगी ही। यह शिद्दत ही आजमगढ़ के इस इतिहास लेखन को इतना प्रभावशाली बना पाती है। उल्लेखनीय है कि लेखक प्रताप गोपेद्र यादव उत्तर प्रदेश संवर्ग के 2042 बैच के आई.पी.एस.अधिकारी है। पूर्व में अपने गांव पर फतनपुररू मेरा गांव मेरे लोग% नाम से पुस्तक का लेखन वो कर चुके है।

इतिहास के आइने आजमगढ़ पुस्तक में जिले के इतिहास को नए ढंग से परोसा गया है। किताब में इतिहास को साहित्यिक कलेवर में ऐसे बुना गया है कि किताब शोध छात्रों के साथ आम पाठको के लिए भी अत्यंत ज्ञानवर्धक,रोचक और पठनीय है। स्थानीय इतिहास लेखन के क्रम में यह एक नवीन और सार्थक प्रयास है।इतिहास प्रेमियों के लिए इतिहास के आइने में आजमगढ़ संग्रहणीय पुस्तक है। इतिहास के आइने में आजमगढ़ एक वास्तविक शोधग्रंथ है जो निश्चित रूप से भविष्य में उद्धृत किया जाएगा,एक स्रोत के रूप में देखा जाएगा और आजमगढ़ जनपद को इतिहास में मजबूती से स्थापित करेगा।

**पुस्तक का नामः इतिहास के आईने में आजमगढ़ (इतिहास)**
**लेखकः प्रताप गोपेंद्र यादव**
**प्रकाशकः यूनिवर्सिटी पब्लिकेशंस**
**22 / 4735, प्रकाश दीप बिल्डिंग**
**अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली-140002**
**पृष्ठः 286मूल्य- 600.00(पेपर बैंक)**

# भले पार्टी में असंतोष हो, फिर भी उत्तर प्रदेश में इस समय सबसे मजबूत स्थिति में भाजपा ही है



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में बात अन्य दलों के मुख्यमंत्री पद के दावेदारों की कि जाए तो बीजेपी से इत्तर एक मात्र अन्य राष्ट्रीय दल का रूतबा रखने वाली कांग्रेस के पास कथित रूप से प्रियंका वाड्रा के अलावा यूपी में सीएम के लायक कोई चेहरा ही नहीं है।उत्तर प्रदेश में अगले वर्ष होने वाले विधान सभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी आलाकमान ने बिसात बिछाना शुरू कर दी है। कौन होगा मुख्यमंत्री पद का दावेदार ? इस 'रहस्य' से पर्दा लगभग हट चुका है। 2022 में होने वाले विधान सभा चुनाव में मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही बीजेपी की तरफ से मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे, लेकिन इसको लेकर कुछ बीजेपी नेता संशय भी बढ़ा रहे हैं। इसमें सबसे बड़ा नाम बीजेपी के पिछड़ा समाज से आने वाले नेता केशव प्रसाद मौर्य का है जो 2017 चुनाव के समय संगठन की कमान संभाले हुए थे और सीएम पद के सबसे बड़े दावेदार बने हुए थे, लेकिन नतीजे आने के बाद केन्द्र ने योगी के हाथ सत्ता की चाबी सौंप दी। मौर्या का कद इतना बढ़ा है कि आलाकमन भी इनकी नाराजगी मोल नहीं लेना चाहता है। इसीलिए बीजेपी और संघ के कई दिग्गज नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक मौर्य के यहां 'गिला शिकवा' दूर करने के लिए उनके आवास पर पहुंच गए।

खैर, 2022 के विधान सभा चुनाव में योगी ही सीएम पद के दावेदार होंगे यह बात लगभग तय मानी जा रही है। इसी के साथ यूपी की सियासत में करीब छह माह से भारतीय जनता पार्टी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की किरकिरी का सबब बना पूर्व नौकरशाह एवं एमएलसी अरविंद शर्मा का 'चैप्टर' भी क्लोज हो गया है। शर्मा जी को यूपी भाजपा का उपाध्यक्ष बनाए जाने के साथ ही, उन तमाम सियासल कयासों पर भी विराम लग गया है जिसके तहत अरविंद के कभी डिप्टी सीएम तो कभी गृह विभाग संभाले जाने की संभावनाएं सियासी वातावरण में फैलाई जा रही थीं। शर्मा जी का चैप्टर क्लोज होने के साथ ही यह भी निश्चित माना जाने लगा है कि यूपी में बीजेपी की सत्ता में वापसी की जिम्मेदारी योगी और उनके 09 नवरत्न नौकरशाह के कंधों पर ही रहेगी, लेकिन चुनाव जीतने की रणनीति बीजेपी आलाकमान ही तय करेगा। योगी सीएम की कुर्सी के दावेदार और पार्टी के स्टार प्रचारक तो होंगे परंतु सुपर स्टार की भूमिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही रहेंगे। बीजेपी आलाकमान जानता है कि यूपी में अभी भी मोदी की लोकप्रियता योगी से कहीं अधिक है। बीजेपी आलाकमान की मंशा मोदी को आगे करके योगी सरकार के खिलाफ जनता की नाराजगी को कम करना है।बात अन्य दलों के मुख्यमंत्री पद के दावेदारों की कि जाए तो बीजेपी से इत्तर एक मात्र अन्य राष्ट्रीय दल का रूतबा रखने वाली कांग्रेस के पास कथित रूप से प्रियंका वाड्रा के अलावा यूपी में सीएम के लायक कोई चेहरा ही नहीं है।

कांग्रेस की पुरानी लीडरशिप 'बुढ़ा' चुकी है और पिछले 15-20 वर्षों में पार्टी ने कोई नई लीडरशिप तैयार नहीं की, जो गिने-चुने नेता थे, वह पार्टी छोड़कर जा चुके हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह यही है कि यूपी में दशकों से कांग्रेस की सियासत गांधी परिवार के इर्दगिर्द घूमती रही है। पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी, संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अब प्रियंका वाड्रा सभी ने देश में चाहें जितना नाम कमाया हो, लेकिन इन सबने अपनी सियासी जमीन उत्तर प्रदेश से ही मजबूत की थी। नेहरू-गांधी परिवार की यूपी में जबर्दस्त पकड़ थी, जिसके चलते कांग्रेस ने वर्षों तक देश पर राज किया और सियासत में यह 'मुहावरा' भी फिट कर दिया गया कि 'दिल्ली का रास्ता, यूपी से होकर जाता है।' लेकिन इस हकीकत पर अब पर्दा पड़ चुका है। 2014 में मोदी लहर में भी अमेठी का दुर्ग बचाये रहने में कामयाब रहे राहुल गांधी पांच वर्ष बाद 2019 के लोकसभा चुनाव आते-आते अमेठी में अपने आप को इतना असहाय समझने लगे कि वह अमेठी के साथ-साथ केरल की वायनाड संसदीय सीट से चुनाव लड़ने पहुंच गए। राहुल का यह छलावा अमेठी की जनता को रास नहीं आया और उसने बीजेपी प्रत्याशी के रूप में स्मृति ईरानी को अपना नया सांसद चुन लिया। इस तरह से करीब छह दशक में जिस यूपी ने कांग्रेस को 'फर्श से अर्श' तक पहुंचाया था, उसने 2019 के लोकसभा चुनाव में उसे 'अर्श से फर्श' पर लाने में भी कोई संकोच नहीं किया, लेकिन 2014 हो या फिर 2019 का लोकसभा चुनाव दिल्ली का रास्ता यूपी से ही होकर गया। बस नायक बदल गए। पहले गांधी परिवार 'नायक' की भूमिका में रहता था, अब यही किरदार बीजेपी और पीएम मोदी निभा रहे हैं। आज जो सियासी हालात हैं उसमें लगभग यह तय माना जा रहा है यूपी की सत्ता के लिए राष्ट्रीय दल का रूतबा रखने वाली बीजेपी और उसके बाद क्षेत्रीय दल समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ही सत्ता की मजबूत दावेदार हैं। सपा-बसपा की तरफ से क्रमशः अखिलेश यादव और मायावती मुख्यमंत्री पद की दावेदार होंगी।लब्बोलुआब यह है कि जिस भी दल का सियासी समीकरण फिट बैठ जाएगा, वह ही सत्ता पर काबिज हो जाएगा। इसके लिए यूपी में चल रही पिछले कुछ महीनों की सियासत पर भी गौर करना होगा।

फिलहाल, पंचायत चुनाव में जमीनी हकीकत का अंदाजा लगने के बाद बीजेपी केंद्रीय नेतृत्व की सक्रियता का असर सरकार से संगठन तक हर स्तर पर नजर आने लगा है। हालंकि यह सक्रियता अभी कई स्तर पर दिखनी बाकी है। जहां कई समस्याओं के समाधान के लिए नीतिगत पहल का इंतजार है। दरअसल, पिछले काफी समय से सरकार से लेकर संगठन तक दुविधा में नजर आ रहे हैं। जनप्रतिनिधियों का फीडबैक था कि सीएम योगी की शह मिलने के चलते उनके सही कामों की भी कलेक्टर और कप्तान अनदेखी करते हैं। बार-बार के फीडबैक के बाद भी इस स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा था। सरकार से लेकर संगठन तक तमाम पद खाली थे, लेकिन उन्हें भरा नहीं जा रहा था, जिससे कार्यकर्ताओं में नाराजगी बढ़ रही थी। नाराज कार्यकर्ताओं का कहना था कि जब सियासी फायदा लेना होता है तब बूथ कार्यकर्ता ढूंढ़ा जाता है, लेकिन जरूरत पर बड़े पदाधिकारियों को छोड़ मंडल का प्रमुख कार्यकर्ता भी मंत्री तक नहीं पहुँच पाता है। मंत्रियों का जिला भ्रमण सरकारी बैठक व बड़े पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठक तक सिमट जाता है।

उक्त हालातों के चलते कोई दावे से यह नहीं कह पा रहा है कि यूपी में अबकी से किस दल की सरकार बनेगी।

भारतीय जनता पार्टी को भी इस बात का अहसास है इसलिए उसने चार साल से बोतल में बंद 'हिन्दुत्व' को फिर से बाहर निकल लिया है, जिसे 2017 का विधान सभा चुनाव जीतने के बाद बीजेपी 'बोतल' में बंद करके भूल गई थी। योगी सरकार द्वारा अपने पूरे कार्यकाल के दौरान ऐसा कुछ नहीं किया गया जिससे उसके वोटरों को इस बात का अहसास हो पाता कि उसने सरकार चुनने में कोई गलती नहीं की थी। इसके उलट योगी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' और सबका विश्वास' जीतने के चक्कर में ऐसी फंसी की वह न इधर की रही न उधर की' रही, जो मतदाता छोटे-बड़े तमाम चुनावों में ताल ठोंक कर कहते मिल जाते हैं कि वह लोग बीजेपी प्रत्याशी को हराने वाले के पक्ष में वोटिंग करते हैं, उन्हीं की नाराजगी से बचने के चक्कर में योगी सरकार कई मौकों पर बैकफुट पर नजर आई। चाहे बात अवैध बूचड़खानों की हो या फिर खुले में मांस की बिक्री का मसला या फिर कोर्ट के आदेश के बाद भी मस्जिद से लाउडस्पीकर नहीं हटा पाने की मजबूरी ? कहीं भी योगी सरकार निर्णायक भूमिका में नजर नहीं आई। कहने को तो योगी सरकार ने 'लव जेहाद' के खिलाफ कानून बना दिया है। मगर लव जेहाद की शिकार लड़कियों की सुनवाई आज भी कहीं नहीं हो पा रही है। छद्म नाम के सहारे हिन्दू लड़कियों को लव जेहादी अपने जाल में फंसा रहे हैं।बात 2017 के विधान सभा चुनाव में बीजेपी की पक्ष में बम्पर मतदान करने वाले वोटरों के नजरिये की कि जाए तो, बीजेपी के पक्ष में वोटिंग करने वालों को यही लगता था कि योगी सरकार जरूर ऐसा कुछ करेगी, जिससे जातियों में बंटा हिन्दू समाज एकजुट और जाग्रत होगा। इसके लिए सरकार ने कोरी बयानबाजी के अलावा क्या कदम उठाए कोई नहीं जानता है। सरकार चाहती तो नगर निकाय और पंचायत चुनाव की वोटिंग को अनिवार्य बना सकती थी।

उधर पार्टी सूत्रों का कहना है कि वह 2014 के लोकसभा व 2017 के विधानसभा चुनाव फॉमूले पर मैदान में उतरेगी। इन दोनों चुनावों में पार्टी ने हिंदुत्व और सामाजिक न्याय के मुद्दे पर चुनाव लड़ा था। पार्टी सामूहिक नेतृत्व का भी संदेश देगी। इसके तहत क्षेत्र विशेष में जाति विशेष के कद्दावर नेताओं को चुनाव प्रचार में अहमियत दी जाएगी। सूत्रों का कहना है कि कोरोना की दूसरी लहर के अलावा कई अन्य कारणों से प्रदेश के लोगों में नाराजगी है हालांकि, यह नाराजगी अभी किसी प्रतिद्वंद्वी दल के प्रति प्रेम में नहीं बदली। नाराजगी दूर करने और अपनी पकड़ कायम रखने के लिए पार्टी और सरकार के स्तर पर जल्द ही बड़ा अभियान छेड़ने की तैयारी है।

-संजय सक्सेना

# इस बार भी नहीं होगा चमलियाल मेला, लगातार चौथे साल भारत-पाक के बीच नहीं बँटेगा शर्बत

जानकारी के लिए बता दें कि यह मेला भारतीय क्षेत्र में एक दिन तो पाकिस्तान में सप्ताह भर चलता है। भारतीय क्षेत्र में चमलियाल मेला एक दिन चलता है। वहीं जीरो जाइन से 300 मीटर दूर पाकिस्तान के सैदांवाली गांव में यह करीब एक हफ्ता चलता है।

यह लगातार चौथा साल है जब जम्मू के इंटरनेशनल बार्डर पर लगने वाले चमलियाल मेले में परंपरा टूटेगी। चार सालों से दोनों मुल्कों के बीच प्रसाद के रूप में बांटा जाने वाला 'शक्कर' और 'शर्बत' नहीं बंटेगा। लगातार दूसरे साल इस मेले को कोरोना के कारण रद्द कर दिया गया है जबकि वर्ष 2019 में इसे पाक गोलाबारी के डर से आयोजित नहीं किया गया था। उससे पहले वर्ष 2018 में पाक सेना के अड़ियल रवैये के कारण भारतीय पक्ष ने 'शक्कर' और 'शर्बत' उस पार भिजवाने से मना कर दिया था। इस बार यह मेला 24 जून को आयोजित होना था।अधिकारियों ने इस बार इस ओर के लोगों को भी दरगाह पर एकत्र होने से मना कर दिया है। इसलिए इस बार दोनों मुल्कों के बीच बंटने वाली शक्कर व शर्बत की परंपरा टूट जाएगी। वैसे यह कोई पहला अवसर नहीं है कि यह परंपरा टूटने जा रही हो बल्कि अतीत में भी पाक गोलाबारी के कारण कई बार यह परंपरा टूट चुकी है और इसमें दूसरी बार कोरोना संकट भी एक कारण बन गया है।दरअसल इंटरनेशनल बॉर्डर पर जीरो लाइन पर चमलियाल मेला तभी संभव होता है जब पाकिस्तान की ओर से विश्वास दिलाया जाता है कि किसी भी हालात में मेले के दौरान गोलीबारी या कोई अन्य शरारत नहीं की जाएगी। वर्ष 2018 में सीमा पर भारी गोलाबारी कर रहे पाकिस्तान ने मेले को लेकर सुचेतगढ़ में हुई सेक्टर कमांडर स्तर की फ्लैग मीटिंग में अपने तेवर नरम करने की दिशा में कोई गंभीरता नहीं दिखाई थी। ऐसे हालात में लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने 2018 में भी मेले को रद्द कर दिया था।जानकारी के लिए बता दें कि यह मेला भारतीय क्षेत्र में एक दिन तो पाकिस्तान में सप्ताह भर चलता है। भारतीय क्षेत्र में चमलियाल मेला एक दिन चलता है। वहीं जीरो लाइन से 300 मीटर दूर पाकिस्तान के सैदांवाली गांव में यह करीब एक हफ्ता चलता है। बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2017 तक चमलियाल मेले के आयोजन में पाकिस्तान भी गंभीरता दिखाता रहा है, लेकिन वर्ष 2018 में उसने मेले से ठीक पहले खूनखराबा करने की मंशा से गोलाबारी कर स्पष्ट संकेत दे दिए थे कि वह मेले के प्रति गंभीर नहीं है।मेले के बारे में एक कड़वी सच्चाई यह थी कि जब 1947 में देश का बंटवारा हुआ था तो दरगाह के दो भाग हो गए थे। असली दरगाह इस ओर रह गई और उसकी प्रतिकृति पाकिस्तानी नागरिकों ने अपनी सीमा चौकी सैदांवाली के पास स्थापित कर ली।बताया यही जाता है कि पाकिस्तानी नागरिक बाबा के प्रति कुछ अधिक ही श्रद्धा रखते हैं तभी तो इस ओर मेला एक दिन तथा उस ओर सात दिनों तक चलता रहता है जबकि इस ओर 60 से 70 हजार लोग इसमें शामिल होते रहे हैं जबकि सीमा के उस पार लगने वाले मेले में शामिल होने वालों की संख्या चार लाख से भी अधिक होती है। मेले में आने वाले इस बार निराश हुए थे क्योंकि मेले का मुख्य आकर्षण दोनों देशों के बीच-शक्कर व शर्बत-का आदान प्रदान का दृश्य होता था जो इस बार भी नदारद होगा।परंपरा के अनुसार पाक स्थित सैदांवाली चमलियाल दरगाह पर वार्षिक साप्ताहिक मेले का आगाज वीरवार को होता है और अगले वीरवार को समापन। जिस दिन भारतीय क्षेत्र दग-छन्नी स्थित दरगाह पर मेला लगता है, उस दिन पाकिस्तान को तोहफे के तौर पर पवित्र शरबत और शक्कर भेंट की जाती है।जीरो लाइन पर स्थित चमलियाल सीमांत चौकी पर जो मजार है वह बाबा दीलिप सिंह मन्हास की समाधि है। इसके बारे में प्रचलित है कि उनके एक शिष्य को एक बार चम्बल नामक चर्म हो गया था। बाबा ने उसे इस स्थान पर स्थित एक विशेष कुएं से पानी तथा मिट्टी का लेप शरीर पर लगाने को दिया। उसके प्रयोग से शिष्य ने रोग से मुक्ति पा ली। इसके बाद बाबा की प्रसिद्धि बढ़ी तो गांव के किसी व्यक्ति ने उनका गला काट कर हत्या कर दी। – **सुरेश एस डुग्गर**

# बदली हुई आदतें ही जीवन का स्थायी हिस्सा हो जाएंगी कोरोना काल में




रेस्तरां के किचन की लाइव स्ट्रीमिंग और वेटरों के चेहरों पर मास्क जैसे कई बदलाव दिखाई देने वाले हैं। शिक्षा में व्यापक बदलाव होंगे। दुनिया भर में लॉकडाउन के चलते स्कूलों के बंद करने पर जोर हर जगह दिखा। टीचरों और छात्रों के बीच ऑनलाइन संपर्क बढ़ा।कोरोना महामारी ने हमारी जीवनशैली की दिशाओं में आमूल-चूल परिवर्तन कर दिया है। कोरोना वायरस के कारण हमारी आदतें और हमारी दिनचर्या काफी हद तक बदल गई है, जिसे हम हर दिन अनुभव भी कर रहे हैं और जी भी रहे हैं। इतिहास की कई बड़ी आपदाओं के बाद सामाजिक, आर्थिक समझ और जीवनशैली में व्यापक बदलाव देखे गए हैं लेकिन कोरोना संकट के दौर ने तो सबकुछ ही बदल दिया है, हमारे खानपान और जीवन के तौर-तरीकों से लेकर हमारी कार्यशैली एवं सोचने की दिशाएं सब कुछ बदल गयी है। आने वाले समय में इन बदलावों का बड़ा असर पड़ने वाला है। हो सकता है कि इस दौरान हमारी बदली आदतें हमारे जीवन का स्थाई हिस्सा बन जाए।

नयी बनती दुनिया में एक नया आर्थिक नजरिया पनपेगा। अब तक पूंजीवादी नजरिया उद्यमिता की वकालत करता रहा है यानी वह व्यक्ति को हीरो बनाता रहा है। कभी यह नहीं बताया गया कि हर सफलता के पीछे कई लोगों की मेहनत और सहयोग होता है, कोई अकेला कुछ नहीं करता। कोरोना वायरस अब यह समझ पैदा करेगा कि हर काम की कीमत समझी जाए। ऐसे कई कामों की जो अब तक गरीब लोग या औरतें कर रही थीं, अब उनके श्रम का मूल्यांकन करना होगा। अब पुरुषों की मानसिकता बदलने की उम्मीद भी की जा सकती है, हालांकि कितनी बदलेगी और वो महिलाओं के काम की कीमत कितनी समझ पाएंगे, यह वक्त बताएगा। कुल मिलाकर, साथ रहने और एक दूसरे के काम का सम्मान करने की भावना विकसित होने की उम्मीद जगी है। दुनिया में भले ही बाहर जाकर रेस्टॉरेंट में खाने का चलन पूरी तरह खत्म न हो लेकिन सीमित हो ही जाएगा। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि डिजिटल मेन्यू, रेस्तरां के किचन की लाइव स्ट्रीमिंग और वेटरों के चेहरों पर मास्क जैसे कई बदलाव दिखाई देने वाले हैं। शिक्षा में व्यापक बदलाव होंगे। दुनिया भर में लॉकडाउन के चलते स्कूलों के बंद करने पर जोर हर जगह दिखा। टीचरों और छात्रों के बीच ऑनलाइन संपर्क बढ़ा।शासन-प्रशासन एवं उनकी नीतियों में भी व्यापक बदलाव होंगे। उम्मीद की जा रही है कि भारत रक्षा पर जितना खर्च करता है, अब स्वास्थ्य पर भी करने लगेगा। ऐसा बहुत कुछ होगा, जो आमूलचूल बदलाव लगेगा क्योंकि अब सबसे बड़ा दुश्मन महामारी को समझने की समझ बनेगी। सरकारी स्वास्थ्य तंत्र को विकसित किया जाएगा क्योंकि प्राइवेट सेक्टर इस महामारी के दौर में नाकाफी साबित हुआ है। वहीं देश में, डॉक्टरों और नर्सों की संख्या बढ़ाने पर जोर रहेगा। दवाओं और जरूरी मेडिकल उपकरणों का उत्पादन देश में करने जैसे कई बदलावों की उम्मीद की जा रही है क्योंकि अब संकट के समय में दूसरे देशों पर निर्भर रहने की आदत छोड़ना होगी, क्योंकि इस आदत ने हमें गहरी चोंटें दी है।कोरोना वायरस के चलते हुए लॉकडाउन के दौरान लोगों के पहनावे में भी बड़े बदलाव देखने को मिले। लोग लग्जरी कपड़ों के बजाय पाजामा जैसे जरूरत के कुछ ही सेट कपड़ों में कई दिन गुजारने के आदी हो रहे हैं। विदेश यात्राओं, पर्यटन, पार्टी और आउटिंग जैसे बहुत से बदलाव समाज देखेगा। शादी-विवाह जैसे सामाजिक रीति-रिवाजों एवं पर्व संस्कृति में भी बदलाव आयेगा। सेंटर फॉर एशिया पैसिफिक एविएशन के मुताबिक जल्द ही दुनिया की ज्यादातर एयरलाइन्स दीवालिया हो जाएंगी। अगर आप कोविड-19 के बाद दफ्तर जाएंगे तो बहुत कुछ बदला हुआ होगा। बिल्डिंगों के डिजाइन से लेकर बैठक व्यवस्था और व्यवहार तक बहुत कुछ। इन बड़े बदलावों के बावजूद सभी चाहते हैं कि जीवन पूर्ववत संचालित हो। कोरोना की आक्रामकता से उपरत होते हुए एक ऐसी मानवीय संरचना की आवश्यकता है जहां इंसान और उसकी इंसानियत दोनों बरकरार रहे। इसके लिये मनुष्य को भाग्य के भरोसे न रहकर पुरुषार्थ करते रहना चाहिए। इंसान का अपना प्रिय जीवन-संगीत भले टूट रहा है। वह अपने से, अपने लोगों से और प्रकृति से अलग हो रहा है। उसका निजी एकांत खो रहा है और रात का खामोश अंधेरा भी। इलियट के शब्दों में, ''कहां है वह जीवन जिसे हमने जीने में ही खो दिया।'' फिर भी हमें उस जीवन को पाना है जहां इंसान आज भी अपनी पूरी ताकत, अभेद्य जिजीविषा और अथाह गरिमा और सतत पुरुषार्थ के साथ जिंदा रह सके। इसी जिजीविषा एवं पुरुषार्थ के बल पर वह चांद और मंगल ग्रह की यात्राएं करता रहा है। उसने महाद्वीपों के बीच की दूरी को खत्म किया है।इंसान को स्वार्थी नहीं परोपकारी भी बनना होगा। उसे क्रूरता छोड़कर दयालु बनना होगा। लोभी व लालची बनने के नुकसान देखे हैं अब उदार व अपरिग्रह बनकर जीवन की दिशाओं को नियोजित करना होगा। कोरोना महामारी में भी उसकी चतुराई, उसकी बुद्धिमता, उसके श्रम और मनोबल ने निराशाओं को घनघोर किया है। इस सबके बावजूद जरूरत है कि इंसान का पुरुषार्थ उन दिशाओं में अग्रसर हो जहां से उत्पन्न सद्गुणों से इंसान का मानवीय चेहरा दमकने लगे। इंसान के सम्मुख खड़ी शिक्षा, चिकित्सा, जीने की मूलभूत सुविधाओं के अभाव की विभीषिका समाप्त हो। वह जीवन के उच्चतर मूल्यों की ओर अग्रसर हो।मनुष्य को अपना प्रयास नहीं छोड़ना चाहिए। किसी काम में सफलता मिलेगी या नहीं, कहा नहीं जा सकता। भविष्य में क्या होने वाला है, सब अनिश्चित है। यदि कुछ निश्चित है तो वह है व्यक्ति का अपना पुरुषार्थ। यह आवश्यक नहीं है कि सफलता प्रथम प्रयास में ही मिल जाए। कोरोना से पीड़ित मानवता को उस शिशु की भांति अभी चलना सीखना होगा। चलने के प्रयास में वह बार-बार गिरता है किंतु उसका साहस कम नहीं होता। गिरने के बावजूद भी प्रसन्नता और उमंग उसके चेहरे की शोभा को बढ़ाती ही है। जरा विचार करें उस नन्हें से बीज के बारे में जो अपने अंदर विशाल वृक्ष उत्पन्न करने की क्षमता समेटे हुए है। आज जो विशाल वृक्ष दूर-दूर तक अपनी शाखाएं फैलाएं खड़ा है, जरा सोचो कितने संघर्षों, झंझावतों को सहन करने के बाद इस स्थिति में पहुंचा है। सर्वस्व समर्पण और अपार प्रसव पीड़ा सहन करने के बाद ही कोई नारी मातृत्व का गौरव प्राप्त करती है। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, उसको पाने की तीव्र उत्कष्ठा एवं अदम्य उत्साह हो तो अकेला व्यक्ति भी बहुत कुछ कर सकता है। विश्वकवि रविंद्रनाथ टैगोर का यह कथन कितना सटीक है कि अस्त होने के पूर्व सूर्य ने पूछा कि मेरे अस्त हो जाने के बाद दुनिया को प्रकाशित करने का काम कौन करेगा। तब एक छोटा-सा दीपक सामने आया और कहा प्रभु! जितना मुझसे हो सकेगा उतना प्रकाश करने का काम मैं करूंगा। हम देखते हैं कि आखिरी बूंद तक दीपक अपना प्रकाश फैलाता रहता है। जितना हम कर सकते हैं उतना करते चले। आगे का मार्ग प्रशस्त होता चला जाएगा। किसी ने कितना सुंदर कहा है- जितना तुम कर सकते हो उतना करो, फिर जो तुम नहीं कर सको, उसे परमात्मा करेगा। -**ललित गर्ग**

# चौथा ओलम्पिक खेलने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनेंगी सानिया



**नयी दिल्ली वार्ता।** भारतीय टेनिस में पिछले एक दशक में एक सवाल लगातार पूछा जाता रहा है कि अगली सानिया मिर्जा कौन? अगली सानिया मिर्जा की तलाश जारी है जबकि 34 वर्षीया सानिया 23 जुलाई से होने वाले टोक्यो ओलम्पिक में जब उतरेंगी तो वह पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनेंगी जो चौथी बार ओलम्पिक में हिस्सा लेंगी।

ओलम्पिक्सडॉटकॉम से कहा ,%मेरा बहुत ही शानदार करियर रहा है। यह बस अपने आप में विश्वास करने और अपनी क्षमताओं में विश्वास करने की बात है। मैं अभी 30 के दशक में हूँ और मैं इस बारे में बिलकुल भी नहीं सोचती कि मैं कब तक कब तक खेलूंगी। यह बस हर दिन की बात है। मैं इसे लेकर भविष्य के बारे में ज्यादा नहीं सोचती।

अपने पहले बच्चे ईझान को 2018 में जन्म देने के बाद सानिया ने पिछले वर्ष जनवरी में विजयी वापसी की थी जब उन्होंने होबार्ट इंटरनेशनल डब्लूटीए टूर्नामेंट जीता था। उनके लिए आगामी गर्मियां काफी व्यस्त रहेंगी क्योंकि उन्हें विम्बलडन और ओलंपिक्स में हिस्सा लेना है।

सानिया ने कहा,मुझे कोर्ट पर काफी काम करना पड़ रहा है लेकिन मैं मैदान के बाहर भी ट्रेनिंग कर रही हूं मैं कोर्ट पर शार्प और ताकतवर रहने के लिए काफी मूवमेंट्स और गतिविधियों पर काम कर रही हूं।

भारतीय खिलाड़ी अपने ग्रासकोर्ट सत्र की शुरुआत इस सप्ताह ईस्टबॉर्न में डब्लूटीए इवेंट से करेंगी और उन्हें अपने रिकॉर्ड चौथे ओलंपिक्स का इन्तजार है। सानिया ने 2016 में पिछले रियो ओलंपिक्स में मिश्रित युगल स्पर्धा में रोहन बोपन्ना के साथ चौथा स्थान हासिल किया था।

सानिया ने कहा,यह मेरे जीवन का सबसे निराशाजनक क्षण था कि मैं पदक के इतने पास आकर भी इसे जीत नहीं पायी।%उन्होंने कहा,%मुझे अब ओलंपिक्स में देश की तरफ से उतरने का इन्तजार है। मुझे भारत की तरफ से खेलना बहुत पसंद है। चाहे मैं जहाँ भी खेलूं लेकिन ओलंपिक्स में देश के लिए खेलना मेरे लिए क्या सभी एथलीटों के लिए बड़े गर्व की बात है। मुझे बताया गया है कि मैं जब ओलम्पिक में उतरूंगी तो मैं किसी महिला द्वारा किसी और के साथ टीम बनाकर सर्वाधिक ओलम्पिक खेलने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन जाउंगी। मैं ओलम्पिक में उतरने के लिए आभारी हूं और मुझे अगले ओलम्पिक में उतरने का इन्तजार है। सानिया अपनी नौंवीं विश्व रैंकिंग के साथ ओलंपिक्स में उतरेंगी। यह पहली बार होगा जो महिला युगल स्पर्धा में उनके साथ उतरेगा और विश्व रैंकिंग में टॉप 100के अंदर है। सानिया ने 2008 बीजिंग ओलम्पिक में सुनीता राव के साथ,2012 लंदन में रश्मि चक्रवर्ती के साथ और 2016 रियो में प्रार्थना थोंबरे के साथ जोड़ी बनायी थी। वह टोक्यो में अंकिता रैना के साथ उतरेंगी जो विश्व डबल रैंकिंग में 95 वें स्थान के साथ भारत की शीर्ष रैंकिंग की युगल खिलाड़ी हैं।

अंकिता के लिए सानिया ने कहा, %%अंकिता कड़ी मेहनत करने वाली ईमानदार लड़की है उन्होंने बिली जीन किंग कप से पहले मेरे साथ कुछ समय गुजारा था।%% सानिया ने भारतीय महिला टीम को पहली बार बिली जीन किंग कप के प्ले ऑफ में पहुंचने में मदद की थी।

सानिया ने कहा,%%जब मैं पहली बार अंकिता से मिली थी तब वह 14 या 15 साल की थी। वह बहुत अनुशासित थी जो उसकी सबसे बड़ी ताकत है। मैं कभी ओलंपिक्स में ऐसी किसी महिला भारतीय खिलाड़ी के साथ नहीं उतरी हूं जो दुनिया में टॉप 100 के अंदर ह। इसलिए ऐसी खिलाड़ी के साथ खेलना अच्छा लगता है जो टूर में नियमित आधार पर खेल रही हो। उसे अभी लम्बा सफर तय करना है लेकिन वह कम से कम हर सप्ताह खेल रही है और इस स्तर को समझती है।%%

चोट की आशंकाओं और कोरोना महामारी के कारण सानिया ने 2020 में वापसी करने के बाद से कम ही मैच खेले हैं। सानिया ने इस साल तीन ही टूर्नामेंट क़तर ओपन, दुबई ओपन और ईस्टबॉर्न डब्लूटीए ही खेले हैं।

कोरोना के कारण मिले ब्रेक पर सायना ने कहा , यह बहुत चुनौतीपूर्ण था कि आपको यह पता नहीं था आपको शुरुआत में क्या करना है । लेकिन अब आपको यह मालूम है कि जिंदगी कुछ सामान्य हो रही है। जब पहला लॉक डाउन हुआ तो मैं भारत में ही थी। मेरे पास घर में ही एक टेनिस कोर्ट है इसलिए मैं एकदम खेलना नहीं भूली। पूरी ट्रेनिंग में लौटने के लिए कुछ प्रेरणा की जरूरत थी।

सानिया डब्लूटीए सर्किट में सुपरमॉम्स की बढ़ती भीड़ में शुमार हो गयी हैं जिनका नेतृत्व लीजेंड खिलाड़ी अमेरिका की सेरेना विलियम्स के पास है।सानिया ने कहा,%%मुझे अपने माता पिता, बहन सबसे शुरू में अच्छा समर्थन मिला और इसने पूरा काम किया। ईझान बड़ा प्यारा और देखभाल करने वाला लड़का है। वह इस बात को समझता है जब मैं उसे कहती हूं कि मैं अभ्यास करने जा रही हूं तो वह मेरे साथ बहुत आराम से आता है।

## डैरेन स्टीवंस ने केंट के साथ अनुबंध को एक वर्ष तक बढ़ाया

**लंदन, वार्ता।** वरिष्ठ एवं अनुभवी ऑलराउंडर डैरेन स्टीवंस ने इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट क्लब केंट के साथ अनुबंध को एक वर्ष तक बढ़ा दिया है। 45 वर्षीय डैरेन इस समर सत्र में शानदार फॉर्म में रहे हैं। काउंटी चैंपियनशिप में उन्होंने 47 की औसत से 423 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक शामिल हैं। वह आठ मैचों में 19.65 की औसत से 26 विकेट लेकर शीर्ष पर रहे हैं।इस समर सत्र की शुरुआत में स्टीवंस ने ग्लैमरगन के खिलाफ महज 149 गेंदों में 190 रनों की शानदार पारी खेली थी, जिसमें मिगुएल कमिंस के साथ नौवें विकेट के लिए 166 रन की साझेदारी शामिल है। उल्लेखनीय है कि स्टीवंस 2005 में क्लब में शामिल हुए थे और अब तक सभी प्रारूपों में 600 से अधिक मैच खेल चुके हैं। जून में वह काउंटी क्रिकेट के इतिहास में केंट के ऐसे पहले खिलाड़ी बने थे, जिन्होंने एक हजार से अधिक रन बनाए हैं और प्रत्येक प्रारूप में 100 विकेट लिए हैं। उन्हें इस सीजन से पहले विजडन के ' फाइव क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर ' पुरस्कार से भी नवाजा गया था।

## दिल्ली खेल विश्वविद्यालय की कुलपति बनी कर्णम मल्लेश्वरी



**विजयवाड़ा,वार्ता।** आंध्र प्रदेश के राज्यपाल बिस्वा भूषण हरिचंदन ने ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली और एकमात्र भारतीय महिला भारोत्तोलक कर्णम मल्लेश्वरी को दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा पहले दिल्ली खेल विश्वविद्यालय (डीएसयू) का कुलपति नियुक्त किए जाने पर बधाई दी है।गुरुवार को यहां जारी एक बयान में हरिचंदन ने कहा कि 2000 के सिडनी ओलंपिक में भारोत्तोलन में कांस्य पदक जीतने के बाद कर्णम मल्लेश्वरी देश में घरेलू स्तर पर एक नाम बन गई।उन्होंने कहा कि मल्लेश्वरी देश के खिलाड़ियों के लिए एक प्रेरणा हैं जिन्होंने विश्व चैंपियनशिप, एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 11 स्वर्ण सहित 29 अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं और उन्हें अर्जुन पुरस्कार, पद्मश्री पुरस्कार और राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश के लोगों के लिए यह गर्व का क्षण है कि उनके राज्य के श्रीकाकुलम जिले की रहने वाली मल्लेश्वरी को आप सरकार ने दिल्ली में पहले खेल विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया है।

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट शैड्यूल के चलते एक से अधिक डब्ल्यूटीसी फाइनल मुमकिन नहीं : आईसीसी सीईओ

**दुबई,वार्ता।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले और बाद में इसके आयोजन की अवधि पर उठे सवालों पर आईसीसी ने अपना पक्ष रखा है।

आईसीसी के कार्यकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ज्योफ एलार्डिस ने एक बयान में कहा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट शैड्यूल की वास्तविकता यह है कि हमारे पास ऐसी स्थिति नहीं होने वाली है, जहां फाइनल के लिए टीमों को एक महीने तक रोकना मुमकिन हो, इसलिए एक मैच के फाइनल का फैसला किया गया है। यह काफी रोमांचक इसलिए है, क्योंकि यह कुछ नया लाता है। दो साल के चक्र में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम का फैसला करने के लिए हमारे पास एक बार का टेस्ट मैच है। उल्लेखनीय है कि आईसीसी हाल ही में अपने 2024-31 चक्र के अंत तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के एक ही फाइनल की घोषणा की है, हालांकि वह यह पहले ही स्वीकार कर चुका है कि एक पूर्ण श्रृंखला के कितने मायने हैं, लेकिन उसने तार्किक रूप से यह संभव न हो पाने की बात कही थी।

## इंडियन बैंक की कर्मचारी पूजा अग्रवाल ने वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट विश्वकप में दो रजत पदक जीते

**नयी दिल्ली, वार्ता।** इंडियन बैंक की कर्मचारी पूजा अग्रवाल ने पेरू के लीमा में आयोजित वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट विश्व कप में दो सिल्वर मेडल जीते हैं। बैंक ने अपनी कर्मचारी और शार्प पैरा शूटर पूजा अग्रवाल की इस उपलब्धि का जश्न मनाया है।इंडियन बैंक में प्रबंधक के रूप में काम करते हुए पूजा डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में पूर्णत्व शूटिंग अकादमी में अंतरराष्ट्रीय पैरा पिस्टल शूटिंग और वैश्विक स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रशिक्षण करती हैं। यहां सुभाष राणा उन्हें कोचिंग देते हैं। उल्लेखनीय है कि 35 वर्षीय पूजा अतीत में एक दुखद दुर्घटना का शिकार हुई थी और वर्ष 2012 में उन्हें एक त्रिपक्षीय विच्छेदन का सामना करना पड़ा था। उन्होंने वर्ष 2014 में बैंक में शामिल होने के बाद वर्ष 2016 में शूटिंग शुरू की थी। तब से वह सभी चुनौतियों को हराकर एक विशेष रूप से सक्षम शार्प शूटर के रूप में प्रेरणादायक यात्रा का नेतृत्व कर रही हैं।

पूजा अग्रवाल का खेल जुनून निशानेबाजी-10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच1ए) है और वह पैरा निशानेबाजों में दुनिया में 12वें और एशिया में 11वें स्थान पर हैं। 2017 में पूजा ने 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट के लिए यूएई के अल ऐन में वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट विश्व कप में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय पदक जीता था। इसी वर्ष उन्होंने 61वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप 2017 में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक भी जीता था। बाद में उन्होंने वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट विश्व कप 2018 में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।

पूजा ने पदक जीतने के बाद कहा, मैं विश्व निशानेबाजी पैरा स्पोर्ट विश्व कप में दो रजत पदक जीतकर रोमांचित हूं। भले ही मेरे साथ बुरा व्यवहार किया गया, लेकिन मैंने अनुकूलन करना, बाधाओं से लड़ना और एक स्वतंत्र जीवन जीना सीखा। कोरोना महामारी के दौरान, मैंने अपने यू ट्यूब वीडियो के माध्यम से सामान्य जीवन जीने के लिए अन्य विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों का समर्थन करने और उन्हें शिक्षित करने का जिम्मा लिया है। मेरे सपनों को पंख देने और मेरे उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए मैं इंडियन बैंक की भी आभारी हूं। मुझे सच में विश्वास है कि अगर आप अपने सपने की दिशा में काम करने के लिए दृढ़ हैं तो हर सीमा को तोड़ना पड़ेगा। मैं भारत के लिए 2021 पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने की इच्छा रखती हूं और हमारे इंडिया बैंक को गौरवान्वित करने के साथ-साथ देश भर में विशेष रूप से सक्षम लोगों को सशक्त बनानी चाहती हूं।

## न्यूज़ीलैंड बना पहला आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियन

**साउथम्पटन, वार्ता।** अपने शीर्ष तेज गेंदबाज टिम साउदी की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के लाजवाब प्रदर्शन से न्यूज़ीलैंड ने भारत को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के छठे और आखिरी दिन बुधवार को दूसरी पारी में 170 रन पर समेट दिया जिससे उसे विश्व टेस्ट चैंपियन बनने के लिए 139 रन का लक्ष्य मिला और इस लक्ष्य को उसने 45.5 ओवर में दो विकेट पर 140 रन बनाकर पहला आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियन बनाने का गौरव हासिल कर लिया।

## स्टीव वॉ 21 वीं के महान टेस्ट कप्तान और दक्षिण अफ्रीका के कैलिस महान ऑलराउंडर



**मुंबई,वार्ता।** भारत के प्रमुख खेल प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ को 21वीं सदी का सबसे महान टेस्ट कप्तान और दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज खिलाड़ी कैकस कैलिस को सबसे महान टेस्ट ऑलराउंडर चुना गया है।

स्टार स्पोर्ट्स ने निर्धारित तिथि के अनुसार भारत और न्यूजीलैंड के बीच इंग्लैंड के साउथम्प्टन स्थित एजिस बॉल में खेले जा रहे आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के पांचवें दिन मंगलवार को स्टीव वॉ और छठे दिन बुधवार को चायकाल के दौरान कैलिस को यह सम्मान दिया गया। 57 मैचों में अपनी कप्तानी में टीम को 41 टेस्ट मैच जीतने वाले स्टीव वॉ ने इस खिताब के लिए सुपर स्टार विराट कोहली, ग्रीम स्मिथ और अपने हमवतन रिकी पोंटिंग को पछाड़ दिया। तो वहीं क्रिकेट के मैदान पर बल्ले और गेंद के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक कैलिस ने अपनी श्रेणी में बेन स्टोक्स, एंड्रयू फ्लिंटॉफ और रविचंद्रन अश्विन जैसे खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा है।

पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच संजय बांगर ने स्टीव वॉ को महान टेस्ट कप्तान के रूप में चुनते हुए स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम ' क्रिकेट लाइव ' में कहा, अगर एक लीडर के रूप में आपके पास सच में टीम की संस्कृति के तरीके और उसे प्राप्त होने वाले परिणामों का निर्धारण करने का अवसर है तो ऐसे में इस श्रेणी में नामित सभी खिलाड़ी उत्कृष्टता की सूची में हैं। विराट कोहली की बात करें तो मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह अंत में खेल के इतिहास में किसी भी अन्य कप्तान की तुलना में अधिक कप्तानी करेंगे, लेकिन यह भविष्य में होगा। जहां तक अभी की बात है तो मैंने स्टीव वॉ को चुना है, क्योंकि लगातार 15 या 16 टेस्ट मैच जीतना एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने कैलिस को महान टेस्ट ऑ राउंडर चुनते हुए कहा, यहां किसी को चुनना को बहुत आसान फैसला है, क्योंकि कैलिस एक शानदार खिलाड़ी हैं। वह 21वीं सदी के सबसे महान टेस्ट ऑल राउंडर श्रेणी में एक दावेदार थे, लेकिन वह गेंदबाजी श्रेणी में भी मौजूद थे, क्योंकि उनके पास टेस्ट में 200 से अधिक विकेट हैं। मैंने सनी भाई (सुनील गावस्कर) और उन सभी महान खिलाड़ियों से गैरी सोबर्स के बारे में बहुत सारी कहानियां सुनी हैं, इसलिए मेरी पीढ़ी में जिन खिलाड़ियों के खिलाफ मैं खेला हूं या जिन्हें मैंने देखा है उस हिसाब से मुझे लगता है कि कैलिस गैरी सोबर्स के बराबर हैं।

## टीम ने दिखाई दिलेरी और प्रतिबद्धता : केन विलियम्सन



**साउथम्पटन, वार्ता।**न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन ने यहां भारत के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल और अपना पहला आईसीसी टाइटल जीतने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि उनकी टीम ने इस उपलब्धि के लिए दिलेरी और प्रतिबद्धता दिखाई है। यह एक खास अहसास है। टीम के लिए एक आईसीसी टाइटल प्राप्त करना बहुत अच्छा है।

उन्होंने बुधवार को कहा, यह पहली बार है, जब हम एक विश्व खिताब लेकर आए हैं। जिन 22 खिलाड़ियों ने यह हासिल करने में बड़ी भूमिका निभाई है, वे सभी प्रशंसा के पात्र हैं। यह लंबे समय तक याद रखा जाएगा। हमारे पास हमेशा सभी स्टार खिलाड़ी नहीं थे, लेकिन फिर भी हमने इतनी दिलेरी और प्रतिबद्धता दिखाई। हम जानते हैं कि भारतीय टीम हर स्थिति में कितना मजबूत है। यह एक बार का फाइनल अस्थिर खेल है। इसमें उतार-चढ़ाव आए। सच में छह दिनों तक कोई भी किसी से आगे नहीं था और मुझे खुशी है कि हम आगे बढ़े और जीते। विलियम्सन ने कहा, पहली पारी में खेलना निश्चित रूप से मुश्किल था। निचले क्रम के बल्लेबाज हाथ खोल कर खेले और हमें बढ़त दिला। रॉस स्पष्ट रूप से इन स्थितियों में बहुत अनुभवी और शांत हैं और अंत में उनके साथ क्रीज पर रहना बहुत अच्छा था।विकेटकीपर बीजे वाटलिंग का यह आखिरी टेस्ट होने के बारे में पूछने पर कप्तान में कहा,%मुझे पता नहीं था कि वह सच में संन्यास ले रहे हैं। वह एक बहुमूल्य खिलाड़ी हैं, इसलिए बीजे वाटलिंग के शानदार करियर का यह सही अंत है।

### डब्ल्यूटीसी का एक फाइनल होना रोमांचक : विलियम्सन

**साउथम्पटन,वार्ता।**आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के विजेता कप्तान केन विलियम्सन ने डब्ल्यूटीसी के इकलौते फाइनल को लेकर भारतीय कप्तान विराट कोहली और मुख्य कोच रवि शास्त्री के विचारों से विपरीत प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि फाइनल का रोमांचक हिस्सा यह है कि एक बार में कुछ भी हो सकता है। हम जानते हैं कि क्रिकेट कितना अस्थिर है और हमने अन्य प्रतियोगिताओं, विश्व कपों और अन्य सभी छोटे प्रारूपों में यह देखा है। इकलौते फाइनल का एकमात्र कारक अनूठी गतिशीलता भी है, जो इसे रोमांचक बनाता है। एक बार में कुछ भी हो सकता है। हम उस बयान के सभी अलग-अलग पक्षों पर रहे हैं।

न्यूजीलैंड के कप्तान ने कहा, मुझे लगता है कि दोनों पक्षों के लिए तर्क हैं और मुझे लगता है कि सबसे बड़ी चुनौती शेड्यूलिंग होगी, क्योंकि अत्यधिक क्रिकेट के बीच श्रृंखला का आयोजन मुश्किल होगा, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि अगर आपके पास एक श्रृंखला होगी और जितना अधिक क्रिकेट होगा, आप उतना ही अधिक अच्छा कर पाएंगे और यह आपके चरित्र को प्रमाणित करेगा। यह सच में एक रोमांचक मैच था। पहली बार ऐसी प्रतियोगिता हुई है और दोनों टीमें खेल के लिए पूरी तरह से तैयार थीं।

## आईसीसी ने दो यूरोपीय क्वालीफायर टूर्नामेंटों को स्पेन शिफ्ट किया



**दुबई, वार्ता।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को यूरोपीय महिला टी-20 विश्व कप क्वालीफायर और यूरोपीय पुरुष अंडर-19 विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंटों को ब्रिटेन में जारी कोरोना प्रतिबंधों के कारण स्पेन में स्थानांतरित किए जाने की पुष्टि की है। दोनों टूर्नामेंटों की मेजबानी स्पेन के ला मंगा में क्रमश: 26 और अगस्त 30 और 19 से 25 सितंबर तक की जाएगी।

इस बीच स्कॉटलैंड, नामीबिया और नेपाल के बीच विश्व कप लीग दो की त्रिकोणीय वनडे श्रृंखला को 2022 तक स्थगित कर दिया गया है। इसकी वजह सख्त कोरोना प्रतिबंधों के कारण टीमों को यात्रा करने से रोका जाना है। वहीं छह मैचों की त्रिकोणीय श्रृंखला 20 जुलाई से 30 जून तक पहले स्कॉटलैंड में खेली जानी थी, लेकिन फिर अल्मेरिया के बाहरी डेजर्ट स्प्रिंग्स मैदान में मैच खेलने का विकल्प तलाशा गया और अब यह यहीं पर खेली जाएगी, जिससे स्पेन नीदरलैंड के बाद पुरुष एकदिवसीय क्रिकेट की मेजबानी करने वाला दूसरा महाद्वीपीय यूरोपीय देश बन जाएगा।

18 महीने से अधिक के अंतराल के बाद स्पेन में दो वनडे त्रिकोणीय श्रृंखलाएं आईसीसी के पुरुष वनडे टूर्नामेंट दूसरा चरण है जो फिर से शुरू होगा। इससे पहले नेपाल ने पिछले वर्ष फरवरी में सबसे हाल की लीग दो श्रृंखला में अमेरिका और ओमान की मेजबानी की थी। इस प्रकार प्रतियोगिता में अब तक 21 में से केवल पांच निर्धारित श्रृंखलाएं खेली गई हैं, जो 2023 विश्व कप के लिए अंतरराष्ट्रीय क्वालीफायर के लिए एक मार्ग के रूप में कार्य करती हैं।समझा जाता है कि यूरोपीय पुरुष अंडर-19 विश्व कप क्वालीफायर के स्पेन में शिफ्ट होने से ग्वेर्नसे और डेनमार्क की टीमें अपने सदस्यों की शैक्षणिक प्रतिबद्धताओं के कारण प्रतियोगिता से बाहर होने के लिए मजबूर हो गई हैं। एक ही क्वालीफाइंग स्लॉट के लिए अब केवल स्कॉटलैंड, आयरलैंड, नीदरलैंड और जर्सी की टीमें संघर्ष करेंगी। वहीं यूरोपीय महिला टी-20 विश्व कप क्वालीफायर में पहली बार फ्रांस और तुर्की की टीमें दिखेंगी। वे एक ही क्वालीफाइंग स्लॉट के लिए आयरलैंड, नीदरलैंड, स्कॉटलैंड और जर्मनी के साथ ला मंगा में भिड़ती नजर आएंगी।

आईसीसी के इवेंट प्रमुख क्रिस टेटले ने एक बयान में कहा, यह निराशाजनक है कि डेनमार्क और ग्वेर्नसे अंडर-19 क्षेत्रीय क्वालीफायर में भाग नहीं ले पाएंगे। हम इन आयोजनों को पुनर्निर्धारित करने में सक्षम बनाने के लिए शामिल सभी लोगों के प्रयासों के लिए आभारी हैं।

# एक मैच से सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम तय करने पर सहमत नहीं हूं : विराट



**साउथम्पटन,वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने यहां न्यूजीलैंड से पहली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल बुधवार को हारने के बाद कहा कि वह एक मैच में सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम तय करने पर सहमत नहीं हैं।

विराट ने भविष्य में डब्ल्यूटीसी फाइनल का विजेता तय करने के लिए एक से ज्यादा मैच कराए जाने पर जोर दिया,, हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनकी राय परिणाम पर आधारित नहीं हैं, लेकिन दो साल के चरण में खेले गए टूर्नामेंट से सर्वश्रेष्ठ टीम का फैसला केवल एक मैच नहीं कर सकता और न ही दो फाइनलिस्ट टीमों के चरित्र का प्रामाणिक चित्रण दे सकता है।

विराट का यह रुख टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री और भारतीय क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर के विचारों का समर्थन करता है। दरअसल डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले रवि शास्त्री और सचिन ने कहा था कि एक फाइनल मैच के बजाय तीन मैच उचित होंगे। रवि ने कहा था, लंबे समय में इस फाइनल को एक मैच के बजाय ' बेस्ट ऑफ थ्री ' मुकाबला होना चाहिए। भारतीय कप्तान ने बुधवार को ऑनलाइन प्रेस वार्ता में कहा, सच कहूं तो मैं एक मैच के आधार पर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम का फैसला करने से पूरी तरह सहमत नहीं हूं। अगर यह एक टेस्ट सीरीज होती तो इसमें तीन टेस्ट मैचों में चरित्र का परीक्षण होता कि कौन सी टीम श्रृंखला में वापस आने या दूसरी टीम को पूरी तरह से उड़ा देने की क्षमता रखती है। सिर्फ दो दिनों के अच्छे क्रिकेट के लिए दबाव बनाना और फिर आप अचानक एक अच्छे टेस्ट टीम नहीं हैं। मुझे इसमें विश्वास नहीं है।

उन्होंने कहा, मेरा मानना ??है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल तीन मैचों का होना चाहिए, ताकि आप एक टीम के रूप में उसी के अनुसार तैयारी करें और आपके पास एक मौका हो। अगर आपका पहला मैच अच्छा नहीं रहा तो आपके पास दूसरा मौका होगा सामने वाली टीम का परीक्षण लेने का। मुझे लगता है कि इस पर निश्चित रूप से भविष्य में काम करने की जरूरत है। तीन मैच होने से हम प्रयास कर सकते हैं। उतार-चढ़ाव आते हैं और श्रृंखला के दौरान स्थितियां बदलती रहती हैं। इससे आपको उन चीजों को सुधारने का मौका मिलेगा जो पहले मैच में गलत हुई हैं और फिर देखें कि तीन मैचों की श्रृंखला के दौरान कौन बेहतर टीम है। यह एक अच्छा उपाय होगा, इसलिए हम इस परिणाम से ज्यादा परेशान नहीं हैं, क्योंकि हम समझते हैं कि एक टेस्ट टीम के रूप में हमने न केवल पिछले 18 महीनों में, बल्कि तीन-चार वर्षों में बहुत अच्छा किया है, इसलिए यह इस बात का पैमाना नहीं है कि हम एक टीम के रूप में क्या हैं और इतने वर्षों से हमारे पास कितनी क्षमता है। उल्लेखनीय है कि भारत ने पिछले दो वर्षों में छह श्रृंखलाओं में से पांच जीत कर 520 अंकों के साथ डब्ल्यूटीसी के लंबे लीग चरण को टेबल टॉपर्स के रूप में समाप्त किया था। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ उनकी हालिया श्रृंखला जीत न्यूजीलैंड से हार के पहले आई थी।

विराट ने कहा, मुझे लगता है कि ऐतिहासिक रूप से आपने टेस्ट क्रिकेट में जितनी भी बेहतरीन सीरीज देखी हैं, आप उन्हें तीन या पांच मैचों की अवधि में याद करते हैं और जब दो टीमें ये सीरीज खेलती हैं तो ये यादगार बन जाती हैं। मुझे लगता है कि इसे निश्चित रूप से संज्ञान में लिया जाना चाहिए। मैं ऐसा इसलिए नहीं कह रहा हूं, क्योंकि हम जीतने वाली टीम नहीं हैं, बल्कि सिर्फ टेस्ट क्रिकेट और इस फाइनल को पूरी तरह से यादगार बनाने के लिए कह रहा हूं। मुझे लगता है कि यह कम से कम तीन मैचों के लिए होना चाहिए, ताकि आपके पास याद रखने के लिए एक श्रृंखला हो, क्योंकि इस दौरान उतार-चढ़ाव होते हैं और दो क्वालिटी टीमें यह जानते हुए एक-दूसरे से भिड़ती हैं कि दांव पर बहुत कुछ है।

उन्होंने डब्ल्यूटीसी फाइनल हारने के बाद निराश होते हुए कहा, प्रदर्शन करने के लिए टीम में सही मानसिकता वाले खिलाड़ियों को लाने की जरुरत है। मेरे हिसाब से टेस्ट क्रिकेट का सेट-अप सफेद गेंद सेट-अप की तरह होना चाहिए, जहां कई ऐसे खिलाड़ी हों जो उच्च स्तर पर जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हों और बेखौफ तरीके से खेलें। कुछ खिलाड़ियों ने रन बनाने के लिए सही इरादा नहीं दिखाया, जिसके चलते बल्लेबाजी पर अधिक दबाव पड़ा।

कप्तान ने कहा, हम अपनी टीम को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक चीजों के बारे में मूल्यांकन करना और बातचीत करना जारी रखेंगे। हम ऐसे स्वरूप को फॉलो नहीं करेंगे जिससे हमें नुकसान हो। हम एक या दो वर्ष तक इंतजार नहीं करेंगे। हमें आगे की योजना तैयार करनी होगी। अगर आप हमारी वनडे और टी-20 टीम को देखें तो उसमें काफी गहराई है जिसमें खिलाड़ी आत्मविश्वास से लबरेज हैं। टेस्ट क्रिकेट में भी ऐसा करने की जरूरत है।

## ऋतिक की फिल्म कृष के प्रदर्शन के 15 साल पूरे




**मुंबई, वार्ता।** बॉलीवुड के माचो मैन ऋतिक रौशन की फिल्म कृष के प्रदर्शन के 15 साल पूरे हो गये हैं।

ऋतिक रोशन की कृष 23 जून 2006 में रिलीज़ हुई थी। यह ऋतिक की पहली साइंस फिक्शन फ़िल्म थी। यह फिल्म कोई मिल गया की सीक्वल थी।फ़िल्म का निर्देशन राकेश रोशन ने किया था। ऋतिक के साथ फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, रेखा, नसीरुद्दीन शाह मुख्य भूमिका निभाते नजर आए थे।फिल्म कृष के प्रदर्शन के 15 साल पूरे हो गये हैं।ऋतिक रोशन ने फिल्म के 15 साल पूरे होने पर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कृष 4 को लेकर हिंट दिया है। ऋतिक रोशन ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, अतीत में जो होना था, हो चुका है। देखते हैं, फ्यूचर क्या लेकर आता है। ऋतिक ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें कृष और मास्क की एक झलक दिखायी गई है। ऋतिक रोशन के फैन्स काफी एक्साइटेड हैं कि कृष फिर से बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगा।

## हॉलीवुड में काम करेंगे विद्युत जामवाल



**मुंबई, वार्ता।** बॉलीवुड के एक्शन स्टार विद्युत जामवाल हॉलीवुड में काम करने जा रहे हैं।

ब्रूस ली, जैकी चैन और जेट ली जैसे दिग्गजों के साथ अपना नाम दर्ज करवा चुके विद्युत जामवाल दुनिया के शीर्ष मार्शल आर्टिस्टट में से एक हैं और अब जल्द ही वह हॉलीवुड में प्रवेश कर ऊंची उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। विद्युत आधिकारिक तौर पर एकमात्र ऐसे भारतीय एक्शन सुप्रीमो हैं जिन्हें इंडस्ट्री के सबसे प्रतिष्ठित टेलेंट मैनेजमेंट एजेंसी – वंडर स्ट्रीट द्वारा हस्ताक्षरित किया गया है, इस एजेंसी ने टोनी जा, माइकल जा व्हाइट और डॉल्फ़ लुंदग्रेन जैसे एक्शन नायकों का प्रतिनिधित्व किया है।

अपने काम और प्रतिभा के दम पर विद्युत् अब पश्चिम में भी भारत का परचम फैलाएंगे। वे वंडर स्ट्रीट पार्टनर्स क्रिस्टीन होल्डर और मार्क होल्डर के साथ काम करेंगे ।इसी साल उन्होंने अपने प्रोडक्शन हाउस एक्शन हीरो फिल्म्स की भी घोषणा की थी। वह हॉलीवुड के प्रमुख निर्माताओं से बातचीत भी कर रहे हैं जो उनके प्रोडक्शन के साथ मिलकर काम करे ।वंडर स्ट्रीट के साथ अपने एसोसिएशन के बारे में बात करते हुए, विद्युतजामवाल ने कहा, मैं हॉलीवुड के कुछ सबसे मेहनती कलाकारों के साथ जुड़कर बेहद खुश हूं। वह जल्द ही सनक और खुदा हाफ़िज़ चैप्टर 2 में नज़र आयेंगे।

## विजय सेतुपति के साथ धमाल करेगी कैटरीना कैफ !



**मुंबई, वार्ता।** बॉलीवुड की बार्बी गर्ल कैटरीना कैफ सिल्वर स्क्रीन पर दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार विजय सेतुपति के साथ काम करती नजर आ सकती है।कैटरीना कैफ इन दिनों टाइगर 3 को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वह सलमान खान के साथ काम कर रही है। फिल्म की शूटिंग कोविड के कारण रुकी पड़ी है। चर्चा है कि कैटरीना, दक्षिण भारतीय फ़िल्मों के स्टार विजय सेतुपति के साथ श्रीराम राघवन की फ़िल्म में नज़र आएंगी। कैटरीना ने फ़िल्म पर काम शुरू कर दिया है। इन दिनों कैटरीना फिल्म की कहानी पढ़ रही हैं, इससे कैटरीना अपने रोल को अच्छे से समझ पाएंगी और इसी के अनुसार खुद को ढाल भी पाएंगी।फिल्म का टाइटल तय नहीं है लेकिन कहा जा रहा है कि मेरी क्रिसमस के नाम से फिल्म बनायी जा सकती है। बताया जा रहा है कि पूरी ही फिल्म का पूरा शूटिंग शेड्यूल 30 दिन का होगा।फिल्म भी केवल 90 मिनट की होने वाली हैं।कैटरीना,सलमान ख़ान के साथ टाइगर 3 की शूटिंग पूरी करने के बाद इस फ़िल्म को शूट कर सकती हैं।

## दोस्ताना 2 में काम करेंगे अक्षय कुमार!



**मुंबई, वार्ता।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार दोस्ताना 2 में काम करते नजर आ सकते हैं।बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर अपनी सुपरहिट फिल्म दोस्ताना का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। दोस्ताना 2 के लिये पहले कार्तिक आर्यन का चयन किया गया था। कार्तिक के फिल्म से बाहर होने के बाद से मेकर्स फिल्म के लिए नए चेहरे की तलाश कर रहे हैं। चर्चा है कि फिल्म में कार्तिक की जगह करण जौहर अब अक्षय कुमार को लेने जा रहे हैं।कहा जा रहा है कि अक्षय ने फिल्म दोस्ताना 2 के लिए हां कह दी है।हालांकि इन दिनों अक्षय अपने बाकी प्रोजेक्ट्स में बिजी हैं, इसी वजह से वह इस फिल्म की शूटिंग 2022 में शुरू कर सकते हैं।

## सत्यनारायण की कथा में काम करेंगे कार्तिक आर्यन



**मुंबई, वार्ता।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन फिल्म सत्यनारायण की कथा में काम करने जा रहे हैं।

कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म %सत्यनारायण की कथा% का वीडियो टीजर पोस्टर रिलीज हो गया है। इस फिल्म को साजिद नाडियाडवाला प्रोडयूस करने वाले हैं, जबकि इसे समीर विद्वांस निर्देशित करेंगे। %सत्यनारायण की कथा% एक एपिक लव स्टोरी है, जिसमें कार्तिक लीड रोल प्ले कर रहे हैं। फिल्म में कार्तिक के अपॉजिट कौन होंगी, इसे लेकर अभी तक कोई फैसला नहीं किया गया है। नवंबर-दिसंबर में फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी।

कार्तिक आर्यन भी फिल्म का हिस्सा बनकर बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा, मैं पिछले कुछ समय से साजिद सर के साथ काम करना चाहता था। मैं उनसे इससे बेहतर सहयोग नहीं मांग सकता था। मुझे बेहद खुशी है कि मैं साजिद सर, शरीन और किशोर के विजन का हिस्सा हूं। सत्यनारायण की कथा एक म्यूजिकल लव स्टोरी है, जिसमें नैशनल अवॉर्ड पा चुके लोगों का एक पावरहाउस है। समीर विद्वांस सर के साथ भी यह मेरे लिए पहली बार है। उनके पास संवेदनशील विषयों को एंटरटेनिंग बनाने की गजब समझ है। ईमानदारी से कहूं तो मैं बहुत दबाव और जिम्मेदारी महसूस कर रहा हूं, क्योंकि इस टीम में एक मैं ही हूं, जिसे नैशनल अवॉर्ड नहीं मिला है।


## तेरी आँखों में वो जादू है को लेकर रोमांचित है गुंजन पंत



**मुंबई, वार्ता।** भोजपुरी अभिनेत्री गुंजन पंत अपनी आने वाली फिल्म तेरी आँखों में वो जादू है को लेकर रोमांचित महसूस कर रही है।भोजपुरी फिल्मों के मशहूर निर्माता जितेश दुबे और निर्देशक अजय कुमार की हिट जोड़ी मल्टीस्टारर फिल्म %तेरी आँखों में जादू है% से धमाल मचाने वाली है, जिसका निर्माण श्री कृष्णा क्रिएशन के बैनर तले होने वाला है। फिल्म %तेरी आँखों में जादू है की निर्माता पायल दुबे हैं।इस फिल्म में गुंजन पंत, विनय आनंद, रानी चटर्जी, पाखी हेगड़े, सुदीप पांडेय, प्रिंस सिंह राजपूत, अमित शुक्ला, ब्रजेश त्रिपाठी, संजय सिंह, प्राची सिंह,विपिन सिंह, राहुल श्रीवास्तव और आइटम क्वीन शाईना सिंह मुख्य भूमिका में होंगी। फिल्म के कार्यकारी निर्माता सतीश उपाध्याय हैं।

गुंजन पंत फ़िल्म %तेरी आँखों में वो जादू है को लेकर रोमांचित हैं। गुंजन पंत ने बताया कि कोरोना को लेकर लॉकडाउन के कारण फिल्म की शूटिंग बंद हो गयी थी। हम एक बार फिर से फिल्मों की शूटिंग करने जा रहे हैं। फिल्म %तेरी आँखों में वो जादू है मल्टीस्टार फिल्म है जिसे लेकर बेहद रोमांच महसूस कर रही हूँ। फिल्म के निर्माता जितेश दुबे और पायल दुबे के साथ मैंने कई फिल्मों में काम किया है, उनके साथ काम करना पारिवारिक माहौल जैसा महसूस होता है। फिल्म के निर्देशक अजय कुमार के साथ भी मैंने इससे पूर्व काम किया है, जिसका अनुभव काफी अच्छा रहा है।

# कंगना रनोट जानें क्यों करेंगी इंदिरा गांधी पर बनने जा रही फिल्म इमरजेंसी का निर्देशन



**नई दिल्ली वार्ता।** कंगना रनोट ने हाल ही में घोषणा की है कि वह फिल्म इमरजेंसी का निर्देशन भी करेंगी। यह फिल्म भारत की भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन पर आधारित हैद्य पहले यह खबर आई थी कि इस फिल्म का निर्देशन साई कबीर करने वाले हैं, जिन्होंने कंगना रनोट की फिल्म रिवॉल्वर रानी का निर्देशन किया थाद्य अब कंगना रनोट ने बुधवार को कहा है कि वह इस बायोपिक का निर्देशन करेंगी और उन्हें लगता है कि उनसे बढ़िया इस फिल्म को कोई नहीं संभाल पाएगा।

इस बारे में बताते हुए उन्होंने कू ऐप पर लिखा है, एक बार फिर निर्देशक की टोपी पहनने को तैयार हूं।इमरजेंसी फिल्म पर एक वर्ष से अधिक काम करने के बाद मुझे समझ में आया कि इसे मुझसे अच्छा कोई नहीं निर्देशित कर सकता। मैं लेखक रितेश शाह के साथ मिलकर काम करूंगी। इसका मतलब यह है कि मुझे कई अन्य एक्टिंग असाइनमेंट छोड़ने पड़ेंगे लेकिन यह त्याग करने के लिए मैं तैयार हूं।

कंगना रनोट ने इस फिल्म के निर्देशन को लेकर उत्साहित हैद्य कंगना ने मणिकर्णिका फिल्म का निर्देशन भी किया था। यह फिल्म 2019 में आई थीद्य फिल्म के क्रेडिट रोल में कंगना रनोट और राधा कृष्णा जगरलामुदी को भी निर्देशक का क्रेडिट दिया गया थाद्य कंगना रनोट जल्द इमरजेंसी के अलावा थलैवी और धाकड़ में भी नजर आएंगीद्य कंगना रनोट सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैद्य वह असक्र अपनी वीडियो और फोटो शेयर करती है जो कि बड़ी तेजी से वायरल होती है।

कंगना रनोट सोशल मीडिया पर अक्सर फिल्म इंडस्ट्री पर वंशवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाती हैद्य वह इसे लेकर कई कलाकारों को घेर चुकी है। इनमें रणबीर कपूर और आलिया भट्ट भी शामिल हैद्य कंगना रनोट को ट्विटर पर हमेशा के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया हैद्य इसके बाद उन्होंने कू ऐप पर अकाउंट खोलकर अपना मत रखना शुरू कर दिया है।

### खेसारी लाल यादव और स्वाति शर्मा का गाना मोहल्ला माचिस हो गया रिलीज

**नई दिल्ली वार्ता।** भोजपुरी अभिनेता-गायक खेसारी लाल यादव और बॉलीवुड सिंगर स्वाति शर्मा का भोजपुरी फ़िल्म लिट्टी चोखा में गाया धमाकेदार गाना मोहल्ला माचिस हो गया रिलीज होने के साथ ही वायरल हो गया है। इस गाने में खेसारी लाल यादव अपनी हीरोइन से कहते हैं 'तू जरा फुलझड़ी क्या हुई मोहल्ला माचिस हो गया।'

## डिनर के बहाने रात को मिलने के लिए बुलाते थे मेकर्स

### मिनिषा लांबा ने कास्टिंग काउच को लेकर किया खुलासा



**नई दिल्ली वार्ता।** बॉलीवुड एक्ट्रेस मिनीषा लांबा इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को खुलासों को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। कुछ दिन पहले एक्ट्रेस ने बताया था कि पति रेयान थाम से तलाक लेने के बाद उन्हें फिर से प्यार हो गया था, और पिछले एक साल वो किसी को डेट कर रही हैं। हालांकि एक्ट्रेस ने उस शख्स का नाम और पहचान नहीं बताई। वहीं एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि एक एक्टर ने रिलेशनशिप में उनके साथ धोखा किया था, इसलिए बाद में उन्होंने किसी सेलेब्रिटी को डेट नहीं किया।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने कास्टिंग काउच को लेकर खुलकर बात की है और बताया है कि किस तरह वो इसका शिकार हुई हैं। आरजे (रेडियो जॉकी) सिद्धार्थ कनन से बातचीत में एक्ट्रेस ने बताया, 'मुझे लगता है कि कोई भी इंडस्ट्री जहां पुरुष मौजूद होते हैं वो ऐसा करने की कोशिश करते हैं। ये इंडस्ट्री भी इससे अलग नहीं है। मुझे निश्चित रूप से ऐसी चीजों का सामना करना पड़ा है, जहां वो शख्स फिल्म के बारे में बात नहीं करता बल्कि कहता है, 'आप रात को डिनर के लिए क्यों नहीं मिलतीं वहां बात करते हैं। और मैं ये कहकर मना कर देती थी कि हम ऑफिस में क्यों नहीं मिल सकते। मैं डिनर के बारे में तो नहीं कह सकती लेकिन मैं ज़रूर फ्री हूं, हम टाइम फिक्स कर सकते हैं और आपके ऑफिस में मिल सकते हैं बातचीत के लिए। मैंने स्थितियों को ऐसे हैंडल किया। मैं हमेशा ऐसे दिखाती थी कि मुझे समझ नहीं आ रहा कि सामने वाला क्या कह रहा है' ।बातचीत में सिद्धार्थ कन्नन ने मिनीषा लांबा से पूछा कि क्या वह इस वजह से किसी बॉलीवुड अभिनेता को डेट नहीं करती हैं क्योंकि उन्हें धोखा मिल चुका है।

## सलमान और शाहरुख़ ने जब अवॉर्ड शो में बतायी थी अपने बीच हुए झगड़े की असली वजह



**नई दिल्ली वार्ता।** सलमान ख़ान और शाह रुख़ ख़ान की दोस्ती और दुश्मनी, दोनों ही फ़िल्म इंडस्ट्री में काफ़ी चर्चित रही हैं। हालांकि, कुछ सालों बाद दोनों के रिश्ते सामान्य हो गये थे। सलमान और शाह रुख़ के बीच बॉन्डिंग 2016 में स्टार स्क्रीन अवॉर्ड्स के मंच पर भी नज़र आयी थी, जब दोनों ने बड़े ही मज़ाकिया अंदाज़ में इस लड़ाई की असली वजह बतायी थी।

वीडियो में शाह रुख़ कहते हैं- किसी को यह नहीं मालूम है कि सलमान और मेरा झगड़ा क्यों हुआ हमारा झगड़ा एक बहुत छोटी सी बात पर हुआ कि हम दोनों में से ज़्यादा ख़ुश कौन है। इसी बात पर हमारा झगड़ा हो गया और असली वजह हम सबसे सामने बताना चाहते हैं।

सलमान शाह रुख़ को बीच में रोककर कहते हैं कि यह मुझे कंविंस करना चाह रहे थे कि तू शादी कर ले। शाह रुख़ आगे कहते हैं- मैं जब घर जाता हूं तो मुझे ख़ुशी होती है। सलमान ने कहा कि मेरी बीवी नहीं है तो मुझे और ज़्यादा ख़ुशी होती है। मैं घर जाता हूं तो मेरी लाड़ली मेरी गोद में बैठती है तो इसने कहा कि मैं घर जाता हूं तो बहुत सी लाड़लियां मेरी गोद में बैठती हैं, मुझे और भी ज़्यादा ख़ुशी होती है।

शाह रुख़ और सलमान आगे कहते हैं कि हमारी कोई फाइट नहीं हुई थी। हमारी लड़ाई कुछ अंदाज़ अपना अपना टाइप से हुई थी। कोई बड़ा झगड़ा नहीं हुआ था। हमारे बीच में दोस्ती नहीं, भाईगीरी है।बता दें, शाह रुख़ और सलमान के बीच 2008 में कटरीना कैफ़ की बर्थडे पार्टी में किसी बात पर झगड़ा हुआ था। इसके बाद दोनों ने कई साल तक एक-दूसरे से बात नहीं की थी। कुछ साल बाद एमएलए बाबा सिद्दीक की इफ़्तार पार्टी में सलमान और शाह रुख़ ने गले मिलकर झगड़ा ख़त्म किया। इसके बाद दोनों सुपरस्टार्स एक-दूसरे के साथ नज़र आते रहे हैं। शाह रुख़ ने सलमान की फ़िल्म ट्यूबलाइट में कैमियो किया था, वहीं सलमान ने शाह रुख़ की पिछली फ़िल्म ज़ीरो में कैमियो भी किया था। अब दोनों सलमान की फ़िल्म टाइगर 3 में भी शाह रुख़ के कैमियो करने की ख़बरें हैं।

## शबाना आजमी हुई ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार, महंगी शराब का किया था ऑर्डर



**नई दिल्ली वार्ता।**शबाना आजमी ने गुरुवार को ट्विटर पर ट्वीट कर जानकारी दी है कि एक शराब डिलीवरी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ने उन्हें धोखा दिया हैं। अपने पोस्ट में शबाना आजमी ने दावा किया है कि शराब डिलीवरी करने वाली प्लेटफार्म ने उनसे पैसे ले लिए हैं, साथ ही उन्होंने आर्डर भी कर दिया था। हालांकि उन्होंने अभी तक शराब की डिलीवरी नहीं की हैं।

शबाना आजमी ने ट्वीट कर लिखा है, सावधान! मुझे उन लोगों ने धोखा दिया हैद्य मैंने पैसे दे दिए हैद्य मैंने आर्डर भी दिया था हालांकि अभी तक आइटम की डिलीवरी नहीं हुई हैंद्य साथ ही उन्होंने मेरे फोन उठाने बंद कर दिए हैं। शबाना आजमी ने ट्वीट के साथ ट्रांजैक्शन की जानकारी भी दी हैद्य शबाना आजमी ने यह नहीं बताया कि कितने पैसे की धोखाधड़ी का वह शिकार हुई हैंद्य साथ ही उन्होंने इस बात की भी सूचना नहीं दी कि क्या उन्होंने मामले की शिकायत दर्ज की हैं।

इसके पहले बॉलीवुड के कई कलाकार जिनमें अक्षय खन्ना, नरगिस फाखरी और करण सिंह ग्रोवर शामिल है, वह भी ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार हो चुके हैंद्य शबाना आजमी जल्द दिव्या दत्ता की फिल्म शीर खुरमा में नजर आएंगीद्य शबाना आजमी फिल्म अभिनेत्री हैंद्य उन्होंने कई फिल्मों में काम किया हैद्य उनकी फिल्में काफी पसंद की गई हैद्य शबाना आजमी ने बॉलीवुड के कई कलाकारों के साथ काम किया हैद्य शबाना आज़मी अक्सर अपने फैंस से बातचीत करती हैद्य इसके चलते उनके फैंस भी काफी उत्साहित रहते है। शबाना आजमी अक्सर अपने बयानों के चलते विवादों में रहती हैद्य शबाना आजमी अपने बयानों के चलते सोशल मीडिया पर भी ट्रेंड होती हैं।

### बिग बॉस 15 ~ घर में रहना चाहते हैं अरमान कोहली, फैंस ने सलमान ख़ान से कहा- टीआरपी के रिकॉर्ड टूट जाएंगे



**नई दिल्ली वार्ता।**छोटे पर्दे के सबसे विवादित शोज़ में शामिल बिग बॉस 15 को लेकर चर्चाएं शुरू हो गयी हैं। सलमान ख़ान की मेजबानी वाले शो में संभावित कंटेस्टेंट्स को लेकर ख़बरें आने लगी हैं। ऐसे में बिग बॉस के पूर्व कंटेस्टेंट और एक्टर अरमान कोहली ने सोशल मीडिया के ज़रिए बिग बॉस 15 का हिस्सा बनने की ख़्वाहिश ज़ाहिर की है। अरमान ने इसके लिए अपने फैंस से उनके लिए ट्वीट करने की गुज़ारिश की।अरमान ने अपने ट्वीट में लिखा- मेरे शेर और शेरनियों, अगर आप सब मुझे बिग बॉस के घर में कुछ दिनों के लिए देखना चाहते हैं तो मुझे और सलमान भाई को एक साथ ट्वीट कीजिए और उनसे मुझे शो में लेने के लिए किए। मैं हर ट्वीट को रीट्वीट करके उनसे ऐसा करने के लिए कहूंगा। अरमान के इस ट्वीट के बाद उनके कई फैंस ने ट्वीट किये, जिन्हें अरमान ने रीट्वीट किया। एक ट्वीट के साथ अरमान ने लिखा- सलमान भाई, सिर्फ़ उनके लिए और लोगों के आनंद के लिए, बहुत कम समय के लिए जाऊंगा। लेकिन, अगर आपको ठीक लगे तो।

## Britney Spears के सपोर्ट में आयीं रिया चक्रवर्ती

### अमेरिकन सिंगर की आज़ादी के लिए लिखी यह बात



**नई दिल्ली वार्ता।**इंटरनेशनल मीडिया में इस वक़्त अमेरिकन सिंगर ब्रिटनी स्पियर्स की कंज़र्वेटरशिप का मुद्दा छाया हुआ है। ब्रिटनी इसे ख़त्म करने के लिए क़ानूनी लड़ाई लड़ रही हैं। इसकी गूंज भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में भी सुनाई दे रही है। बॉलीवुड एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने ब्रिटनी के सपोर्ट में पोस्ट की है।

रिया ने गुरुवार को ब्रिटनी का समर्थन करते हुए इंस्टा स्टोरी में लिखा-यूएस वीकली के अनुसार, ब्रिटनी 13 सालों से कंज़र्वेटरशिप में हैं। फरवरी 2008 में उन्हें लीगल गार्जियनशिप में रखा गया था। उन्हें केविन फेडरलीन से तलाक़ के बाद सार्वजनिक रूप से टूट जाने पर गार्जियनशिप में रखा गया था। केविन के साथ ब्रिटनी के दो बेटे प्रेस्टन और जेडन हैं।अदालत के आदेशानुसार, ब्रिटनी के पिता जैमी स्पियर्स को उनकी एस्टेट और दूसरी चीज़ों का नियंत्रण दे दिया गया था। अमेरिका में कंज़र्वेटरशिप उन लोगों को दी जाती है, जो अपने फ़ैसले ख़ुद लेने में सक्षम नहीं होते। बुधवार को ब्रिटनी लॉस एंजेलेस सुपीरियर कोर्ट की जज ब्रेंडा पेनी के समक्ष वर्चुअली उपस्थित हुईं और अपनी आज़ादी की मांग की।

सुनावई के दौरान ब्रिटनी ने बेहद चौंकाने वाले खुलासे किया। उन्होंने आरोप लगाये कि डॉक्टरों ने उनकी दवाइयां बदल दीं और उन्हें आईयूडी यानी गर्भनिरोधक डिवाइस को हटाने की अनुमति नहीं दी थी, जिससे वो चाहकर भी प्रेग्नेंट ना हो सकें। ब्रिटनी फ़िलहाल सैम असग़री के साथ रिलेशनशिप में हैं।

रिया की बात करें तो वो सुशांत सिंह राजपूत डेथ केस में मुख्यारोपी हैं। इससे ड्रग केस में एनसीबी ने रिया को गिरफ़्तार भी किया था। फ़िलहाल वो ज़मानत पर हैं। रिया अमिताभ बच्चन और इमरान हाशमी अभिनीत फ़िल्म चेहरे में नज़र आने वाली हैं।इस फ़िल्म की रिलीज़ लॉकडाउन की वजह से स्थगित हो चुकी है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि रिया को बिग बॉस 15 में भाग लेने के लिए एप्रोच किया गया है।रिया के साथ अंकिता लोखंडे को भी एप्रोच किये जाने की ख़बरें आयीं। अंकिता कई साल पहले सुशांत के साथ रिलेशनशिप में थीं, वहीं रिया सुशांत की डेथ से पहले उनके साथ रह रही थीं।

# बाजार में लौटी तेजी सेंसेक्स 393 अंक और निफ्टी 103 अंक चढ़ा



**मुंबई वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर आईटी और टेक समूह की कंपनियों में हुई लिवाली के बल पर शेयर बाजार गिरावट से उबरते हुए आज तेजी हासिल करने में सफल रहा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 393.92 चढकर 52699 अंक पर पहुंच गया और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 103.50 अंक उठकर 15790.45 अंक पर रहा।

देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की वार्षिक आम सभा में उसके अध्यक्ष मुकेश अंबानी द्वारा कंपनी के मुख्य कारोबार पेट्रो रसायन में को लेकर कोई बड़ी घोषणा नहीं करने के कारण आज उसके शेयरों में सबसे अधिक गिरावट रही जिससे शेयर बाजार की तेजी को कुछ ब्रेक लगा।कारोबार के दौरान बीएसई में शामिल समूह में आईटी 2.92 प्रतिशत, टेक 2.52 प्रतिशत, बैंकिंग 0.76 प्रतिशत और वित्त 0.41 प्रतिशत की बढ़त हासिल करने में सफल रहा। हालांकि इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज में हुई बिकवाली के कारण एनर्जी समूह में सबसे अधिक 2.15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद धातु में 1.75 प्रतिशत, पावर 1.10 प्रतिशत, यूटिलिटी 1.10 प्रतिशत और टेलीकॉम 0.80 प्रतिशत की गिरावट में रहा।

बीएसई में शामिल कंपनियों में से 3350 में कारोबार हुआ जिसमें से 1799 गिरावट में रही जबकि 1410 बढ़त बनाने में कामयाब रही। इस दौरान 141 कंपनियों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वैश्विक स्तर पर लगभग सभी प्रमुख सूचकांक बढ़त में रहे जिसमें ब्रिटेन का एफटीएसई 0.62 प्रतिशत, जर्मनी का डेक्स 0.72 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.23 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.01फीसदी की बढ़त में रहा। इस दौरान जापान का निक्की सपाट बंद होने में सफल रहा।दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली के बल पर सेंसेक्स जहां बढ़त बनाने में सफल रहा वही बीएसई का मिड कैप 0.51 फीसदी टूटकर 22320.39 अंक पर और मिड कैप 0.22 फ़ीसदी उतरकर 24896.86 अंक पर रहा।

बीएसई का सेंसेक्स 208 अंकों की तेजी के साथ 52514.57 अंक पर खुला। शुरुआती कारोबार में ही यह 52350.05 अंक के निचले स्तर तक लूढका। हालांकि इसके बाद लीवाली शुरू हुई जिससे यह 52830.68 अंक के उच्चतम स्तर पर चढ़ा। अंत में यह पिछले दिवस के 52306.08 अंक की तुलना में 0.75 फ़ीसदी अर्थात 393.92 अंक उछलकर 52699 अंक पर रहा।

एनएसई का निफ्टी 51 अंकों की बढ़त के साथ 15707.30 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 15702.70 अंक के निचले और 15821.40 अंक के उच्चतम स्तर के बीच रहा। आखिर में यह पिछले दिवस के 15686.95 अंक की तुलना में 0.66 फीसदी अर्थात 103.50 अंक की बढ़त लेकर 15790.45 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल कंपनियों में से 30 बढ़त में और 19 गिरावट में रही जबकि एक में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज में सबसे अधिक 2.3 5त्न की गिरावट दर्ज की गई। एयरटेल 0.99 प्रतिशत, पावर ग्रिड 0.43 प्रतिशत, स्टेट बैंक 0.43 प्रतिशत, एचडीएफसी 0.42 प्रतिशत, डॉ रेड्डी 0.40 प्रतिशत , आईटीसी 0.34 प्रतिशत, टाइटन 0.12 प्रतिशत, सन फार्मा 0.07 प्रतिशत की गिरावट में रहा।

सेंसेक्स में बढ़त में रहने वाली कंपनियों में इंफोसिस 3.75 प्रतिशत, टीसीएस 3.42 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 2.23 प्रतिशत, एचसीएलटेक 1.85 प्रतिशत, एशियन पेंट्स 1.82 प्रतिशत, एलटी 1.64 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 1.48 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 1.42 प्रतिशत, मारुति 1.30 प्रतिशत, महिंद्रा 1.30 प्रतिशत, टाटा स्टील 1.22 प्रतिशत, नेस्ले इंडिया 1.09 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 0.91 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट 0.80 प्रतिशत, एनटीपीसी 0.68 प्रतिशत, बजाज ऑटो 0.61 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 0.46 प्रतिशत, हिंदुस्तान युनिलीवर 0.42 प्रतिशत, इंडसइंड बैंक 0.23 प्रतिशत, बजाज फिन सर्व 0.13 प्रतिशत और कोटक बैंक 0.07 प्रतिशत शामिल है।

## ओएसपी के लिए दिशानिर्देशों को बनाया और अधिक उदार

**नई दिल्ली वार्ता।** सरकार ने बुधवार को 'अन्य सेवा प्रदाताओं' (ओएसपी) के लिए दिशानिर्देशों को उदार बनाने की घोषणा करते हुए कहा कि यह कदम भारत को वॉयस बीपीओ के लिए एक मजबूत वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। इसके जरिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ओएसपी के बीच का अंतर खत्म कर दिया गया है।प्रधाममंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि साझा दूरसंचार संसाधनों वाले बीपीओ केंद्र अब भारत सहित दुनिया भर में स्थित ग्राहकों की सेवा करने में सक्षम होंगे। दिशानिर्देशों को सरल बनाए जाने से बीपीओ कंपनियों के लिए लागत में कमी आएगी और साधनों का बेहतर उपयोग होगा।संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने आज यहां यह घोषणा करते हुए इसे क्रांतिकारी क्रांतिकारी कदम बताया और कहा कि नई व्यवस्था के तहत घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ओएसपी केंद्रों के बीच अंतर को खत्म करने के साथ ही अब सभी प्रकार के ओएसपी केंद्रों के बीच इंटरकनेक्टिविटी की अनुमति दी गई है।उन्होंने संचार कहा, ''हमने आज ओएसपी दिशानिर्देशों को अत्यधिक उदार बनाया है। यह क्रांतिकारी कदम भारत को बीपीओ के लिए एक वैश्विक गंतव्य बना देगा।'' उन्होंने कहा कि दूरसंचार विभाग ने अन्य सेवा प्रदाताओं (ओएसपी) के लिए दिशानिर्देशों को और अधिक उदार बनाया है। ये संस्थाएं भारत और विदेशों में वॉयस आधारित सेवाएं देने वाले बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ) संगठन हैं। आज जारी दिशानिर्देशों ने नवंबर, 2020 में पहले ही घोषित और लागू किए गए प्रमुख उपायों के अतिरिक्त ओएसपी को दी गई विशेष व्यवस्था को और अधिक उदार बना दिया है।

श्री प्रसाद ने बताया कि भारत का बीपीओ उद्योग विश्व में सबसे बड़ा उद्योग है। आज भारत का आईटी-बीपीएम उद्योग 37.6 अरब डॉलर (2019-20) यानी लगभग 2.8 लाख करोड़ रुपये का है। ये देश के लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर दे रहे हैं। इसके अलावा, इसमें 2025 तक 55.5 अरब डॉलर यानी 3.9 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने के लिए दोहरे अंकों की वृद्धि की संभावना है।

आत्मनिर्भर भारत प्रधानमंत्री की नेतृत्व वाली सरकार की प्रमुख पहल है। इसके तहत इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर की समर्पित योजना को शुरू करना और दूरसंचार उपकरण के लिए समर्पित पीएलआई योजना इस दिशा में उठाए गए कुछ कदम हैं।

## खाद्य तेलों में घटबढ़, चीनी, गुड़ , गेहूं स्थिर



**नई दिल्ली वार्ता।** विदेशों में खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव के बीच दिल्ली थोक जिंस बाजार में गुरुवार को सूरजमुखी तेल में जहां तेजी रही वहीं मूंगफली तेल तथा पॉम ऑयल में नरमी रही। इस दौरान मसूर दाल में तेजी दर्ज की गई जबकि गेहूं, चीनी के साथ ही चावल में टिकाव देखा गया।

तेल-तिलहन ः वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का सितंबर वायदा दो रिंगिट फिसलकर 3,375 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.78 सेंट चढ़कर 54.11 सेंट प्रति पाउंड बोला गया।

स्थानीय बाजार में मांग आने से सूरजमुखी तेल 148 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि मूंगफली तेल 220 रुपए और पॉम ऑयल 74रुपए प्रति क्विंटल उतर गया। सरसों तेल, सोया तेल और वनस्पति के भावों में कोई बदलाव नहीं हुआ।गुड़-चीनी ः मीठे के बाजार में चीनी और गुड़ की कीमत स्थिर रही।

दाल-दलहन ः ग्राहकी आने से मसूर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि मूंग दाल, उड़द दाल, अरहर दाल और चना दाल के भावों में कोई बदलाव नहीं हुआ। चने में भी टिकाव रहा।

अनाज ः गेहूँ और चावल गत दिवस के स्तर पर पड़ा रहा।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे ः-

दाल-दलहनः चना 4,700-4,800, दाल चना 5,800-5,950, मसूर काली 7,100-7,300, मूंग दाल 8,300-8,600, उड़द दाल 9,000-9,300, अरहर दाल 8,500-8,850 रुपये प्रति क्विंटल रही।

अनाज ः (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 1800-1900 रुपये और चावल ः 2400-2500 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ ः चीनी एस 3400-3500, चीनी एम. 3470-3570, मिल डिलीवरी 3240-3340 और गुड़ 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल ः सरसों तेल 17,143 रुपये, मूंगफली तेल 19,193 रुपये, सूरजमुखी तेल 19,341 रुपये, सोया रिफाइंड 15,165 रुपये, पाम ऑयल 12,234 रुपये और वनस्पति तेल 13,479 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

## अब पेपर कार्टून में नहीं पैक होगा डाबर रेड पेस्ट




**नई दिल्ली वार्ता।** आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने अपने टूथपेस्ट ब्रांड डाबर रेड पेस्ट से पेपर कार्टन हटाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। डाबर ने आज रिलायंस रिटेल के साथ मिलकर पेपर कार्टन से मुक्त डाबर रेड टूथपेस्ट के इस ईको-फ्रेंडली पैकेजिंग के पायलट पहल की घोषणा की।

बाहरी कार्टन हटाने से बचने वाले कागज का उपयोग नोटबुक बनाने में किया जाएगा और चाइल्ड राइट्स एंड यू (क्राई) के द्वारा यह कॉपियां जरूरतमंद बच्चों को मिलेंगी।

कंपनी के मार्केटिंग हेड (ओरल केयर) हरकवल सिंह ने कहा, इस प्रयास के साथ ही डाबर रेड पेस्ट ने एक यूनिक कैंपेन गिव अप द कार्टन, गिव मी अ फ्यूचर' भी लॉन्च किया है। क्राई के साथ मिलकर कंपनी पेपर कार्टन हटाने के बाद जो भी कागज बचेगा, उसका उपयोग नोटबुक बनाने में करेगी, जो 1 लाख 20 हजार से ज्यादा जरूरतमंद बच्चों को बांटी जाएंगी। हमें उम्मीद है कि इस प्रयास के तहत हम सालभर में 150 टन कागज बचाने में सफल होंगे और पर्यावरण से कचरा दूर रख पाएंगे।रिलायंस रिटेल के सीईओ-ग्रॉसरी दामोदर माल ने कहा, ''हम डाबर के साथ मिलकर एक स्मार्ट तरीके से काम करते हुए पेपर के उपयोग को कम करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। सुपरमार्केट और सुपर ऐप के जरिए खरीदारी करने वाले ग्राहक जागरूक हैं और ऐसे पर्यावरण हितैषी प्रयासों को सहयोग देने के लिए तत्पर हैं। वे इस प्रयास का स्वागत करें। आज हमारे द्वारा किया जाने वाला छोटा सा प्रयास कल जाकर इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाएगा।''

# जियो का नया स्मार्टफोन - जियोफोन-नेक्स्ट 10 सितंबर से बाजार में




**नई दिल्ली वार्ता।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की 44वीं सालाना आम सभा में अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने आज रिलायंस जियो और गूगल की साझेदारी में बने नए स्मार्टफोन जियोफोन-नेक्स्ट की घोषणा की।नया स्मार्टफोन जियो और गूगल के फीचरों और ऐप से लैस होगा। एंड्रायड बेस्ड इस स्मार्टफोन का ऑपरेटिंग सिस्टम जियो और गूगल ने मिलकर विकसित किया है। श्री अंबानी ने ऐलान किया कि नया स्मार्टफोन आम आदमी की जेब के लिहाज से बनाया गया है। यह बेहद किफायती होगा और 10 सितंबर यानी गणेश चतुर्थी से बाजार में मिलने लगेगा।हलांकि उन्होंने जियोफोन-नेक्स्ट की कीमतों के बारे में खुलासा नही किया है।श्री अंबानी ने इसको दुनिया का सबसे सस्ता स्मार्टफोन बताते हुए कहा की भारतीय बाजार के लिए विशेष तौर पर बनाया गया जियोफोन-नेक्स्ट स्मार्टफोन पर यूजर गूगल प्ले से भी ऐप डाउनलोड कर सकते हैं।

बीते साल ही रिलायंस जियो ने गूगल संग साझेदारी की घोषणा की थी। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने नए स्मार्टफोन के बारे में कहा कि हमारा अगला कदम गूगल और जियो के साथ मिलकर बनाए गए एक नए, किफायती जियो स्मार्टफोन के साथ शुरू होता है। यह भारत के लिए बनाया गया है और यह उन लाखों नए उपयोगकर्ताओं के लिए नई संभावनाएं खोलेगा जो पहली बार इंटरनेट का अनुभव करेंगे। गूगल क्लाउड और जियो के बीच एक नई 5जी साझेदारी एक अरब से अधिक भारतीयों को तेज इंटरनेट से जुड़ने में मदद करेगी तथा भारत के डिजिटलीकरण के अगले चरण की नींव रखेगी।श्री अंबानी ने कहा कि 5जी इको सिस्टम विकसित करने के और 5जी उपकरणों की एक श्रृंखला विकसित करने के लिए हम वैश्विक भागीदारों के साथ काम कर रहे हैं। जियो न सिर्फ भारत को 2जी मुक्त बनाने के लिए काम कर रहा है, बल्कि 5जी युक्त भी कर रहा हैश्री अंबानी ने बताया कि रिलायंस जियो डेटा खपत के मामले में दुनिया के दूसरे नंबर का नेटवर्क बन गया है। रिलायंस जियो के नेटवर्क पर 630 करोड़ जीबी डेटा प्रतिमाह की खपत होती है। पिछले साल के मुकाबले यह 45 फीसदी अधिक है।

## जियो करेगा देश में सबसे पहले 5जी की लॉन्चिंग

**नई दिल्ली वार्ता।** देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की 44 वीं सालाना आम सभा के दौरान उसके अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने आज भरोसा जताया कि देश में 5जी की शुरूआत रिलायंस जियो ही करेगा। रिलायंस जियो ने अत्याधुनिक स्टैंडअलोन 5जी तकनीक को विकसित करने में जबरदस्त बढ़त हासिल की है, जो वायरलेस ब्रॉडबैंड के लिए बड़ी छलांग है।श्री अंबानी ने बताया कि 5जी परीक्षणों के दौरान जियो ने सफलतापूर्वक 1 जीबीपीएस से अधिक की स्पीड पाई है।

हाल ही में 5त्न परीक्षण शुरू करने के लिए आवश्यक स्पेक्ट्रम कंपनियों को जारी किया गया था। जियो दिल्ली, मुंबई समेत कई शहरों में 5जी तकनीक का परीक्षण कर रही है। श्री अंबानी ने बताया कि पूरे देश में फैले डेटा सेंटरों पर 5जी स्टैंडअलोन नेटवर्क को इंस्टाल कर दिया गया है और रिलायंस जियो के मजबूत नेटवर्क आर्किटेक्चर की वजह से 4जी से 5जी में आसानी से अपग्रेडेशन किया जा सकता है।

आत्मनिर्भर भारत का जिक्र करते हुए श्री अंबानी ने कहा एंड-टू-एंड 5जी इकोसिस्टम विकसित करने के लिए हम अपने अग्रणी वैश्विक भागीदारों के साथ 5जी उपकरणों की पूरी श्रृंखला विकसित कर रहे हैं। हेल्थकेयर, शिक्षा, मनोरंजन, रिटेल और अर्थव्यवस्था के लिए जियो बेहतरीन ऐप्लीकेशन विकसित करेगा। इसका उदाहरण है अत्याधुनिक 5जी कनेक्टेड एम्बुलेंस जो सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल के साथ मिलकर रिलायंस जियो विकसित कर रहा है।

जियो भारत को 5जी विकास और निर्यात का एक वैश्विक केंद्र बनाने की कोशिश करेगा। एक बार जब जियो का 5जी सॉल्युशन भारत के स्तर पर सफल हो जाता है, तो उसे दुनिया भर के अन्य देशों में निर्यात की संभावनाएं बनेंगी।

## 2030 तक रिलायंस बनाएगी 100 गीगावॉट सोलर एनर्जीः मुकेश अंबानी

**नई दिल्ली वार्ता।** देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज अपने एनर्जी बिजनेस की शक्ल बदलने जा रहा है।

कंपनी के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने वार्षिक आम सभा को संबोधित करते हुए आज ये घोषणाए की। ग्रीन एनर्जी के लिए रिलायंस ने कई घोषणाएं एक साथ की हैं। इसके लिए रिलायंस, गुजरात के जामनगर में 5 हजार एकड़ में धीरूभाई अंबानी ग्रीन एनर्जी गीगा कॉम्पलेक्स बनाएगा। अगले तीन वर्षों में रिलायंस एंड टू एंड रिन्यूएबल एनर्जी इकोसिस्टम पर 75 हजार करोड़ रुपए का निवेश करेगा।

ग्रीन एनर्जी के मेगा प्लान के तीन हिस्से हैं। पहले हिस्से में चार गीगा फैक्ट्रियां बनाई जाएंगी। जो न्यू एनर्जी इकोसिस्टम के सभी प्रमुख घटकों का निर्माण करेंगी। इनमें से एक सोलर एनर्जी के लिए होगी। जो सोलर मॉड्यूल फोटोवोल्टिक मॉड्यूल बनाएगी। दूसरा एनर्जी के स्टोरेज या कहें भंडारण के लिए कंपनी एक अत्याधुनिक एनर्जी स्टोरेज बैटरी बनाने की फैक्ट्री भी डालेगी। तीसरा, ग्रीन हाइड्रोजन के प्रोडक्शन के लिए एक इलेक्ट्रोलाइजर फैक्ट्री बनाई जाएगी। चौथा हाइड्रोजन को एनर्जी में बदलने के लिए कंपनी एक फ्यूल सेल फैक्ट्री बनाएगी।प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सामने 2030 तक 450 गीगावॉट रिन्यूएबल एनर्जी प्रोड्यूस करने का लक्ष्य रखा था। इसका जिक्र करते हुए श्री अंबानी ने कहा कि रिलायंस 2030 तक 100गीगावॉट सोलर एनर्जी उत्पादन करेगा और इसका एक हिस्सा रूफ-टॉप सोलर और गांवों में सोलर एनर्जी के उत्पादन से आएगा। गांवों में सोलर एनर्जी के प्रोडक्शन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलने की उम्मीद है। रिलायंस का इरादा सोलर मॉड्यूल की कीमत दुनिया में सबसे कम रखने का है, ताकी सोलर एनर्जी को किफायती बनाया जा सके।

## यासिर अल रूमायन रिलायंस निदेशक मंडल में

**नई दिल्ली वार्ता।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के निदेशक मंडल में सऊदी अरामको के अध्यक्ष यासिर अल-रुमायन को शामिल किया गया है।कंपनी की 44वीं वार्षिक आम बैठक में उसके अध्यक्ष मुकेश अम्बानी ने यह घोषणा की। श्री यासिर स्वतंत्र निदेशक के तौर पर कंपनी के निदेशक मंडल में शामिल किए गए हैं।

श्री अंबानी ने कहा, यासिर अल-रुमायन रिलायंस के बोर्ड में शामिल हो गए हैं और इसी के साथ रिलायंस का अंतरराष्ट्रीयकरण शुरू हो गया है।

वर्ष 2019 के सालाना आम बैठक में रिलायंस ने ऐलान किया था कि वह ऑयल-टू-केमिकल बिजनेस में 20 फीसदी हिस्सेदारी सऊदी अरामको को बेचगी। इस सौदे में गुजरात के जामनगर की दो ऑयल रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल संपदा शामिल हैं।

## टिंडर की जेनरेशन जेड सदस्यों से मानसिक सेहत पर ध्यान देने की अपील

**नई दिल्ली वार्ता।** टिंडर इंडिया मुफ्त में मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों की पेशकश कर रहा है, जिसके अंतर्गत विजिट हेल्थ के माध्यम से सदस्यों को थैरेपी सेशन तक पहुंच मिल सकेगी।

कंपनी ने कहा की यह आज से शुरू हो रहा है और पूरी जुलाई तक चलेगा। मौजूदा तथा नये सदस्यों को टिंडर एप्प के जरिये फ्री एक्सेस मिलेगी। इसके तहत उन्हें गाइडेड मेडिटेशंस, फिटनेस वीडियो और कई सारी चीजों सहित विजिट हेल्थ द्वारा खासतौर से तैयार किया गया इमोशनल वेलनेस कंटेंट मिल सकेगा।

टिंडर के आधे से भी ज्यादा सदस्य जेनरेशन जेड (18 से 25 साल के वयस्क) से हैं। इस महामारी की वजह से जो क्षति हुई है, जो बेचैनी और अकेलापन आया है, उससे उनकी जिंदगी के हर पहलू में न्यू नॉर्मल को गति मिली है। इसमें टिंडर पर और अधिक ओपेन होना भी शामिल है। इसने टिंडर के मेंबर्स को इस बात को लेकर अधिक सच्चा और असुरक्षित बना दिया है कि वे कौन हैं, वे कैसे दिखते हैं और वे किस दौर से गुजर रहे हैं। 2020 में महामारी की शुरूआत से लेकर अब तक भारत में टिंडर बायोस में 'ऐंगज़ियश (चिंतित) के साथ 20 प्रतिशत और 'नॉर्मलाइज' के साथ 11 गुना की तेजी दर्शायी है।

## पेट्रोल मुंबई में 104 रुपये, चेन्नई में 99 रुपये के करीब

**नई दिल्ली वार्ता।** पेट्रोल-डीजल के दाम एक दिन के विराम के बाद गुरुवार को फिर बढ़कर नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गये।देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल 26 पैसे तक और डीजल सात पैसे तक महँगा हुआ। इसके साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104 रुपये प्रति लीटर और चेन्नई में 99 रुपये प्रति लीटर के करीब पहुँच गया है।

अग्रणी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 26 पैसे बढ़कर 97.76 रुपये और डीजल की कीमत सात पैसे बढ़कर 88.30 रुपये प्रति लीटर हो गई। दिल्ली में जून में अब तक पेट्रोल का मूल्य 3.53 रुपये और डीजल की कीमत 3.15 रुपये बढ़ चुकी है। इससे पहले मई में पेट्रोल 3.83 रुपये और डीजल 4.42 रुपये महँगा हुआ था।

मुंबई में भी पेट्रोल 26 पैसे और डीजल सात पैसे महँगा हुआ। वहाँ एक लीटर पेट्रोल आज 103.89 रुपये का और एक लीटर डीजल 95.79 रुपये का बिका।

चेन्नई में पेट्रोल 23 पैसे महँगा होकर 98.88 रुपये और डीजल छह पैसे महँगा होकर 92.89 रुपये प्रति लीटर पर पहुँच गया। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत में 25 पैसे और डीजल की कीमत में सात पैसे का इजाफा किया गया। वहाँ पेट्रोल 97.63 रुपये और डीजल 91.15 रुपये प्रति लीटर हो गया।

## रूपया 10 पैसे चढ़ा

**मुंबई वार्ता।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में आई नरमी और घरेलू स्तर पर अमेरिकी मुद्दा की मांग कमजोर पड़ने से आज अंतर बैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 10 पैसे चढ़कर 74.18 रुपए प्रति डॉलर पर रहा।पिछले सत्र में रुक गया 74.28 रुपए प्रति डॉलर पर रहा था।रुपया आज 8 पैसे की मजबूती लेकर 74.20 रुपए प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान यह 74.26 रुपए प्रति डॉलर के निचले और 74.16 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर के बीच रहा।अंत में रुपया 10पैसे की मजबूती लेकर 74.18 रुपए प्रति डॉलर पर रहा।

## स्टेट बैंक ने लॉन्च किया आरोग्यम हेल्थकेयर बिजनेस लोन

**नई दिल्ली वार्ता।** महामारी के बीच देश में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को अधिक सहायता प्रदान करने के लिए, भारतीय स्टेट बैंक ने आरोग्यम हेल्थकेयर बिजनेस लोन लॉन्च किया है।

इस नए प्रोडक्ट के तहत स्वास्थ्य देखभाल में जुटे संपूर्ण सिस्टम जैसे अस्पताल, नर्सिंग होम, डायग्नोस्टिक सेंटर, पैथोलॉजी लैब, निर्माता, आपूर्तिकर्ता, आयातक, लॉजिस्टिक फर्म इत्यादि को 100 करोड़ रुपए (भौगोलिक स्थिति के अनुसार) तक का लोन उपलब्ध कराया जाएगा। इस ऋण को 10 वर्षों में चुकाया जा सकेगा।

आरोग्यम ऋण या तो विस्तार अथवा आधुनिकीकरण के लिए सावधि ऋण के रूप में या नकद ऋण, बैंक गारंटी/साख पत्र जैसी कार्यशील पूंजी सुविधाओं के रूप में हासिल किया जा सकता है। मेट्रो केंद्रों में आरोग्यम के तहत 100 करोड़ रुपए तक, टियर टू और शहरी केंद्रों में 20 करोड़ रुपए तक और टियर 2 से टियर 6 केंद्रों में 10 करोड़ रुपए तक का ऋण लिया जा सकता है।

2 करोड़ रुपए तक का लोन लेने वाली लाभार्थी इकाइयों/उधार लेने वाली कंपनियों को लोन के बदले कोलेटरल या किसी किस्म की सुरक्षा की पेशकश करने की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि यह लोन क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज (सीजीटीएमएसई) गारंटी योजना के तहत कवर किया जाएगा।

इस नए प्रोडक्ट को लॉन्च करते हुए एसबीआई के चेयरमैन श्री दिनेश खारा ने कहा, ''हमारा हेल्थकेयर सिस्टम पिछले एक साल से देश को महामारी के बीच निर्बाध और अभूतपूर्व सहायता प्रदान कर रहा है। कोविड -19 के मद्देनजर उनके योगदान को स्वीकार करते हुए और पहचानते हुए, हमें उनके लिए आरोग्यम हेल्थकेयर बिजनेस लोन लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। हमें विश्वास है कि यह विशेष ऋण उत्पाद मौजूदा सुविधाओं के विस्तार/आधुनिकीकरण और नई सुविधाओं के निर्माण को सक्षम बनाने के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। आरोग्यम हेल्थकेयर बिजनेस लोन के साथ हमारा यह प्रयास पूरे देश में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया एक कदम है।''आरोग्यम हेल्थकेयर बिजनेस लोन, कोविड राहत उपायों के हिस्से के रूप में आरबीआई द्वारा घोषित बैंकों द्वारा बनाई जा रही कोविड लोन बुक के तहत पात्र होगा।

## कीमती धातुओं में घटबढ़

**मुंबई वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कीमती धातुओं में रही तेजी के बावजूद घरेलू बाजार में सोने और चांदी में विपरीत रूख देखा गया। सोना टूट गया जबकि चांदी में तेजी रही।अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाज़िर 0.28 प्रतिशत चढ़कर 1783.70 डॉलर प्रति औंस बोला गया। अमेरिकी सोना वायदा 0.08 प्रतिशत बढकर 1783.80 डॉलर प्रति ओंस पर रहा। इस दौरान चांदी हाजिर 0.81प्रतिशत बढकर 26.07 डॉलर प्रति औंस बोला गया।देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना मीनिंग 7 रुपए टूटकर 47079 प्रति 10 ग्राम पर रहा। इस दौरान सोना मिनी 9 रुपए टूटकर 46930 रुपए प्रति 10 ग्राम बोला गया।

# कोविड-19 टीकों के गैर पारदर्शी आवंटन संबंधी मीडिया रिपोर्ट बेबुनियादः स्वास्थ्य मंत्रालय



**नयी दिल्ली वार्ता।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि राज्यों को कोविड-19 टीकों के गैर-पारदर्शी आवंटन सबंधी मीडिया में जो आरोप लगाए जा रहे हैं वे पूरी तरह से बेबुनियाद हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि यह स्पष्ट किया किया जाता है कि केन्द्र सरकार पारदर्शी तरीके से राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को कोविड-19 के टीके आवंटित करना जारी रखे हुए है। सरकार की ओर से टीके की आपूर्ति, राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में इसकी खपत, राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के पास उपलब्ध बाकी और बिना उपयोग टीके की खुराक के साथ-साथ प्रक्रियारत टीके की आपूर्ति के बारे में जानकारी नियमित रूप से प्रेस विज्ञप्तियों और अन्य माध्यमों से साझा की जाती है।

मंत्रालय के मुताबिक राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण कार्यक्रम वैज्ञानिक और महामारी विज्ञान के साक्ष्य, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दिशानिर्देशों और वैश्विक सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं पर बनाया गया है। व्यवस्थित योजना में अनुबंधित, इस कार्यक्रम को राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और बड़े पैमाने पर लोगों की प्रभावी और कुशल भागीदारी के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है।

कोविड-19 टीके का वितरण राज्य की जनसंख्या, सक्रिय मामलों या बीमारी का बोझ, राज्य की उपयोगिता दक्षता के आधार पर किया जाता है और टीके की बर्बादी से आवंटन नकारात्मक रूप से प्रभावित होता है।

## कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत 30 करोड़ से अधिक टीके प्रदान किए गए

**नयी दिल्ली वार्ता।** भारत में कोविड-19 टीकाकरण अभियान के तहत प्रदान किए जा चुके टीकों की डोज संख्या 30 करोड़ को पार कर गयी है जिसके साथ देश ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली ।एक अस्थायी रिपोर्ट के अनुसार गुरूवार सुबह सात बजे तक 40,45,516 सत्रों में देश में कोविड-19 के टीके की कुल 30,16,26,028 करोड़ खुराक दी जा चुकी है। पिछले 24 घंटे में टीके की 64,89,599 खुराक दी गयीं ।कोविड-19 टीकाकरण को सबके लिए उपलब्ध कराने का नया चरण 21 जून, 2021 को शुरू हुआ। केंद्र सरकार पूरे देश में टीकाकरण की रफ्तार और गुंजाइश बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है ।स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में पिछले 24 घंटे में 54,069 नये मामले दर्ज किए गए हैं। लगातार 17वें दिन देश में कोविड-19 के नये मामलों की संख्या एक लाख से कम दर्ज की गयी। यह केंद्र और राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के सहयोग से किए जा रहे सतत प्रयासों का नतीजा है ।देश में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की भी संख्या लगातार घट रही है।

# आसमान छूती महंगाई ने तोड़ दी आम लोगों की कमरः सोनिया



**नयी दिल्ली वार्ता।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में जारी वृद्धि पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि खाद्य तेल, दालें तथा अन्य ज़रूरी वस्तुओं की आसमान छू रही कीमतों ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है।

श्रीमती गांधी ने गुरुवार को यहां कांग्रेस के प्रभारी महासचिवों और सचिवों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। पेट्रोल और डीजल के दाम बहुत बढ़ गए हैं जिससे खाद्य तेल, दाल तथा जरूरी वस्तुओं की कीमत आम लोगों की पहुंच से बाहर हो गयी है।

उन्होंने कोरोना की दूसरी लहर का जिक्र करते हुए कहा कि यह महामारी असंख्य परिवारों पर कहर बनकर टूटी और इसने पूरे देश को हिला कर रख दिया था। लाखों लोगों को महामारी में जान गंवानी पड़ी और असंख्य परिवारों को इस कहर से अपनों को खोना पड़ा है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अब कोरोना की तीसरी लहर की आशंका जतायी जा रही है। इसमें दूसरी लहर की तरह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति दोबारा नहीं बने, इसलिए आवश्यक कदम उठाए जाने की जरूरत है। उनका कहना था कि कोरोना की लड़ाई में अब तक सरकार की तरफ से जो कमियां सामने आई, उन्हें उजागर करने के लिए कांग्रेस ने श्वेत पत्र तैयार किया है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि सरकार इन सब सुझावों को ध्यान में रखते हुए कदम उठाएगी और संभावित तीसरी लहर की असर को कम किया जा सकेगा।

## जयशंकर जाएंगे यूनान, इटली

**नयी दिल्ली वार्ता।** विदेश मंत्री एस जयशंकर शुक्रवार को यूनान और इटली की यात्रा पर जा रहे हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यहां एक वर्चुअल ब्रीफिंग में बताया कि डॉ. जयशंकर कल यूनान जा रहे हैं। वह 25 एवं 26 जून को यूनान के विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक करने के अलावा कई अन्य कार्यक्रमों में भी शिरकत करेंगे। भारतीय विदेश मंत्री की 18 साल बाद यूनान की यात्रा हो रही है ।श्री बागची ने कहा कि यूनान की यात्रा के बाद डॉ. जयशंकर इटली जाएंगे जहां वह जी-20 की मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेंगे।

## रूस के साथ वार्ता के लिए नया प्रारुप तैयार करे यूरोपीय संघ : मर्केल

**बर्लिन, वार्ता।** जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल ने गुरुवार को कहा कि यूरोपीय संघ को मतभेदों का सुलझाने के लिए रूस और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्ता का नया प्रारुप तैयार करना चाहिए ।सुश्री मर्केल ने संसद में कहा , मेरे दृष्टिकोण से यूरोपीय संघ को रूस और रूसी राष्ट्रपति के साथ सीधे संपर्क की संभावना भी तलाशनी चाहिए। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन की श्री पुतिन के साथ वार्ता का हम स्वागत करते हैं लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। यूरोपीय संघ को संवाद के लिए नया प्रारूप भी बनाना चाहिए, क्योंकि परस्पर मतभेदों को सुलझाने का और कोई बेहतर तरीका नहीं है ।उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ को रूस के साथ सुरक्षा और जलवायु जैसे मुद्दों पर अपना एजेंडा तैयार करना चाहिए।

## कोरोना के खिलाफ लड़ाई में हिस्सा नहीं ले रहे पश्चिमी देश

**मॉस्को, वार्ता।** रूसी विदेश खुफिया सेवा के निदेशक सर्गेई नारिश्किन ने कहा है कि कोविड-19 महामारी के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका समेत अन्य पश्चिमी देश सामान्य रूप से हिस्सा नहीं ले रहे हैं।

श्री नारिश्किन ने अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर मॉस्को सम्मेलन में कहा , मानवतावाद को लेकर शेखी बघारने वालों पश्चिमी देशों के बारे में यह उदाहरण पर्याप्त है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में महामारी की अवधि के लिए प्रतिबंधों में छूट संबंधी रूस के प्रस्ताव पर अड़ंगा लगा दिया गया।

## डोभाल ने रूसी समकक्ष से की महत्वपूर्ण मुलाकात

**दुशान्बे वार्ता।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक की दौरान अपने रूसी समकक्ष के साथ अफगानिस्तान, हिन्द प्रशांत क्षेत्र और आतंकवाद से मुकाबले एवं सुरक्षा में सहयोग के विषयों पर बातचीत की।

सूत्रों के अनुसार श्री डोभाल ने एससीओ की बैठक के इतर रूस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार निकोलई पत्रुशेव से अलग से एक लंबी बैठक की। दोनों नेताओं ने अफगानिस्तान में शांति प्रक्रिया को लेकर जारी प्रयासों पर विचार विमर्श किया। श्री पत्रुशेव की हिन्द प्रशांत क्षेत्र में भारत अमेरिका, जापान एवं आस्ट्रेलिया के चतुष्कोणीय गठजोड़ को लेकर कुछ चिंताओं पर श्री डोभाल ने भारत की स्थिति साफ की।

सूत्रों के अनुसार दक्षिण एशिया में आतंकवाद के खात्मे एवं सुरक्षा संबंधी सहयोग को लेकर श्री डोभाल ने भारत के पक्ष को रखा। दोनों शीर्ष अधिकारियों ने सुरक्षा के परिदृश्य में भारत एवं रूस तथा उनकी सुरक्षा एजेंसियों के बीच सहयोग के बारे में आगे बातचीत करने का फैसला किया। मौजूदा वातावरण में यह बैठक बहुत अहम मानी जा रही है ।श्री डोभाल ने कल यहां एससीओ की बैठक में भाग लिया जिसमें उन्होंने बीते दो दशकों में अफगानिस्तान में हासिल उपलब्धियों को बचाये रखने और लोगों के कल्याण को शीर्ष प्राथमिकता देने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने एससीओ में अफगानिस्तान पर कॉन्टैक्ट ग्रुप को पूर्ण समर्थन व्यक्त किया।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने बैठक में हर प्रकार के आतंकवाद की निंदा करते हुए कहा कि सीमापार आतंकवादी हमला करने वालों को कानून के शिकंजे में लाने, संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों को लागू करने तथा संयुक्त राष्ध्र में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों एवं व्यक्तियों पर तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है। आतंकवादियों द्वारा नयी तकनीक विशेषकर ड्रोन के प्रयोग से अवैध हथियारों की तस्करी तथा डार्क वेब, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचेन एवं सोशल मीडिया के दुरुपयोग की निगरानी एवं इसे रोकने की जरूरत व्यक्त की।

## सुलिवन और कोहावी ने सुरक्षा मुद्दों पर की चर्चा

**वाशिंगटन वार्ता।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने इजरायल के रक्षा प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अवीव कोहावी से मुलाकात कर सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की है।

अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने बुधवार देर रात जारी एक बयान में कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने आज वाशिंगटन में इजरायली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) के जनरल स्टाफ के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अवीव कोहावी के साथ बैठक की। श्री सुलिवन ने इजरायल की सुरक्षा के लिए राष्ट्रपति जो बिडेन के समर्थन और दोनों देशों के बीच रक्षा साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है ।बैठक के दौरान अधिकारियों ने ईरान की कथित दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों सहित पश्चिम एशिया में सुरक्षा और स्थिरता की चुनौतियों पर भी चर्चा की ।बयान में कहा, श्री सुलिवन ने यह सुनिश्चित करने की राष्ट्रपति की प्रतिबद्धता की पुष्टि की कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार नहीं मिले ।श्री सुलिवन और श्री कोहावी ने क्षेत्रीय रणनीतिक चुनौतियों पर द्विपक्षीय विचार विमर्श जारी रखने और इसे आगे बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की।

## अमेरिका ने पांच चीनी कंपनियों को निर्यात प्रतिबंध सूची में जोड़ा

**वाशिंगटन, वार्ता।** अमेरिकी सरकार ने पांच चीनी कंपनियों को निर्यात प्रतिबंध सूची में जोड़ा है जिसके बाद उन्हें अमेरिका से किसी उत्पाद का निर्यात नहीं किया जायेगा ।वाणिज्य विभाग ने बुधवार को जारी एक दस्तावेज में कहा कि 'एंड यूजर रिव्यू कमेटी' ने निर्धारित किया है कि झिंजियांग जीसीएल न्यू एनर्जी मैटेरियल टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड, झिंजियांग दाको न्यू एनर्जी कंपनी लिमिटेड, झिंजियांग ईस्ट होप नॉनफेरस मेटल्स कंपनी लिमिटेड, होशाइन सिलिकॉन इंडस्ट्री (शानशान) कंपनी लिमिटेड और झिंजियांग प्रोडक्शन एंड कंस्ट्रक्शन कॉर्प्स जबरन श्रम को स्वीकार करने या उसका उपयोग करके अमेरिका की विदेश नीति के हितों के विपरीत गतिविधियों में संलग्न हैं ।वाणिज्य, राज्य, रक्षा, ऊर्जा और कोषागार विभागों के प्रतिनिधियों से बनी एंड यूजर रिव्यू कमेटी कंपनियों की सूची में संशोधन के संबंध में सभी निर्णय लेती है। इस सूची में किसी इकाई को जोड़ने के लिए समिति को बहुमत वोट की आवश्यकता होती है और एक को हटाने के लिए सर्वसम्मति से वोट की आवश्यकता होती है ।अमेरिकी सरकार का आरोप है कि पांच चीनी संस्थाओं ने चीन के शिनजियांग क्षेत्र में उइगर, कजाखों और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ मानवाधिकारों का उल्लंघन और दुर्व्यवहार किया है, जिसमें दमन, सामूहिक मनमानी हिरासत, जबरन श्रम और उच्च तकनीक निगरानी अभियान में शामिल होना शामिल है।

प्रतिबंधित की गयी पांच कंपनियों को अतिरिक्त लाइसेंस लेने होंगे और निर्यात, पुन: निर्यात और हस्तांतरण के लिए अधिकांश लाइसेंस अपवादों की सीमित उपलब्धता होगी।

# दिल्ली सरकार 26 जून से 11 जुलाई तक वन महोत्सव का आयोजन करेगीः गोपाल राय



**नयी दिल्ली वार्ता।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश सरकार 26 जून से 11 जुलाई तक 'वन महोत्सव' का आयोजन करेगी जिसमें इस साल राजधानी में 33 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है ।श्री राय ने आज यहाँ कहा कि मेगा वृक्षारोपण अभियान में दिल्ली के सभी कैबिनेट मंत्री, दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष, सभी विधायक, गैर सरकारी संगठन और आरडब्ल्यूए भाग लेंगे। शनिवार यानी 27 जून को सभी 70 विधानसभाओं में विधायक, 28 जून को उपमुख्यमंत्री, 30 जून को स्वास्थ्य मंत्री, 02 जुलाई को विधानसभा अध्यक्ष, 05 जुलाई को परिवहन मंत्री, 07 जुलाई को खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री और 09 जुलाई को समाज कल्याण मंत्री पौधारोपण करेंगे। दिल्ली सरकार ने इस साल पूरी दिल्ली में 33 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। कोई भी व्यक्ति दिल्ली सरकार की 14 नर्सरी से मुफ्त पौधे ले सकता है।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री ने कहा कि सरकार 26 जून से 11 जुलाई तक 'वन महोत्सव' आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस मेगा प्लांटेशन अभियान में दिल्ली के सभी कैबिनेट मंत्री, दिल्ली विधानसभा के स्पीकर, विधायक, गैर सरकारी संगठन और आरडब्ल्यूए आदि शामिल होंगे। साथ ही, दिल्ली के लोगों को भी इस अभियान से जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस पूरे साल में वृक्षारोपण अभियान के तहत 33 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। विश्व पर्यावरण दिवस पर दिल्ली सरकार ने औषधीय पौधे लगाने का अभियान शुरू किया है। दिल्ली सरकार की राजधानी में 14 नर्सरी हैं। दिल्ली का कोई भी व्यक्ति सरकार की नर्सरी में जा सकता है और मुफ्त में औषधीय पौधे प्राप्त कर सकता है। दिल्ली सरकार की नर्सरी में जो औषधीय पौधे उपलब्ध हैं, उसमें आंवला, अमरूद, अर्जुन, जामुन, नीम, तुलसी, गिलोय , एलोवेरा, कढ़ी पत्ता इत्यादि शामिल हैं।

इस 'वन महोत्सव अभियान' की शुरूआत 26 जून को यमुना बैंक के किनारे गढ़ी मांडू से की जाएगी। पौधारोपण के इस वृहद अभियान की शुरूआत पर्यावरण मंत्री राय करेंगे। इसके बाद 27 जून को दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके बाद 28 जून को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया इस अभियान में सिरकत करेंगे। उपमुख्यमंत्री यमुना बैंक के किनारे एनएच-24, पीडब्ल्यूडी ऑफिस के पास पौधारोपण करेंगे, 30 जून को स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन पूंठ कलां नर्सरी, नांगलोई में वृक्षारोपण की अगुआई करेंगे। दो जुलाई को दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल गढ़ी मांडू में इसकी अगुआई करेंगे। पांच जुलाई को दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत रजोकरी में वृक्षारोपण की अगुआई करेंगे। सात जुलाई को खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन यमुना बैंक के किनारे एनएच-24, पीडब्ल्यूडी ऑफिस के पास वृक्षारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। इसी तरह 09 जुलाई को समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम गढ़ी मांडू में इसकी अगुआई करेंगे और अभियान का समापन 11 जुलाई को होगा। इसके अलावा दिल्ली के अलग-अलग जगहों पर विभिन्न विभागों द्वारा वृक्षारोपण अभियान को चलाया जाएगा।

## पुलिस अधिकारियों के बीच मारपीट पर जयराम ने मांगी रिपोर्ट

**कुल्लू, वार्ता।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के कुल्लू दौरे के दौरान भुंतर हवाईअड्डे के बाहर पुलिस अधिकारियों के बीच हुई हाथापाई की घटना की तीन दिन में रिपोर्ट मांगी है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के संकेत दिये हैं।

श्री ठाकुर ने यहां पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी देते हुये बताया कि कहा कि घटना की जांच कर रहे मंडी सैंट्रल रेंज के उप महानिरीक्षक मधू सूदन से तीन दिन में रिपोर्ट देने को कहा गया है ताकि समुचित कार्रवाई की जा सके ।वहीं, मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू बुधवार शाम ही यहां पहुंच गए हैं। बताया जाता है कि श्री गडकरी के काफिले में अतिरिक्त वाहन शामिल करने को लेकर पुलिस अधिकारियों में विवाद हो गया।

उधर, शिमला ग्रामीण के विधायक तथा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह ने पुलिस अधिकारियों के बीच हुई हाथापाई घटना को अति गम्भीर मामला बताते हुए इसे अतिविशिष्ट व्यक्ति की सुरक्षा में भारी चूक करार दिया है।

# प्रधानमंत्री के साथ बैठक में आमंत्रित न किये जाने पर कश्मीरी पंडितों ने जताया असंतोष

**नयी दिल्ली वार्ता।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के लिए भावी रणनीतियों के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राज्य के प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक में आमंत्रित नहीं किये जाने पर प्रवासी कश्मीरी पंडितों के संगठन पनून कश्मीर ने असंतोष जताया है।

सूत्रों के मुताबिक पनून कश्मीर के संयोजक डॉ अग्निशेखर ने प्रधानमंत्री को लिखे खुले पत्र में कहा , पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन(संप्रग) सरकार ने तीन दौर की बैठक में हमें आमंत्रित किया था , भले ही नतीजा जो भी रहा। इतना ही नहीं , बल्कि पनून कश्मीर के संयोजक के रूप में मैं तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में पांच बार अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ उनसे मिला था।

पांच अगस्त-2019 को जम्मू - कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा हटा लिये जाने और इसे दो केंद्रशासित प्रदेश के रूप में विभाजित किये जाने के बाद प्रधानमंत्री के साथ वहां की मुख्यधारा के राजनीतिक दलों के साथ यह अपनी तरह की पहली बैठक है।

गत 19 जून को केंद्र ने जम्मू कश्मीर के चार पूर्व मुख्यमंत्रियों फारुक अब्दुल्ला , उमर अब्दुल्ला, गुलाम नबी आजाद और महबूबा मुफ्ती के साथ ही चार उपमुख्यमंत्रियों मुजफ्फर हुसैन बेग , तारा चंद , निर्मल सिंह और कविन्दर गुप्ता को बैठक में शामिल होने के लिए औपचारिक आमंत्रण भेजा था। इनके अलावा छह राजनीतिक दलों के नेताओं मोहम्म्द युसुफ तरिगामी(मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी) , सज्जाद गनी लोन (पीपुल्स कांफ्रेंस) , मोहम्मद अल्ताफ बुखारी(अपनी पार्टी), प्रो. भीम सिंह (पैंथर्स पार्टी) रवीन्दर राणा (भारतीय जनता पार्टी) और जी एक मीर (कांग्रेस) को भी आमंत्रित किया गया है।

इस बीच पांच राजनीतिक दलों के एक समूह - पीपुल्स अलायंस फॉर गुप्कर डिक्लेरेशन के अध्यक्ष डॉ. अब्दुल्ला ने कहा है कि गठबंधन के नेता यह जानने के लिए बैठक में शामिल होंगे कि केंद्र का क्या रूख है, हालांकि बैठक के लिए कोई औपचारिक एजेंडा घोषित नहीं किया गया है। जम्मू-कश्मीर के नेताओं ने संकेत दिया है कि वे राजनीतिक बंदियों की रिहाई के अलावा अनुच्छेद 370 और पूर्ण राज्य की बहाली के लिए दबाव डालेंगे।

# खेती के विकास और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक पहलः तोमर



**नयी दिल्ली वार्ता।** कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरुवार को कहा कि सरकार ने खेती-किसानी के विकास तथा निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ मौजूदा उद्यमों को एक समृद्ध वातावरण प्रदान करने के लिए देश की खाद्य और बागवानी क्षमता का उपयोग करने हेतु अनेक पहल की हैं।

श्री तोमर ने आज उद्योग परिसंघ सीआईआई के उत्तरी क्षेत्र खाद्य प्रसंस्करण शिखर सम्मेलन के तीसरे संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है और इस संबंध में आत्मनिर्भर भारत अभियान के एक भाग के रूप में, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए नई लिंक्ड प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। इस पर लगभग 11 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

कृषि मंत्री ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने असंगठित क्षेत्र में मौजूदा व्यक्तिगत सूक्ष्म उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के उद्देश्य से आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों (पीएमएफएमई) योजना का औपचारिककरण शुरू किया है। इस योजना में कृषि-खाद्य प्रसंस्करण में लगे सहायक समूहों जैसे कि किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) और उत्पादक सहकारी समितियों पर उनकी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला पर विशेष ध्यान दिया गया है।


उन्होंने कहा कि सीआईआई एक प्रमुख उद्योग संगठन है, जो देश को विकास पथ पर आगे ले जाने में सहयोग कर रहा है। उन्होंने सरकारी पहल का लाभ सभी किसानों तक पहुंचाने के लिए सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय इन पहलों पर योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहा है। उन्होंने सीआईआई से देश में उपलब्ध खाद्यान्न एवं बागवानी के संसाधनों पर उनके प्रसंस्करण के साथ तुलनात्मक अध्ययन करने का अनुरोध किया, जिससे सरकार अंतराल भरने के लिए एक रणनीति तैयार कर सके।

इस अवसर पर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मनोज जोशी ने प्रसंस्कृत खाद्य के फोर्टीफिकेशन और बदलती उपभोक्ता प्राथमिकताओं को पूरा करने के क्षेत्र में सरकार और उद्योग द्वारा संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

पेप्सिको इंडिया के अध्यक्ष अहमद ईएल शेख ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एक आर्थिक गुणक है और पेप्सिको भारतीय कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास में योगदान देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

श्री सुरेश नारायणन सीआईआई राष्ट्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग समिति के अध्यक्ष और सीएमडी, नेस्ले इंडिया लिमिटेड ने इस बात पर जोर दिया कि हमें ऐसे समय में खाद्य श्रेणियों में पोषण व स्वच्छता के पहलुओं पर फिर से विचार करना चाहिए, जब प्रौद्योगिकी और उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच इंटरफेस का समावेश हो।

# भारत अफगानिस्तान में विभिन्न पक्षकारों के संपर्क में



**नयी दिल्ली वार्ता।** भारत ने आज माना कि वह अफगानिस्तान के विकास एवं पुनर्निर्माण के दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के परिप्रेक्ष्य में तालिबान समेत विभिन्न पक्षकारों के संपर्क में है ।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यहां एक वर्चुअल ब्रीफिंग में तालिबान से संपर्क कायम करने के बारे में एक सवाल के जवाब में कहा कि अफगानिस्तान के परिप्रेक्ष्य में भारत के विचार कई बार विस्तार से रखे जा चुके हैं। अफगानिस्तान के विकास एवं पुनर्निर्माण की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता होने के नाते भारत सभी प्रकार की शांति पहलों का समर्थन करता है ।श्री बागची ने इस संदर्भ में हम विभिन्न पक्षकारों के संपर्क में हैं जिनमें क्षेत्रीय देश भी शामिल हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बहस के दौरान अफगानिस्तान में हिंसा बढ़ने पर चिंता व्यक्त की थी और भारत के विज़न को रेखांकित किया था ।पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी के हाल के बयान के बारे में पूछे जाने पर प्रवक्ता ने कहा कि भारत ने अफगानिस्तान में विद्युत परियोजनाओं, बांधों, स्कूलों, स्वास्थ्य सुविधाओं और सामुदायिक योजनाओं का निर्माण किया है जबकि सारी दुनिया जानती है कि पाकिस्तान अफगानिस्तान को क्या देता है ।अफगानिस्तान में हेरात एवं जलालाबाद में वाणिज्य दूतावास बंद किये जाने की रिपोर्टों के बारे में पूछे जाने पर प्रवक्ता ने कहा कि उनके विचार में हाल में इस बारे में कुछ नहीं हुआ है।

# कोविड संबंधी प्रतिबंधों के कारण मेट्रो स्टेशनों के बाहर यात्रियों की लंबी कतारें: दिल्ली मेट्रो



**नयी दिल्ली वार्ता।** राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मेट्रो स्टेशनों के बाहर यात्रियों की लंबी कतारों को लेकर दिल्ली मेट्रो रेल निगम(डीएमआरसी) ने स्पष्टीकरण दिया है कि यह कोविड महामारी को लेकर जारी दिशानिर्देशों , यात्रियों की जांच तथा सिर्फ बैठ कर ही सफर करने की अनुमति की वजह से हो रहा है ।डीएमआरसी ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि इस समय दिल्ली मेट्रो की यात्री वहन क्षमता कोविड संबंधी दिशानिर्देशों के कारण 10 से 15 प्रतिशत ही रह गई है और किसी भी यात्री को खड़े होकर यात्रा करने की अनुमति नहीं है तथा यात्रियों को दो सीटों के बीच फासला छोड़ना भी अनिवार्य है ।मेट्रो स्टेशनों के बाहर यात्रियों की भारी भीड़ का एक बड़ा कारण यह भी है कि अधिकतर मेट्रो स्टेशनों के एक एक प्रवेश द्वार को ही खोला गया है जिससे यात्रियों की थर्मल जांच , उनके सामान की जांच और कोविड संबंधी सैनेटाइजेशन की वजह से समय लग रहा है ।डीएमआरसी प्रतिदिन 5100 ट्रेन ट्रिप्स को पूरा कर रहा है और इनका अंतराल ढाई मिनट से लेकर पांच मिनट का है और यह समय कोविड से पूर्व भी था। इस समय मेट्रो अपनी पूरी क्षमता के साथ चलाई जा रही है लेकिन कोरोना के चलते प्रतिबंधों की वजह से यात्रियों को सिर्फ बैठने की ही अनुमति है।

सिन्धु टाइम्स (हिन्दी दैनिक), स्वामी, प्रकाशक / मुद्रक-उरूषा इमरान द्वारा विश्नू ऑफसेट,वैसी की मस्जिद,भानमती चौराहा हुसैनगंज,लखनऊ से मुद्रित कराकर 126/21/1, राना होटल, इस्लामिया कालेज के सामने, लालबाग लखनऊ (उ.प्र.)- 226001 से प्रकाशित।

*संपादक - इमरान हसन सिद्दीकी, RNI NO. UPHIN/39063, MOB.- 9935403111, प्रबंध संपादक- एस.वी.सिंह उजागर, मो- 9451988443, E-Mail : sindhutimes99@gmail.com फोन -0522-4029211 (नोट- किसी भी वाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)